वर्ष : 16 अंक : 328 लखनऊ गुरुवार, 5 दिसंबर 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

**मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 6:41 |
| सूर्यास्त | : | 5:13 |
| अधिकतम | : | 26:00° |
| न्यूनतम | : | 10:00° |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड



राज कपूर की पोती से लोग ऐसी उम्मीद कैसे कर सकते हैं : करीना 10

नया भारत तय करता है दुनिया की दिशा: योगी 2 | आधुनिक विकास व गंगा के अस्तित्व ... 6 | उपराष्ट्रपति ने विपक्ष व मंत्री को आड़े... 12

## एक नजर



### मुर्मु ने की पूजा

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा के अपने पांच दिवसीय दौरे के दूसरे दिन बुधवार को पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किये। श्रीमती मुर्मु ने पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन किये और पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान जगन्नाथ से सभी की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### प्रक्षेपण स्थगित

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3 मिशन के अंतरिक्ष यान में विसंगति का पता चलने के बाद इसका प्रक्षेपण को बुधवार को एक दिन (कल तक) के लिए टाल दिया। इसरो ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया कि प्रक्षेपण अब गुरुवार को शाम चार बजकर 12 मिनट पर होगा। पहले प्रक्षेपण आज शाम चार बजकर आठ मिनट पर निर्धारित किया गया था।

### विस्फोट की जांच

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास सैन्य प्रतिष्ठान के समीप हुए एक रहस्यमय विस्फोट के बाद सेना ने बुधवार को बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सुरनकोट इलाके में नियंत्रण रेखा पर सेना शिविर के समीप मंगलवार रात एक विस्फोट हुआ। सूत्रों ने कहा कि विस्फोट में किसी के घायल या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### अमित शाह जाएंगे छत्तीसगढ़

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक श्री शाह 13 दिसंबर से तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। श्री शाह छत्तीसगढ़ ओलंपिक के समापन में शामिल होंगे।

# महाराष्ट्र की कमान फडणवीस को, शपथ आज

## भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सरकार बनाने का पेश किया दावा

● शिंदे-पवार संग गवर्नर को सौंपा पत्र ● शपथ ग्रहण आजाद मैदान में 5 :30 बजे ● शपथ समारोह में पीएम भी रहेंगे मौजूद

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र शासन की बागडोर एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र सरिता गंगाधरराव फडणवीस के हाथ में सौंपने की तैयारी पूरी हो चुकी है। शपथ ग्रहण समारोह यहां ऐतिहासिक आजाद मैदान में होगा। राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन श्री फडणवीस को गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। श्री फडणवीस का यह मुख्यमंत्री पद के लिए तीसरा शपथ-ग्रहण होगा, लेकिन यह उनकी वास्तविक अर्थों में पूर्ण बहुमत वाली दूसरी सरकार होगी। वह पहली बार 2014-19 तक मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उन्हें आनन-फानन में मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई थी, पर विधानसभा सदस्यों का पर्याप्त समर्थन न होने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था।

श्री फडणवीस ने बुधवार को महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद महायुति गठबंधन के घटक दलों के नेताओं के साथ यहां राजभवन में राज्यपाल को समर्थन की चिट्ठी दी और नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया। श्री फडणवीस के साथ राज्यपाल से मिलने गये नेताओं में शिवसेना के नेता एवं निर्वतमान सीएम एकनाथ शिंदे और महायुति गठबंधन के तीसरे बड़े भागीदार एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार तथा केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल थे। इससे पहले श्री फडणवीस को भाजपा के केन्द्रीय पर्यवेक्षक सीतारमण और रूपाणी की निगरानी में पार्टी विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया। उसके बाद महायुति गठबंधन के सदस्यों और नेताओं की एक अलग से बैठक हुई और वहां से गठबंधन के वरिष्ठ नेता श्री फडणवीस के साथ नयी सरकार के गठन का दावा करने के लिए राजभवन पहुंचे। श्री फडनवीस ने राज्यपाल को सहयोगी दलों नेताओं के समर्थन की चिट्ठी सौंपी।

श्री राधाकृष्णन ने श्री फडणवीस को गुरुवार शाम पांच बजे शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में आयोजित किया जाएगा। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार वाले मुख्यमत्रियों और वरिष्ठ नेताओं के भी शामिल होने की संभावना है। राज्यपाल से मिलने के बाद श्री फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा कि महायुति ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। उन्होंने शिवसेना नेता शिंदे का आभार व्यक्त किया और कहा, "उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए मेरे नाम का समर्थन किया है। राकांपा नेता अजित पवार ने भी मेरे नाम की सिफारिश की। कल शाम 5.30 बजे आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा।" उन्होंने पार्टी की ओर से फिर नेतृत्व का अवसर मिलने के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ निभाने वाले रामदास अठावले, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं।" उपमुख्यमंत्री की शपथ पर पूछे गए एक सवाल पर श्री पवार ने विनोदपूर्ण लहजे में कहा, "कोई ले रहा है या नहीं, ये अलग बात है। इन लोगों का शाम तक तय होगा, पर मैं तो कल शपथ ले रहा हूं, यह तय है।"



### सीएम, डिप्टी सीएम की बात पर बोले देवेंद्र- यह सिर्फ तकनीकी बातें

श्री फडणवीस ने सीएम, डिप्टी सीएम की बात पर कहा, "यह सिर्फ तकनीकी बातें हैं। पिछले ढाई साल में हमने साथ मिलकर काम किया है। आगे भी हम सब मिलकर अच्छी सरकार देने का प्रयास करेंगे।" उन्होंने कहा कि महायुति सरकार जनता से किए गए वायदों तथा राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प पूरा करेगी।

### फडणवीस ने शपथ से पहले ही शुरू की नई परंपरा

भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस गुरुवार को महाराष्ट्र के सीएम पद की शपथ लेंगे। उन्हें आज विधानसभा में हुई भाजपा विधायक दल की मीटिंग में नेता चुन लिया गया। इस दौरान मंच से उनका जो नाम बुलाया गया, उसकी हर ओर चर्चा हो रही है। उनके नाम का प्रस्ताव रखते हुए चंद्रकांत पाटिल और सुधीर मुनगंटीवार ने उन्हें 'देवेंद्र सरिता गंगाधरराव फडणवीस' के नाम से संबोधित किया। उनकी मां का नाम सरिता है जो पहली बार उनके संबोधन में लिखित या फिर मौखिक तौर पर इस्तेमाल किया गया है। माना जा रहा है कि उन्होंने महिलाओं के सम्मान और उनके सशक्तीकरण को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया है। शपथ समारोह के लिए जो आमंत्रण पत्र भेजा गया है, उसमें भी देवेंद्र फडणवीस के साथ मां सरिता का नाम लिखा गया है। अब तक देवेंद्र फडणवीस अपने नाम के साथ पिता गंगाधरराव का नाम लिखते रहे हैं। इसी चुनाव के शपथ पत्र में उन्होंने अपना नाम देवेंद्र गंगाधर राव फडणवीस लिखा था।

### बादल को गोली मारने का प्रयास, बाल-बाल बचे



**चंडीगढ़/ अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल बुधवार सुबह बाल-बाल बच गये, जब एक पूर्व उग्रवादी ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर द्वार पर उन्हें गोली मारने का प्रयास किया।

पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री श्री बादल दो दिन पूर्व अकाल तख्त द्वारा सुनायी गयी धार्मिक सज़ा भुगतते हुये सेवादार के रूप में स्वर्ण मंदिर द्वार पर तैनात थे। अचानक आरोपी ने उन्हें गोली मारने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी की शिनाख्त पूर्व उग्रवादी नारायण सिंह चौरा के रूप में की गयी है। पुलिस के अनुसार घटना की गहन जांच की जा रही है। वारदात की खबर फैलते ही जत्थेदारों, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, विपक्षी दलों भाजपा, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल नेताओं की प्रतिक्रियायें सामने आईं जिन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुये कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाये। इनमें जत्थेदार रघबीर सिंह, हरप्रीत सिंह, एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिन्दर सिंह धामी आदि शामिल थे।

## इजरायली स्टाइल में भारत भी कर सकेगा एयर स्ट्राइक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना अपनी ताकत को लगातार नई धार देती जा रही है। इसी कड़ी में इमरजेंसी प्रोक्योरमेंट के तहत जिस सुसाइड ड्रोन की खरीदारी हुई थी, अब उसे आधिकारिक तौर पर सेना में शामिल करने की तैयारी है। इसे नागास्त्र-1 के नाम से जाना जाता है जो दुश्मन के बंकर, चौकी और हथियार डिपो को एक झटके में खत्म कर सकता है। इस तरह भारत भी अब इजरायल की स्टाइल में एयर स्ट्राइक करने में सक्षम होगा। नागास्त्र-1 को इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव कंपनी की ओर तैयार किया गया है, जो नागपुर में स्थित है।

सेना की ओर से नागास्त्र-1 का परीक्षण किया जा चुका है। चीन से लगती सीमा के पास लद्दाख की नुब्रा घाटी में इसे अंजाम दिया गया था। रक्षा एक्सपर्ट मानते हैं कि सुसाइड ड्रोन के आ जाने से भविष्य में सर्जिकल स्ट्राइक के लिए फाइटर जेट की जरूरत नहीं होगी। ये ड्रोन अपने आप में इतने सक्षम हैं कि दुश्मन के घर में चुपके से घुसकर हमला कर सकते हैं। फिलहाल यह सुसाइड ड्रोन 2 तरह के वैरिएंट्स में मौजूद है।



» सैन्य बेड़े में शामिल होने जा रहा नागास्त्र-1

### छत्तीसगढ़ व तेलंगाना में भूकंप के तीव्र झटके

**बस्तर/हैदराबाद।** छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में बुधवार की सुबह भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पहली बार आज भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.3 मापी गयी। इस घटना में अभी तक कहीं से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं हैं।

ये झटके आज दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा, सुकमा व बीजापुर जिले में महसूस किए गए। दहशत में बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहली बार है जब दक्षिण बस्तर में भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। ऐसे में यहां लोगों में दहशत का माहौल है। पहले तो लोग समझ नही पाए लेकिन बाद में जब समझ आया कि भूकंप आया है तो लोग दहशत में आ गए और अपने घरों से बाहर निकल गए।

## संभल जाने से रोके गये राहुल गांधी व प्रियंका

### नेता विपक्ष बोले- अपनी नाकामी को छिपाना चाहती है उत्तर प्रदेश की सरकार

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

लखनऊ। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व प्रियंका गांधी बुधवार को दिल्ली से संभल जाने के लिये निकले, मगर उनके काफिले को गाजियाबाद में गाजीपुर बार्डर पर सुरक्षा बलों ने कानून व्यवस्था का हवाला देते हुये आगे नहीं जाने दिया।

गाजीपुर बार्डर पर श्री गांधी की पुलिस के आला अधिकारियों से नोकझोंक भी हुयी। अधिकारी उन्हें संभल जिला प्रशासन की चिट्ठी दिखा रहे थे जिसमें लिखा था कि संभल के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं, इसलिये दस दिसंबर तक जिले में प्रवेश की अनुमति नहीं है। इस पर श्री गांधी ने सुरक्षा बलों से कहा कि संभल हिंसा में मारे गये मृतकों के परिजनो से मिलना उनका संवैधानिक अधिकार है और वह इस काज के लिये अकेले भी जाने को तैयार हैं, मगर पुलिस अधिकारियों ने उन्हें आगे बढ़ने नहीं दिया जिसके बाद श्री गांधी और उनका काफिला दिल्ली लौट गया। बाद में श्री गांधी ने एक्स पर लिखा, पुलिस ने हमें संभल जाने से रोक दिया। विपक्ष के नेता होने के नाते यह मेरा अधिकार और कर्तव्य है कि मैं वहां जाऊं। फिर भी मुझे रोका गया। मैं अकेला जाने को भी तैयार हूं, लेकिन वे इसके लिए भी नहीं माने।



बुधवार को संभल के लिए निकले राहुल व प्रियंका को पुलिस ने गाजीपुर में रोक दिया।

### राहुल को संभल नहीं जाने देना असंवैधानिक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को संभल जाने से रोकने को असंवैधनिक करार देते हुए कहा है कि यह भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाजनकारी एजेंडा का हिस्सा है इसलिए श्री गांधी को संभल जाने से रोका गया है। श्री खरगे ने कहा कि भाजपा तथा आरएसएस देश में नफरत फैलाकर सामाजिक सौहार्द को बिगड़ने के एजेंडे पर काम कर रहे हैं, इसलिए पीड़ितों के आंसू पोंछने संभल जाने से श्री गांधी को रोका गया है।

## असम सरकार ने गोमांस पर लगाया बैन

### सार्वजनिक कार्यक्रम, रेस्टारेंट व होटल में परोसा नहीं जाएगा

**एजेंसी**

**गुआहाटी।** असम सरकार ने गोमांस (बीफ) पर बैन लगा दिया है। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। सीएम ने बताया कि यह फैसला मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। अब राज्य के होटलों, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर परोसा नहीं जा सकेगा। इसकी घोषणा करते हुए जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा- कांग्रेस इस फैसले का स्वागत करे या पाकिस्तान जाए।

दरअसल, सामगुरी सीट पर उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान हुआ था। 23 नवंबर को रिजल्ट आने के बाद कांग्रेस की हार पर सांसद रकीबुल हुसैन ने भाजपा पर बीफ बांटने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को बीजेपी की बैठक के बाद मीडिया से कहा था- वे राज्य में गोमांस पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं, बशर्ते कांग्रेस इसे लिखित में दें। सरमा ने कहा था, मैं जानना चाहता हूं कि क्या कांग्रेस मतदाताओं को गोमांस देकर सामगुरी जीत रही थी। वह सामगुरी को अच्छी तरह से जानते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि गोमांस देकर सामगुरी जीती जा सकती है। इस साल धुबरी लोकसभा सीट से 10.12 लाख से अधिक मतों के रिकॉर्ड अंतर से जीतकर हुसैन सांसद बने है। इससे पहले वे लगातार पांच बार सामगुरी से विधायक रहे थे।



सरमा ने कहा, मैं रकीबुल हुसैन से कहना चाहता हूं कि गोमांस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद कहा है कि ये गलत है। उन्हें मुझे केवल लिखित में देने की जरूरत है। भाजपा और कांग्रेस को गोमांस के बारे में नहीं बोलना चाहिए। भाजपा, एजीपी, सीपीएम कोई भी ऑफर नहीं कर पाएगा और हिंदू, मुस्लिम और ईसाई सभी को गोमांस खाना बंद कर देना चाहिए।

असम में गोमांस का सेवन गैरकानूनी नहीं है, लेकिन असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 उन क्षेत्रों में मवेशी वध और गोमांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाता है जहां हिंदू, जैन और सिख बहुसंख्यक हैं और किसी मंदिर या सत्र (वैष्णव मठ) के पांच किलोमीटर के दायरे में हैं।

## तालिबान की मदद से भारत के खिलाफ जेहाद के मंसूबे

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर 21 साल बाद सार्वजनिक रूप से सामने आया है। मसूद अजहर ने पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद के कैडरों को संबोधित किया है। अपने 66 मिनट के संबोधन के दौरान आतंकी अजहर ने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला है और कश्मीर में भारतीय सेना के खिलाफ जेहाद करने के समर्थन और धन जुटाने पर फोकस किया है। लेकिन मसूद अजहर के संबोधन की खास बात तालिबान को लेकर उसका दिया बयान है जिसकी खूब चर्चा हो रही है।

मसूद अजहर ने अपने भाषण के दौरान तालिबान के साथ अपने करीबी संबंधों पर खूब जोर दिया और इसे अपनी ताकत के रूप में दिखाने की कोशिश की है। मसूद अजहर ने संबोधन में अफगान तालिबान के प्रमुख नेता सिराजुद्दीन हक्कानी के कथित सपने का जिक्र किया और दावा किया कि हक्कानी ने खुद उन्हें इसे बारे में बताया था। इस दौरान उसने लोगों से जिहाद के लिए उसके संगठन में भर्ती होने की अपील की जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने नारे लगाए। विशेषज्ञों का कहना है कि तालिबान से अपने संबंधों का जिक्र मसूद अजहर खुद को पाकिस्तान के चरमपंथी खेमे में खुद को मजबूत करने के लिए कर रहा है।



» आतंकी सरगना मसूद अजहर ने बनाया खतरनाक प्लान

### पूर्व सीबीआई निदेशक विजय शंकर तिवारी का निधन

**बलिया।** जनपद के बेल्थरा रोड तहसील क्षेत्र के चरौवां के रहने वाले व यूपी कैडर के आईपीएस रहे सेवानिवृत सीबीआई निदेशक विजय शंकर तिवारी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। वह करीब 76 वर्ष के थे। वे विशिष्ट एवं सराहनीय सेवा के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हुए थे। यूपी पुलिस और विदेश मंत्रालय के तहत मास्को में भी वे अपनी सेवाएं दे चुके है।

फाइल फोटो



पिछले कुछ दिनों से उनका नोएडा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्होंने यथार्थ हास्पिटल नोएडा में मंगलवार को अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली को सौंप दिया गया।

## राष्ट्रीय सुरक्षा हित को सर्वोपरि रखकर चीन के साथ बढ़ेंगे आगे

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सरकार ने भारत एवं चीन के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अप्रैल 2020 के पूर्व की स्थिति बहाल होने को 'सुधार की दिशा बताते हुए बुधवार को स्पष्ट किया कि दोनों देशों के संबंधों में प्रगति के लिए सीमा क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना एक पूर्व-आवश्यकता है और अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सर्वोपरि रखते हुए ही आगे बढ़ेंगे।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज राज्यसभा में चीन के साथ 21 अक्टूबर को हुए समझौते तथा उसके बाद भारत एवं चीन के द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति को लेकर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा, "मैं सदन को भारत चीन सीमा क्षेत्रों में हाल ही में घटी कुछ घटनाओं और हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर उनके प्रभावों से अवगत कराना चाहता हूँ। सदन को पता है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं जब चीनी कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द भंग हुआ था। हाल की घटनाएं, जो तब से हमारे निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाती हैं, ने हमारे संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में स्थापित किया है।" विदेश मंत्री ने निकट भविष्य में चीन के साथ संबंधों की दिशा में अपनी अपेक्षाएँ साझा करते हुये कहा, हमारे संबंध कई क्षेत्रों में आगे बढ़े हैं, लेकिन हाल की घटनाओं से स्पष्ट रूप से नकारात्मक रूप से प्रभावित हुए हैं।

» विदेश मंत्री जयशंकर ने राज्यसभा में दिया बयान



## मुरादाबाद के जेलर व डिप्टी जेलर निलंबित

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** संभल हिंसा के आरोपियों को जेल में सपा नेताओं से मुलाकात करवाने के मामले में शासन ने मुरादाबाद के जेलर विक्रत यादव और डिप्टी जेलर प्रवीण सिंह को निलंबित कर दिया है। इसी के साथ सीनियर जेल सुपरिटेंडेंट के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है। सीनियर जेल सुपरिटेंडेंट पीपी सिंह ने इस मामले में सफाई दी। कहा कि हमें ऐसे कोई निर्देश नहीं थे कि संभल हिंसा के आरोपियों की मुलाकात नहीं करवाई जानी है।

बीते सोमवार को सपा के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन, ठाकुरद्वारा के सपा विधायक नवाब जान खां और अमरोहा के नौगवां सादात के विधायक चौधरी समरपाल सिंह समेत करीब 15 सपा नेताओं ने जिला जेल में जाकर संभल हिंसा के आरोपियों से मुलाकात की थी। बताया गया है कि इस मुलाकात के लिए जेल मैनुअल के मुताबिक पर्ची जारी नहीं की गयी थी। विधायकों, पूर्व सांसद और सपा नेताओं को ऐसे ही जेल में प्रवेश दे दिया गया। इस मामले में सीनियर जेल सुपरिटेंडेंट ने कहा कि ऐसी परम्परा रही है कि स्थानीय विधायक या सांसद जेल विजिट कर सकते हैं। उन्हें इसके लिए रोका नहीं जाता है। जेल विजिट के दौरान अगर सांसद या विधायक किसी बंद से मिलने की इच्छा जताते हैं तो उन्हें मिलने दिया जाता है। यही परम्परा है।



संभल हिंसा

» आरोपियों की सपा नेताओं से जेल में करवाई थी मुलाकात

**फ्रिकमंदी** ब्रिटिश संसद में जताई गयी चिंता : कंजरवेटिव सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा- हिंदुओं के घर जलाये गए, दुकानों और घरों में तोड़फोड़

# बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया करने की हो रही है कोशिश !

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमले को लेकर ब्रिटिश सांसदों ने चिंता जताई है। खबरों के मुताबिक विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि बांग्लादेश में शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद हिंदुओं का सफाया (एथनिक क्लींजिग) करने की कोशिश हो रही है।

ब्रिटिश संसद में एक बहस के दौरान ब्लैकमैन ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के घर जला दिए गए हैं। उनके दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की जा रही है। पुजारियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। ब्लैकमैन ने कहा कि इस मामले पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी ब्रिटेन की है क्योंकि उन्होंने ही बांग्लादेश को आजाद कराया था। विदेश कार्यालय मंत्री कैथरीन वेस्ट ने कहा कि हम भारत सरकार की चिंता से वाकिफ हैं। वेस्ट ने कहा कि पिछले महीने वह बांग्लादेश गई थीं। इस दौरान यूनुस सरकार ने उन्हें यकीन दिलाया था कि वे अल्पसंख्यकों के हितों की हिफाजत करेंगे।

कंजर्वेटिव सांसद प्रीति पटेल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंसा हो रही है जिसे सरकार रोक नहीं पा रही है। हम इससे बहुत परेशान हैं। हमारी संवेदना बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ है। वहीं, लेबर पार्टी के सांसद बैरी गार्डिनर ने कहा कि ब्रिटिश सरकार बांग्लादेश की स्थिति पर नजर रख रही है। अमेरिका ने भी बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर चिंता जाहिर की है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि सरकार को बोलने की स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का सम्मान करने की जरूरत है। पटेल ने कहा कि अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों को उनकी बात रखने का मौका मिलना चाहिए। उनसे मानवाधिकारों के मुताबिक ही व्यवहार किया जाना चाहिए।



दरअसल, बांग्लादेश में इस्कॉन के एक प्रमुख पूर्व नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को पिछले महीने रंगपुर में हिंदू समुदाय के समर्थन में विरोध प्रदर्शन के बाद ढाका में गिरफ्तार किया गया था। उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया है। 26 नवंबर को ढाका की एक अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद से ही देश में तनाव और ज्यादा बढ़ा हुआ है। बांग्लादेश में हिंदू संगठन सनातनी जागरण जोत ने आरोप लगाया है कि सरकार ने 70 हिंदू वकीलों को गलत तरीके से इस मामले में फंसाया है ताकि वे चिन्मय प्रभु की तरफ से केस में पेश न हो सकें।

जिस दिन चिन्मय कृष्ण प्रभु को पहली बार गिरफ्तार किया गया और अदालत में पेश किया गया, रेगन आचार्य उनके वकील थे। सुनवाई के बाद उनके चैंबर में तोड़फोड़ की गई और उन पर जानलेवा हमला किया गया। कोई वकील चिन्मय कृष्ण दास के लिए कैसे पेश हो सकता है जब उन्हें निशाना बनाया जा रहा हो? चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का असली नाम चंदन कुमार धर है। वे चटगांव इस्कॉन के प्रमुख हैं। बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच 5 अगस्त 2024 को पीएम शेख हसीना ने देश छोड़ दिया था। इसके बाद बड़े पैमाने पर हिंदुओं के साथ हिंसक घटनाएं हुईं। इसके बाद बांग्लादेशी हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए सनातन जागरण मंच का गठन हुआ। चिन्मय प्रभु इसके प्रवक्ता बने।

सनातन जागरण मंच के जरिए चिन्मय ने चटगांव और रंगपुर में कई रैलियों को संबोधित किया। इसमें हजारों लोग शामिल हुए। 25 अक्टूबर को चटगांव के लालदीघी मैदान में सनातन जागरण मंच ने 8 सूत्री मांगों को लेकर एक रैली की थी। इसमें चिन्मय कृष्ण दास ने भाषण दिया था।

एमपी शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ पर बोले मुख्यमंत्री

# नया भारत तय करता है दुनिया की दिशा: योगी

## मानवता के सामने खड़ी चुनौतियों से निपटने के विश्वास का प्रतीक बना भारत

विश्ववार्ता ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के प्रति पूरी दुनिया का विश्वास तेजी से बढ़ा है। एक समय था जब भारत दुनिया के किसी भी गुट में नहीं था। देश के सामने असमंजस की स्थिति थी कि उसकी दिशा क्या होगी, उसे क्या करना है। पर, आज का नया भारत दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा तय करता है। दुनिया का ध्रुवीकरण उधर होता है, जिधर भारत होता है।



सीएम योगी बुधवार को महाराणा प्रताप (एम पी)शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया उसी का अनुसरण करती है जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का माद्दा रखता है। जो स्वयं खड़ा नहीं हो सकता, वह दूसरों को खड़ा होने की प्रेरणा कैसे दे सकता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत को खुद को उसी अनुरूप तैयार किया और परिणाम है कि आज भारत की दिशा के बिना दुनिया की दिशा की कल्पना नहीं की जा सकती है। दुनिया में मानवता के सामने जो चुनौती है, भारत उससे निपटने के विश्वास का प्रतीक बना है। जी-20 का समिट उसका प्रमाण है। आज दुनिया का कोई भी बड़ा आयोजन भारत के बिना नहीं होता है। आज देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। सीएम योगी ने देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं होती है। संस्थाओं और व्यक्तियों को भी इसकी जिम्मेदारी उठानी होती है। अब जिम्मेदारी से बचने का नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझने और खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का समय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए अगले 25 वर्ष का रोडमैप तय किया है, देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मन रहा होगा तब तक देश को विकसित भारत बनाने का। इसमें हर नागरिक, हर संस्था की भूमिका होनी चाहिए कि हमारा देश आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बने और स्वाभिमान के साथ इस विकास यात्रा में हमारा भी योगदान हो। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के दोनों प्रणेताओं ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी का भी पूरे जीवन यही भाव रहा। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को वर्तमान दौर में तकनीकी के प्रयोग की अपरिहार्यता से भी अवगत कराया। साथ ही नसीहत दी कि तकनीकी का इस्तेमाल जीवन को सरल और सहज बनाने के लिए जरूरी है लेकिन यह ध्यान भी रखना होगा कि तकनीकी हमसे संचालित हो, हम तकनीकी से नहीं। हम खुद को तकनीकी के अनुरूप और तकनीकी को अपने अनुरूप तैयार करें। सीएम योगी ने कहा कि हर कालखंड में भारत ने पूरी दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विश्व के सौ प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रमुख एक्जीक्यूटिव की बात करें तो इसमें सबसे बड़ी संख्या भारतीय नौजवानों की है। सीएम ने कहा कि ये नौजवान पूरी दुनिया में अपनी तकनीकी ज्ञान का लोहा मनवा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना के परिस्थितियों और इसकी अबतक की यात्रा को याद करते हुए कहा कि परिषद की 92 वर्ष की यात्रा इस बात के समग्र मूल्यांकन का अवसर है कि नए भारत के लिए संस्था किस दृष्टि से तैयार हो।

### प्राचीन वैभव को पुनर्स्थापित कर रहे हैं सीएम : नरेंद्र

» एनईपी से वैषयिक सीमाओं से परे हुई शिक्षा : प्रो. राजीव कुमार

विश्ववार्ता ब्यूरो

**गोरखपुर।** मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि एक समय वह भी आ गया था जब उत्तर प्रदेश में कोई आने को तैयार नहीं था। पर, योगी आदित्यनाथ ने जबसे मुख्यमंत्री के रूप में यहां कमान संभाली है तबसे यूपी का प्राचीन वैभव पुनर्स्थापित होने लगा है। कानून व्यवस्था की बात हो, निवेश लाने की, स्वास्थ्य क्षेत्र की सुदृढ़ता, गरीबी उन्मूलन या फिर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने हर दिशा में सफलतापूर्वक कदम बढ़ाए हैं।

श्री तोमर बुधवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ से वह कई भूमिकाओं में मिलते रहे हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में वह भक्तियोग का मार्ग दिखाते हैं तो उसी के समानांतर राजनेता के रूप में कर्मयोग का भी रास्ता बताते हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में उनकी अपनी जो साधना है वो तो प्रेरणादायी है ही, कर्मयोग के मार्ग पर चलते हुए एक राजनेता, सांसद व मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जो काम किया है, उनकी जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम है। उन्होंने भगवान गोरखनाथ की धरा पर आगमन का आमंत्रण पाने के लिए खुद को सौभाग्यशाली बताया। श्री तोमर ने गोरक्षपीठ के प्रकल्प महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के व्यापक लोक सरोकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई भी आध्यात्मिक संस्था, पीठ या मठ सामान्यतः भक्ति योग की प्रेरणा देती है।

पर, गोरक्षपीठ एक ऐसी संस्था है जो भक्तियोग के साथ कर्मयोग में रत होकर, इसकी प्रेरणा देकर नागरिकों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। इस परिप्रेक्ष्य में गोरक्षपीठ और इसकी संस्था महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समूचे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सदस्य सचिव) प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में शिक्षा को वैषयिक सीमाओं से परे कर दिया गया है। विद्यार्थी किसी भी स्ट्रीम से खुद को किसी और स्ट्रीम में शिफ्ट कर सकते हैं।

### भ्रष्टाचार व ऑनलाइन बाजार व्यापारी की मुख्य समस्याः बंसल

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार एवं ऑनलाइन इस समय देश के व्यापारी के समक्ष दो बड़ी समस्याएं हैं, इन समस्याओं का समाधान व्यापारी को स्वयं से पहल करके ही करना होगा। उक्त विचार अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश संदीप बंसल ने इंदिरा नगर परिक्षेत्र में आयोजित व्यापारी सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण समारोह में 21 व्यापारियो को सदस्यता प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद अपने सम्बोधन में व्यक्त किये।

संदीप बंसल ने कहा कि व्यापारी समाज जो सभी प्रकार के राजस्व के मदद से जुड़ा रहता है उसको रिश्वत देने की अपनी परंपरागत आदत को बदलना होगा संगठन पर भरोसा करते हुए सही काम के माध्यम से बिना भ्रष्टाचार व्यापार करना होगा यदि कहीं किसी भी स्तर पर किसी भी विभाग में उसे किसी प्रकार की रिश्वत मांगी जाती है तो वह उसकी सीधी सूचना संगठन को दे सत प्रतिशत संगठन और उसके तमाम साथी उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होंगे और उसकी समस्या का निराकरण करेंगे।

# घबराइए मत, हर शिकायत पर होगी कार्रवाई

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं

विश्ववार्ता ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि 'घबराइए मत, हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ति की समस्या का समाधान कराया जाएगा। सरकार सबकी समस्या दूर करने को संकल्पित है।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ति व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं।



गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ति को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए।

# विकास में पूर्व विधायकों की भूमिका बढ़े, बैठक आज

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक (पूर्व एमएलए व एमएलसी) चाहते हैं कि राज्य की सरकारी योजनाओं के संचालन और जनता की समस्याओं के निराकरण में उनके अनुभवों को ध्यान में रखते हुए उनकी भूमिका बढ़ाई जाए। इस मुद्दे पर गुरुवार को दोपहर दो बजे से विधान भवन के द्वितीय तल पर स्थित कमेटी कक्ष में पूर्व विधायकों की एक अहम बैठक बुलायी गयी है।

उत्तर प्रदेश संसदीय संस्थान के तत्वावधान में होने वाली यह बैठक संस्थान के अध्यक्ष राज्य के पूर्व मंत्री डा.अम्मार रिजवी की अध्यक्षता में होगी। बैठक में संस्थान के सचिव पूर्व एमएलसी हरीश वाजपेयी सहित बड़ी तादाद में पूर्व एमएलए और पूर्व एमएलसी शामिल होंगे। पूर्व एमएलसी हरीश वाजपेयी ने बताया कि राज्य के पूर्व विधायक राज्य सरकार से सिर्फ अपनी सुविधाएं बढ़वाने की ही मांग नहीं कर रहे बल्कि प्रदेश के विकास में उनकी सहभागिता और बढ़े यह भी चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता की समस्याओं के निराकरण और उन्हें केन्द्र व राज्य की योजनाओं का समुचित लाभ दिलवाने में प्रदेश के पूर्व एमएलए और एमएलसी का अनुभव बहुत उपयोगी साबित हो सकता है।

संस्थान के अध्यक्ष डा.अम्मार रिजवी ने बताया कि बैठक में इस मुद्दे पर भी विस्तृत चर्चा होगी कि जिला विकास समितियों और जिला योजना समितियों की बैठकों में पूर्व एमएलए और पूर्व एमएलसी की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में पूर्व एमएलए और पूर्व एमएलसी की संख्या करीब 2200 के आसपास है। इनमें से कई ऐसे भी हैं जिनका कार्यकाल तीन बार या चार बार का भी रहा है। ऐसे अनुभवी जनप्रतिनिधियों के तजुर्बों का राज्य के विकास में समुचित लाभ उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह देखा जाता रहा है कि वर्तमान एमएलए व एमएलसी अपनी व्यस्तता के चलते जनता को समुचित समय नहीं दे पाते और जनता की समस्याओं से वह रूबरू होने के बावजूद उनका समुचित निराकरण नहीं करवा पाते। ऐसे मामले पूर्व एमएलए व पूर्व एमएलसी के पास बड़ी तादाद में आते हैं मगर इन समस्याओं को सही जगह तक पहुंचा कर उनका निराकरण करने के लिए पूर्व एमएलए व पूर्व एमएलसी के संसाधन बढाए जाने चाहिएं। डा. रिजवी ने बताया कि तमाम पूर्व एमएलए और पूर्व एमएलसी काफी ज्यादा उम्र के हैं उन्हें विधान भवन, लोकभवन जाने के लिए सिर्फ एक ही पास मिलता है जबकि ऐसे वयोवृद्ध जनप्रतिनिधियों को उनकी मदद के लिए उनके एक सहायक को भी पास उपलब्ध करवाया जाना चाहिए।

### बिजली निजीकरण के विरोध में सभाएं अब सात को

**लखनऊ।** बिजली के निजीकरण के विरोध में छह दिसंबर की संवेदनशीलता को देखते हुए उत्तर प्रदेश में ध्यानाकर्षण सभाएं अब सात दिसंबर को होंगी। यह जानकारी विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने दी है।


उन्होंने बताया कि छह दिसंबर की संवेदनशीलता और कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनाए रखने में कोई दिक्कत न हो, इस दृष्टि से बिजली के निजीकरण के विरोध में छह दिसंबर के स्थान पर सात दिसंबर को समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालय पर कार्यालय समय के उपरान्त ध्यानाकर्षण सभाएं करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि बिजली कर्मचारियों की राष्ट्रीय समन्वय समिति ने उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ की बिजली के निजीकरण के विरोध में 6 दिसंबर को पूरे देश में विरोध सभाएं करने का आह्वान किया था। अब उत्तर प्रदेश में छह दिसंबर के स्थान पर सात दिसंबर को सभाएं होगी ।

# हज यात्रियों का प्रशिक्षण : प्रशिक्षकों के चयन पर ऑनलाइन आवेदन

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में सचिव उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति एस पी तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आनलाइन आवेदन 4 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 11:00 बजे आरम्भ होगा जो दिनांक 13 दिसम्बर, 2024 को रात्रि 11.59 बजे तक जारी रहेगा। ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर किया जायेगा।

तिवारी ने बताया किहज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा दिसम्बर, 2024 के तीसरे सप्ताह में लिखित परीक्षा ली जाएगी।



» 13 दिसंबर तक होंगे आवेदन

प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिल्ली में जनवरी, 2025 के प्रथम सप्ताह में सम्भावित है।

केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। 150 हज आवेदकों पर एक प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा। समस्त जिलों से प्रशिक्षकों का प्रतिनिधित्व हो।

### स्वामी ब्रह्मानंद की 130वीं जयंती में शामिल हुए मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज स्वामी ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय राठ जनपद हमीरपुर में आयोजित स्वामी ब्रह्मानंद जी की 130वीं जयंती समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। उप मुख्यमंत्री के साथ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार संदीप सिंह जी भी सभी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

उपमुख्यमंत्री ने स्वामी ब्रम्हानंद जी की समाधि प्रेरणा स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। तदोपरांत उन्होंने अखंड मंदिर में स्वामी जी की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं महाविद्यालय में कंप्यूटरीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके पश्चात मा उपमुख्यमंत्री एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने श्रद्धांजलि सभा में प्रतिभाग कर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया।

# समाज में नफरत फैलाती है भाजपा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार को तरक्की, खुशहाली, विकास से कोई मतलब नहीं है। भाजपा का काम समाज में नफरत फैलाना, संविधान विरोधी काम करना, लोकतंत्र की हत्या करना है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में उपचुनाव में जनता को वोट नहीं डालने दिया। यूपी का उपचुनाव पहले 13 नम्बर 2024 को होना था, जब भाजपा को जानकारी हो गयी कि बहुत सारे लोग त्योहारों में अपने गांव आये थे और वे वोट डालकर वापस जाएंगे तो भाजपा ने उपचुनाव की तारीख बदलवा कर 20 नवम्बर 2024 करा दी।



» सपा प्रमुख ने साधा भाजपा पर निशाना

श्री यादव ने कहा कि 19 तारीख को आनन-फानन में संभल में सर्वे कराकर तनाव बढ़ाने और माहौल खराब करने का प्रयास किया, जब उस दिन सब कुछ शांत रहा तो फिर षडयंत्र के तहत दोबारा सर्वे की योजना बनायी। चुनाव में हुई धांधली की पोल न खुल जाये इसके लिए भाजपा ने संभल की घटना करायी। भाजपा की ये सत्ता भूख की लड़ाई है। श्री यादव ने कहा कि दोबारा सर्वे के दौरान जा रही टीम के साथ जो लोग नारे लगाते जा रहे थे, सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की।

भाजपा सरकार किसी भी दल के नेता को संभल नहीं जाने दे रही है, आखिर सरकार क्या छिपाना चाह रही है।

### संभल हिंसा : राहुल-अखिलेश के बीच हो रही प्रतिस्पर्धा

**लखनऊ।** संभल के साजिशकर्ता अब संवेदना के बहाने राजनैतिक पर्यटन करने जाना चाहते है, दअरसल उत्तर प्रदेश में तुष्टीकरण का चैंपियन कौन है इस बात की राहुल गांधी और अखिलेश यादव में प्रतिस्पर्धा चल रही है।

उन्होंने कहा कि सबको पता है कि राजनैतिक साजिश के तहत संभल में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कुछ लोगों ने हिंसा करवाई, हिंसा के सबूत है। वहां पाकिस्तान के खोखे मिल रहे है । इसके बावजूद तुष्टिकरण करने के लिए वोट बैंक की राजनीति करने राहुल गांधी व प्रियंका वाड्रा वहां पहुंचना चाहते हैं। अभी बहराइच में राम गोपाल मिश्रा की नृशंस हत्या हुई थी । समाजवादी पार्टी और कांग्रेस वोटों की राजनीति कर रहे है। जनता सब समझ रही है , समय आने पर जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि दोनों की दल अपना जनाधार खो चुके हैं, अब आत्म विश्वास की कमी आ गई है।

# बांग्लादेश हिंसा : प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की अपील

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय का 90 प्रतिशत हिस्सा दलित समाज से है, जो वर्तमान में गंभीर संकट का सामना कर रहा है। वीवीआईपी गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में विधान परिषद सदस्य और डॉ. आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने इस ज्वलंत मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त की।

डॉ. निर्मल ने कहा कि विभाजन के समय बंगाल के प्रमुख दलित नेता योगेंद्र नाथ मंडल, डॉ. आंबेडकर के समकालीन थे, जो मुस्लिम लीग के प्रभाव में पूर्वी पाकिस्तान चले गए। वहां वे कानून मंत्री बने, लेकिन जल्द ही उन्हें दलितों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और जनसंहार का सामना करना पड़ा। लाखों दलितों की हत्या और महिलाओं के साथ बलात्कार के



» आंबेडकर महासभा ने कहा, बांग्लादेश में हिन्दू आबादी का 90 प्रतिशत दलित

बाद उनका मोहभंग हो गया। अंततः 8 अक्टूबर, 1950 को उन्होंने पाकिस्तान से भागकर भारत की शरण ली और अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। डॉ. निर्मल ने बताया कि मंडल के भारत लौटने के बाद पूर्वी पाकिस्तान में दलितों पर बड़े पैमाने पर अत्याचार हुए। 1971 में भी लाखों दलित मारे गए।

# लाठी बरसाने वाले अधिकारियों का करो निलम्बन : राधेश्याम

विश्ववार्ता संवाददाता

**कुशीनगर।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री रह चुके इलाके के चर्चित किसान नेता राधेश्याम सिंह ने केके बिरला ग्रुप की ढाढा चीनी मिल के एथेनाल प्लांट के लिए अधिग्रहित जमीन पर जबरन मिल प्रबंधन को कब्जा दिलाने की प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की कार्रवाई को सरासर अन्याय बताया है और कहा है कि किसानों पर लाठीचार्ज करा कर उनके हितों की हत्या की गई है।



उन्होंने कहा है कि किसानों को बिना मुआवजा दिए उन्हें बेदखल करने के लिए कानून व्यवस्था की आड़ में उनके साथ अपराधियों जैसा सलूक किया गया है। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल मुअत्तल किया जाना चाहिए । पूर्व राज्यमंत्री श्री सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किसानों पर जुल्म करने वाले अधिकारियों को निलंबित किये जाने के साथ ही किसानों को बाजार भाव के अनुसार मुआवजा मिलना चाहिए । उन्होंने कहा है कि यह इलाका योगी की कर्मभूमि रहा है । यहां के गरीबों व किसानों के लिए उन्होंने कुशीनगर की सड़कों पर पहले की सरकारों के खिलाफ आंदोलन भी किया है। वह यहां के किसानों की हर समस्याओं की बखूबी वाकिफ हैं। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जिन गांवों के किसानों पर प्रशासन ने लाठियाँ बरसाई हैं, वह इलाका भाजपा का गढ़ है। इनके वोट से वर्तमान जनप्रतिनिधि चुने गए हैं। लेकिन प्रशासन ने इन लोगों को अपराधी बना दिया, वह भी इसलिए कि वह खुद के भूमिहीन होने के एवज में उचित मुआवजा मांग रहे थे।

#### पूर्व राज्यमंत्री ने खोला मोर्चा

**कुशीनगर** । केके बिड़ला ग्रुप की ढाढा चीनी मिल के एथनाल प्लांट के लिए किसानों की मर्जी के खिलाफ अधिग्रहित भूमि पर प्रशासन द्वारा जबरन मिल प्रबंधन को कब्जा दिलाये जाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है । एक ओर भाजपाई निजी उपक्रम के लिए किसानों की मर्जी के खिलाफ उनकी भूमि अधिग्रहित किये जाने पर सवाल उठाते हुए इसकी त्रिस्तरीय जांच कराये जाने पर जोर दे रहे हैं , दूसरी ओर पूर्व राज्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राधेश्याम सिंह ने इस मुद्दे पर प्रशासन व मिल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने शासन एवं प्रशासन को इस मामले किसानों को इंसाफ दिलाने भरोसा दिलाया ने के साथ ही प्रशासन को अल्टीमेटम भी दे दिया है ।

### सभी कार्मियों को सम्बद्ध किये जाने के दिए निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल द्वारा पक्षकार को उनकी मूल डीड समय से वापस न किये जाने पर उप निबंधक कार्यालय मथुरा सदर में कार्यरत सभी कार्मिकों को अन्यत्र सम्बद्ध किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही मामले की जांच के लिए विभागीय उच्चाधिकारियों की कमेटी गठित करने के निर्देश भी दिए हैं।

उप निबंधक कार्यालय मथुरा सदर में निबंधन के उपरांत पक्षकार को उनकी मूल डीड समय से वापस न किये जाने एवं डीड प्राप्त करने में पक्षकार को हुई प्रताड़ना के सम्बन्ध में स्टांप तथा पंजीयन मंत्री को उनके मोबाइल पर शिकायत प्राप्त हुई। इसका संज्ञान लेते हुए मंत्री द्वारा उप निबंधक कार्यालय मथुरा सदर में कार्यरत सभी कार्मिकों (उप निबंधक / निबंधन सहायक सहित) को अन्यत्र सम्बद्ध किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# डिजिटल प्रदेश का सपना अब हो रहा साकार

» भारतनेट परियोजना ने यूपी में पकड़ी रफ्तार

» इंटरनेट से जुड़ीं यूपी की 46,729 ग्राम पंचायतें

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश में डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करने के लिए भारतनेट परियोजना को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से योगी सरकार ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों को हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़कर उन्हें डिजिटल रूप से सक्षम बना रही है। भारत नेट परियोजना के माध्यम से प्रदेश में 46,729 ग्राम पंचायतें इंटरनेट से जुड़ चुकी हैं।

बता दें कि भारत नेट प्रोजेक्ट के तहत ग्राम पंचायतों को चरणबद्ध तरीके से इंटरनेट से जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है। इस योजना के तहत देश के सभी




2.64 लाख ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस साल अक्टूबर के अंत तक भारत नेट के पहले और दूसरे चरण के तहत लगभग 2.14 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा जा चुका है। इस परियोजना में जहां बड़ी उपलब्धियां हासिल हुई हैं, वहीं कुछ चुनौतियों का समाधान भी किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अक्टूबर 2024 तक कुल 46729 ग्राम पंचायतों को भारत नेट परियोजना के अंतर्गत ऑप्टिकल फाइबर केबल/सैटेलाइट लिंक से जोड़ा जा चुका है। वहीं महाराष्ट्र में 24575, मध्य प्रदेश में 17850, गुजरात के 14316, आंध्र प्रदेश के 12955 और पंजाब के 12668 ग्राम पंचायत भारत नेट परियोजना से आच्छादित हो चुकी हैं। वहीं, 4जी सैचुरेशन परियोजना की सफलता के लिए बिजली कनेक्शन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूर्वी यूपी और पश्चिमी यूपी में कुल 132 स्थलों में से 90 स्थलों पर भूमि अधिग्रहण हुआ। इसमें से 39 जगहों पर बिजली कनेक्शन प्रदान कर दिए गए हैं। पश्चिमी यूपी के क्षेत्र में 42 स्थलों में से 21 पर कनेक्शन दिए गए हैं। यूपी के 22 स्थलों को "टेक्निकली नॉट फीज़िबल" (TNF) के रूप में चिह्नित किया गया है, जिनमें से 20 घने जंगल क्षेत्रों में स्थित हैं। योगी सरकार ने ऊर्जा विभाग को निर्देश दिया है कि लंबित कनेक्शनों को शीघ्रता से जोड़ा जाए और तकनीकी बाधाओं के लिए वैकल्पिक समाधान निकाले जाएं। दिसंबर 2024 तक 8,568 नए एफटीटीएच (फाइबर टू द होम) कनेक्शन जोड़ने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल यूपी का सपना साकार करने के लिए विभिन्न विभागों को समन्वय बढ़ाने और परियोजना से जुड़े मुद्दों का समाधान करने का निर्देश दिया है। योगी सरकार ने ग्राम विकास अधिकारियों-पंचायत सचिवों को भारतनेट उपकरणों की देखरेख और उपयोगिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया है। इसके तहत जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारी (संरक्षक) की नियुक्ति होगी।

### यदुवंशी भगवान श्रीकृष्ण को जाट बताने पर बवाल

**मथुरा।** मथुरा जिले के नंदगांव के बाजार और आम घरों की दीवारों पर 'नंदगांव का इतिहास' नाम से जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की जाति 'जाट' लिखवा देने के बाद बवाल हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप-जिलाधिकारी (एडीएम) के निर्देश पर नगर पंचायत की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक भगवन श्रीकृष्ण को यदुवंशी माना जाता है। किसी ने पिछले दिनों दीवारों पर नंदगांव का इतिहास शीर्षक से जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण को 'जाट' जाति से संबंधित बताया है।

पुलिस के मुताबिक जगह-जगह 'नंदगांव का इतिहास' शीर्षक से लिखी बातों के अंत में कुंवर सिंह का नाम और एक फोन नंबर दर्ज था। लोगों ने जब उस नंबर पर फोन कर संपर्क करना चाहा तो या तो वह नंबर बंद मिला या फिर घंटी गई तो किसी ने फोन ही नहीं उठाया।

आस्था | महाकुम्भ को भव्य बनाने की तैयारी जोरों पर, कुम्भ की गाथा सुनाएंगे देश के चर्चित कलाकार

# कुम्भ के सफरनामे को कोरियोग्राफी के जरिए किया जाएगा प्रस्तुत

विश्ववार्ता संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 को श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाने हेतु योगी सरकार अनेक तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना पर काम कर रही है। एक तरफ जहां बॉलीवुड के तमाम सितारे अपनी सुरीली आवाज में यहां श्रद्धालुओं को आध्यात्म और संस्कृति के रस से सराबोर करेंगे तो वहीं दूसरी ओर सांस्कृतिक संध्या में महाकुम्भ से जुड़ी गाथाओं और रामलीला व महाभारत की लीलाओं का भी मंचन होगा। इन प्रस्तुतियों के लिए भी देश के दिग्गज और नामचीन सितारे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में पहुंचेंगे और श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। फेमस बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा 'हमारे राम' पर अपनी प्रस्तुति देंगे तो एक्ट्रेस और सांसद हेमामालिनी गंगा अवतरण पर कला का परिचय देंगी। महाभारत सीरियल फेम पुनीत इस्सर महाभारत की अपनी प्रस्तुति से लोगों को प्रचीन भारत के युग में ले जाएंगे। यह सभी कार्यक्रम गंगा पंडाल में आयोजित किए जाएंगे। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा इसका आयोजन किया जाएगा।

» दिग्गज एक्टर आशुतोष राणा 'हमारे राम' पर देंगे अपनी प्रस्तुति

» हेमा मालिनी गंगा अवतरण पर देंगी अपनी कला का परिचय

अपनी अदाकारी से लोगों को रोमांचित करने वाले फेमस बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा 25 जनवरी को गंगा पंडाल में हमारे राम की प्रस्तुति देंगे। इन नाट्य शो में वह रावण का किरदार निभाते हैं। वहीं 26 जनवरी को बॉलीवुड की लीजेंड एक्ट्रेस और मथुरा से सांसद हेमामालिनी गंगा अवतरण नृत्य नाटिका पर अपनी परफॉर्मेंस देंगी। वहीं 8 फरवरी को भोजपुरी और बॉलीवुड एक्टर व गोरखपुर के सांसद रवि किशन शिव तांडव की प्रस्तुति देंगे, जबकि 21 फरवरी को पुनीत इस्सर महाभारत शो का मंचन करेंगे। महाकुम्भ का आयोजन हो और लोगों को कुम्भ की गाथा सुनने को न मिले, ऐसा संभव नहीं। सांस्कृतिक संध्या में कुम्भ को लेकर विशेष आयोजन की तैयारी की गई है। इसकी शुरुआत 22 जनवरी को कथक केंद्र संगीत नाटक अकादमी द्वारा कुम्भ की थीम पर आधारित कथक नृत्य नाटिका से होगी। 23 जनवरी को लखनऊ की भारतेंदु नाट्य अकादमी काकोरी महागाथा प्रस्तुत करेगी। वहीं, 1 फरवरी को कोरियोग्राफर मैत्रेय पहाड़ी के द्वारा कुम्भ का सफरनामा कोरियोग्राफ शो प्रस्तुत किया जाएगा। इसी तरह 23 फरवरी को रिलायंस इंटरटेनमेंट एंड सोबो फिल्म कुम्भ गाथा को प्रदर्शित करेगी। 10 जनवरी से प्रस्तावित इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में सबसे पहले 11 जनवरी को ओडिशा का प्रिंस ग्रुप दशावतार नृत्य की अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को रोमांचित करेगा। 16 जनवरी को मथुरा का माधवा बैंड और आगरा का क्रेजी हॉपर्स, 17 जनवरी को रिकी केज, 19 जनवरी को कोलकाता की गोल्डेन गर्ल्स, 21 जनवरी को मणिपुर का बस्तर बैंड, 27 जनवरी को दिल्ली की श्रृंखला डांस अकादमी, 7 फरवरी को इंडियन ओशन बैंड, 17 फरवरी को अग्नि बैंड, 19 फरवरी को मुंबई का माटी बानी बैंड, 20 फरवरी को सूफी बैंड थाई कुड़म ब्रिज और 22 फरवरी को मुंबई का कबीरा बैंड अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्र मुग्ध करेगा। गंगा पंडाल में भारत के साथ ही अन्य देशों की रामलीलाओं का भी मंचन किया जाएगा।




#### कवि सम्मेलन भी होगा

20 जनवरी को देश के प्रसिद्ध कवियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 21 जनवरी को राजेश प्रसन्ना के द्वारा धरोहर दुर्लभ लोक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुतियां होंगी। 24 जनवरी को यूपी फॉक नाइट के द्वारा कोरियोग्राफ शो और विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। 18 फरवरी को प्रसिद्ध बांसुरी वादक राकेश चौरसिया अपनी सुरीली बांसुरी का प्रदर्शन करेंगे।

### 21 ग्राम प्रधानों को जारी किया नोटिस

**लखीमपुर खीरी।** यूपी के गांवों में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए योगी सरकार सख्त नजर आ रही है। ग्रामीणों को कम खर्च और आसानी से सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए भी सरकार प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों को गांव में ही ऑनलाइन आवेदन करके सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए, लेकिन सरकार की इस मंशा पर कुछ प्रधान पानी फेर रहे हैं। जिले की 21 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जिनमें सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) बनाने के लिए सरकार ने बजट दिया लेकिन प्रधान सीएससी नहीं बनवा रहे हैं।

इसको लेकर इन ग्राम पंचायतों के प्रधानों को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह का समय दिया गया है।

## एक नजर

### प्रतिभाशाली दिव्यांग हुए सम्मानित, खिले चेहरे

**अंबेडकरनगर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा विकास भवन अम्बेडकरनगर में दिव्यांगजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांगजनों को मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ल द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया तथा दिव्यांग बच्चों को नि:शुल्क ईलाज हेतु निरामया स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया ।साथ ही नवीन पेंशन धारकों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ल जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्रीमती प्रतिभा यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार, श्रीमती आरती त्रिपाठी, लोक जागृति संस्थान सया अम्बेडकरनगर सत्य प्रकाश तिवारी, राजेश वर्मा, गंगाराम, अंशुमान आदि उपस्थित रहें।

### वोकेशनल पत्रकारिता की छात्रा गरिमा बनी असिस्टेंट प्रोड्यूसर

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा संचालित बैचलर आफ वोकेशनल एमसीजे अंतिम वर्ष की छात्रा गरिमा त्रिपाठी का राष्ट्रीय न्यूज चैनल में असिस्टेंट प्रोड्यूसर के पद पर चयन हुआ। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल सहित विभाग के समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 आर एन पाण्डेय, डॉ0 अनिल कुमार विश्वा ने बधाई दी। इसके अतिरिक्त विभागीय छात्र-छात्राओं ने गरिमा के चयन होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की। समन्वयक डॉ0 चतुर्वेदी ने बताया कि बी0वोक एमसीजे अंतिम वर्ष की छात्रा देवरिया जनपद की मूल निवासी है। इसने पाठ्यक्रम में प्रवेश एक उद्देश्य के साथ लिया था और वह अपने उद्देश्य में सफल रही। विभागीय शिक्षकों के मार्ग-दर्शन में नोयडा स्थित इंडिया डेली लाइव राष्ट्रीय न्यूज चैनल में असिस्टेंट प्रोड्यूसर के पर हुआ है, जो विभागीय छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा श्रोत बनेगी। डॉ0 चतुर्वेदी ने बताया कि विभाग के बीवोक, एमए एमसीजे के विद्यार्थी राष्ट्रीय न्यूज चैनलों, समाचार पत्रों, विज्ञापन एवं जनसम्पर्क के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। इन्हें विभाग में आमंत्रित कर छात्रों को समय समय पर प्रशिक्षित भी किया जाता है। इसी क्रम में छात्रा गरिमा त्रिपाठी का चयन राष्ट्रीय न्यूज चैनल में असिस्टेंट प्रोड्यूसर के पद पर हुआ।

### धूमधाम से मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस समारोह

**अयोध्या।** मुस्कान पुनर्वास केंद्र कनीगंज अयोध्या में विश्व दिव्यांग दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने ना सुनते और ना बोलते हुए भी शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसके अंतर्गत देशभक्ति गीत पर आधारित नृत्य ,स्वागत गीत पर नृत्य, नृत्य नाटिका, जनसंख्या पर माइम ,द्रोपदी का चीर हरण पर माइम, फैंसी ड्रेस, सोलो डांस आदि अनेको कार्यक्रम प्रस्तुत करके उपस्थित दर्शकों एवं मुख्य अतिथि को आश्चर्यचकित कर दिया। पोलियो ग्रस्त छात्रा वंदना एवं रेखा का नृत्य भी सराहा गया। उक्त अवसर पर संस्था की निदेशक डॉक्टर रानी अवस्थी ने बताया कि मुस्कान पुनर्वास केंद्र कनीगंज अयोध्या में मूक बधिर व अस्थि विकलांग बच्चों को 12 कक्षा तक पढ़ाकर नौकरी दिलवाई जाती है। अब तक लगभग 15000 दिव्यांगों को संस्था द्वारा पुनर्वासित किया जा चुका है।

### 14 दिसम्बर को श्रीराम विवाह महोत्सव का आयोजन

**अयोध्या।** ऐहार रुदौली क्षेत्र में श्रीराम विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम विवाह महोत्सव समिति के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले 70 सालों से हमारे गांव में राम विवाह महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहते हैं। 12, 13 दिसंबर को श्री रामचरितमानस अखंड पाठ व प्रसाद वितरण किया जाएगा। 14 दिसंबर को श्रीराम विवाह महोत्सव शोभायात्रा थाना खंडासा अमानीगंज क्षेत्र के गौहनिया ग्राम बेहटा से सुबह 9 बजे निकलकर ग्राम ऐहार में भ्रमण करती हुई मेला स्थल पहुंचेगी, इस दौरान ऐहार चौराहा पर धनुष यज्ञ व श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन नवोदित कलाकारों द्वारा किया जायेगा। साथ ही रात में पोस्ट हरपुर हल्ला सलोन रायबरेली( खन्ना सिंह चौहान ) द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी की जा रही है।

### लगातार हो रही चोरियां, खुलासा तो दूर अंकुश तक नहीं लगा पा रही पुलिस

**अयोध्या।** पिछले तीन चार महीनों से सिलसिलेवार अज्ञात चोर गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में दर्जनों से अधिक मकानों के ताले तोड़ने के साथ चोरी वारदात को अंजाम दे चुके है। बीते दिनों एक डीसीएम से 6 कार्टून दवा वा एक कार्टून सिल्वर पेपर अज्ञात चोरों ने रात लगभग 3 :50 बजे तेजापुर बर्मा ट्रांसपोर्ट के सामने मेन रोड गोसाईगंज आजमगढ़ डीसीएम के पीछे का रस्सा काटकर चोरों ने चोरी का अंजाम दिया। वही इस चोरी को पुलिस मानने को तैयार नहीं है। वहीं दूसरे दिन गोसाईगंज कस्बे में दो दुकानों का ताला तोड़कर हजारों की चोरी बस स्टेशन स्थित यादव क्लास हाउस की दुकान पर 30 नवंबर की रात ताला तोड़कर रेडीमेड कपड़े तथा उसके सामने एक जूते की दुकान ताल तोड़ा गल्ले में रखा लगभग 3000 उठा ले गया। बगल में एक और दुकान का ताला तोड़ रहा था।

# 85 किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र बनाने पर आक्रोश, अभिभावकों ने किया विरोध प्रदर्शन

## बोले अभिभावक, गाइड लाइन को दरकिनार कर बनाया गया केंद्र, सीएम से की समाधान की मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** आर. एस. डी. डी. इंटर कॉलेज, सोहवल सलोनी के विद्यार्थियों के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा लगभग 85 किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र बनाने के निर्णय ने अभिभावकों को उग्र कर दिया है।

उनका आरोप है कि यह निर्णय शिक्षा विभाग की गाइडलाइन के खिलाफ है, जिसमें कहा गया है कि परीक्षा केंद्र विद्यालय से अधिकतम 15 किलोमीटर की दूरी पर होना चाहिए। अभिभावकों का कहना है कि इस फैसले से बच्चों को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, जो उनके सुरक्षा और भविष्य के लिए सही साबित नहीं हो सकता है।अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो वे मुख्यमंत्री से मिलकर इस मुद्दे का समाधान कराने की मांग करेंगे। उनका कहना है कि यह निर्णय खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां परिवहन सुविधाएं सीमित हैं, अव्यावहारिक और असुरक्षित है। अभिभावकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए इस फैसले को बच्चों और उनके अभिभावकों के हितों के खिलाफ बताया।


प्रदर्शन करते अभिभावक

अब उनकी प्रमुख मांग यह है कि परीक्षा केंद्र को बच्चों के विद्यालय के पास स्थानांतरित किया जाए ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कृषि विवि कुमारगंज के दैनिक श्रमिक की मौत

» पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** कृषि विवि कुमार गंज के शैक्षिक प्रक्षेत्र में काम कर रहे दैनिक श्रमिक भगवान दास की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत बेहोशी हालत में अपने साथी कर्मचारी को मिले, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत कैसे हुई पुष्टि हो सकेगी।

मिली जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत कुमारगंज के अकमा गांव निवासी भगवानदास पुत्र रती पाल आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के शैक्षिक प्रक्षेत्र मैं दैनिक श्रमिक के रूप में काम कर रहा था। मंगलवार की रात ड्यूटी करने गया था। जहां संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोशी हालत में साथी कर्मचारियों को मिले थे। जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी आर के सिंह रामदास के परिजनों को सूचना देते हुए इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल ले गए जहां पर मौजूद डॉ अनमोल पाठक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया है। चौकी प्रभारी एनडीए अभय सिंह का कहना है कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता लग सकेगा। ग्रामीणों ने बताया कि भगवान दास के पांच बच्चे हैं दो बेटे और तीन बेटियां है, बेटा दुर्गा प्रसाद, अमेरिका प्रसाद दोनों का विवाह हो गया है परदेस में मेहनत मजदूरी करते हैं।

# शिकायत के आधार पर कार्रवाई पर उठे सवाल

» अयोध्या जिला चिकित्सालय मामला

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय अयोध्या में तैनात नर्सिंग स्टाफ संजीव शुक्ला के खिलाफ की जा रही कार्रवाई ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में साक्ष्यों की कमी और शिकायत पत्र में असंगतियों ने पूरे प्रकरण को संदिग्ध बना दिया है। शिकायत पत्र में कई मरीजों के तीमारदारों के नाम और मोबाइल नंबर दिए गए हैं, लेकिन जांच में कुछ नंबर गलत पाए गए। इसके अलावा, शिकायत पत्र में कोई हस्ताक्षर नहीं है, जिससे इसके सत्यापन पर सवाल उठते हैं।

**जांच के दौरान मिले विरोधाभास**

जांच के दौरान जिन तीमारदारों से संपर्क किया गया, उन्होंने नर्सिंग स्टाफ पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया। कुछ लोगों ने यह भी दावा किया कि उनसे दबाव डालकर शिकायत पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट महानिदेशक को भेज दी गई है। लिखित शिकायतों का कोई ठोस प्रमाण नहीं था।

**मीडिया रिपोर्ट्स को आधार बनाकर कार्रवाई का सवाल**

सीएमएस द्वारा मीडिया रिपोर्ट्स को आधार बनाकर कार्रवाई करने का निर्णय कई स्तरों पर सवाल उठाता है। बिना साक्ष्य के किसी पर आरोप लगाना और मीडिया रिपोर्ट्स को मानक मानना क्या न्यायसंगत है? यह मामला न केवल नर्सिंग स्टाफ की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि अस्पताल की जांच प्रक्रिया और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़ा करता है।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 244 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

## नव दंपतियों को आशीर्वाद के साथ दिया गया उपहार, रूदौली विधायक ने दी शुभकामनाएं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** मिल्कीपुर विकास खण्ड के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मैदान में बुधवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 244 जोड़ें विवाह बंधन में बंधे।तथा दो मुस्लिम जोड़े भी शामिल रहे,अतिथियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद, उपहार व प्रमाण पत्र भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने किया।

उन्होंने ने कहा कि परिणय सूत्र में बंधे सभी नव दम्पतियों का जीवन खुशहाली से भरा रहे। बेटियों के हाथ पीले करने के लिए पहले गरीबों को सेंठ साहूकारों के यहां हाथ फैलाना पड़ता था आज वे गर्व से अपनी बेटी का विवाह कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि देश भर की निगाहें मिल्कीपुर पर है उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी बहुमत से जीत होगी।


वैवाहिक बंधन में बंधे हुए जोड़े

सरकार हर गरीब के लिए पक्के छत की व्यवस्था कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि योगी जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को पूरा कर रहे हैं गुण्डों दंगाइयों पर कठोर कार्यवाही कर रहे हैं, सरकार की सभी योजनाएं जनता तक पहुंचा रही हैं, कांग्रेस ने संविधान के साथ छेड़छाड़ किया और ऐ लोग संविधान को लेकर झूठा अफवाह फैला रहे हैं।सपा सरकार में पुलिस भर्ती का रिजल्ट एक मंत्री के कमरे में बनता था, कुछ जिले के लोगों को ही भर्ती किया जाता था वो नौकरी उद्योग अब बंद हो चुके हैं, सत्ता से बाहर हो गये इसलिए छटपटा रहे हैं। पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार की संपूर्ण योजनाएं पारदर्शिता के साथ चल रही है, कार्यक्रम का संचालन कवि अरुण द्विवेदी ने किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह मंडल अध्यक्ष मिल्कीपुर अजय तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा, बब्लू पासी, खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता,एड़ियों पंचायत सुरेन्द्र कुमार राव,शान्ती पासी उषा रावत, विनय सिंह टुनटुन, प्रधान अजीत जायसवाल, अनुराग सिंह एस पी ग्रामीण बलवंत, पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयस त्रिपाठी, थानाध्यक्ष इनायत नगर देवेंद्र कुमार पाण्डेय, थाना अध्यक्ष कुमारगंज अमरजीत सिंह सहित भारी संख्या में वर वधू पक्ष के लोग मौजूद रहे।

# भाकियू का प्रदर्शन : आंदोलनकारी किसानों की रिहाई की मांग

## प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर समस्याओं के समाधान की अपील

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा के तहत अयोध्या में भाकियू कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने तिकोनिया पार्क में इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र को सौंपते हुए नोएडा के आंदोलनकारी किसानों की बिना शर्त रिहाई की मांग की।

और उनकी समस्याओं के समाधान की भी अपील की।ज्ञातव्य है कि गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों ने भूमि अधिग्रहण के विरोध में शांतिपूर्वक आंदोलन चलाया था। इसके बावजूद, गौतम बुद्ध नगर प्रशासन ने आंदोलनकारियों को बर्बर तरीके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके विरोध में देशभर में भाकियू और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा धरने और प्रदर्शन किए जा रहे हैं।अयोध्या में, भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट की ओर कूच किया। रास्ते में रोडवेज बस स्टॉप पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र ने ज्ञापन लिया और प्रधानमंत्री को भेजने का आश्वासन दिया। इसके बाद आंदोलन समाप्त हो गया।घनश्याम वर्मा ने कहा कि आंदोलनकारी किसानों को बिना शर्त रिहा किया जाए और उनकी अन्य प्रमुख मांगें पूरी की जाएं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर की स्थापना पर रोक, गन्ना मूल्य 500 प्रति क्विंटल घोषित करने, किसानों की मर्जी के बिना भूमि अधिग्रहण न करने की मांग भी की। वर्मा ने शासन-प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि आंदोलनकारी किसानों को जल्दी रिहा नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी

इस प्रदर्शन में भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, अभयराज ब्रह्मचारी, भागीरथी वर्मा, विकास वर्मा, रवि शंकर पांडे, रामचंद्र विश्वकर्मा, मस्तराम वर्मा, भोला सिंह टाइगर, जगदीश यादव, उर्मिला निषाद, मीना देवी, मालती देवी, जगतपाल, विवेक पटेल, जितेंद्र कुमार और जय नारायण समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में विवेक पांडेय एवं वंदना वर्मा ने प्रस्तुत किए लोकगीत



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा के विद्या मंदिर इंटर कालेज मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विवेक पांडेय एवं लोक गायिका वंदना वर्मा की जोड़ी ने मंगलगीत प्रस्तुत कर वहां पर मौजूद अतिथियों एवं नव दंपतियों को मंगलगीत 'जनक पुरी की सीता अयोध्या के श्री राम,राम से मिल गयी सीता तो बन गये सीता राम' प्रस्तुत कर मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने एक के बाद एक , विवाह गीत, पारंपरिक अवधी गारी एवं लोकगीत स्वागत गीत प्रस्तुत किए दोनों कलाकारों की सुरीली आवाज सुन वहां पर मौजूद वर वधु एवं अतिथि खुशी से झूम उठे।

# कब्रिस्तान की जमीन पर पानी की टंकी निर्माण रोकने की मांग

## मुस्लिम समुदाय ने जल निगम के खिलाफ जताया विरोध

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** बाग बिजेसी, परगना हवेली अवध तहसील सदर स्थित एक ऐतिहासिक कब्रिस्तान की जमीन पर जल निगम द्वारा पानी की टंकी निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कब्रिस्तान सैकड़ों साल पुराना है, जिसमें उनके पूर्वजों की कब्रें मौजूद हैं।

इस जमीन पर जल निगम ने जेसीबी मशीनों से खुदाई शुरू कर दी है, जिससे मुस्लिम समुदाय की भावनाएं आहत हो रही हैं गाटा संख्या ख में स्थित इस कब्रिस्तान का उपयोग लंबे समय से मुस्लिम समुदाय द्वारा किया जाता रहा है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस भूमि पर उनके पूर्वजों के नाम सन् 1344-50 में दर्ज हैं। जल निगम द्वारा यहां पानी की टंकी निर्माण के लिए खुदाई किए जाने पर समुदाय ने कड़ा विरोध जताया है।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नगर निगम के महापौर व संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि इस ऐतिहासिक कब्रिस्तान की भूमि पर प्रस्तावित पानी की टंकी का निर्माण रोका जाए। उनका कहना है कि यह न केवल धार्मिक भावना का उल्लंघन है, बल्कि उनके पूर्वजों की यादों का भी अपमान है। इस मामले ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।


कब्रिस्तान की जमीन मौजूद लोग

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना समुदाय की सहमति के कब्रिस्तान की जमीन पर खुदाई किया जाना अनुचित है।

# जिले के 340 आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे मॉडल

» 11 ब्लॉक हैं जिले में, प्रत्येक में हैं 70 से 90 स्कूल

» प्रत्येक के कायाकल्प पर खर्च होंगे तीन लाख, जिला पंचायत निधि से मिलेगा पैसा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** जिले के 340 आंगनबाड़ी केंद्रों को संवारने काम शुरू होने जा रहा है। इन केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें 18 बिंदुओं पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि बच्चे केंद्रों के प्रति आकर्षित हो सकें। शासन का निर्देश मिलते ही बाल विकास विभाग ने लक्ष्य का वितरण ब्लॉकवार कर दिया है। एक ब्लॉक क्षेत्र में 80 से 90 के बीच आंगनबाडी केंद्र हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि छोटे-छोटे गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प कर दिया जाए, ताकि वे भी किसी बड़े विद्यालय की भांति दिखे। इसके लिए शासन ने दूसरे चरण में 340 केंद्रों का लक्ष्य दिया है। पहले चरण में 500 के करीब आंगनबाड़ी केंद्रों को सजाया-संवारा जा चुका है। ब्लॉकवार लक्ष्य का आवंटन करते हुए ग्राम पंचायतों से बनवाने की अपेक्षा की है। प्रत्येक पर तीन लाख रुपये खर्च होंगे। इसकी सूचना मुख्य विकास अधिकारी व जिला पंचायतराज अधिकारी को भेज दी गई है। ये 18 सुविधाएं मिलेंगी स्वच्छ पेयजल,कक्षा में ब्लैक बोर्ड,टंकी के साथ लगा नल,भवन की रंगाई-पुताई, रेलिंगयुक्त रैंप, वाह्य विद्युत संयोजन,बेबी टॉयलेट,भवन में बिजली वायरिंग, मल्टीपल हैंडवॉश, गेट और बाउंड्रीवाल, महिला प्रसाधन,रसोई घर, छत पंखा,फर्श पर टायल्स,भवन पर जानकारी वाली पेंटिंग पहले चरण के कुछ विद्यालय का हो चुका है कायाकल्प जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी में बताया कि मॉडल केंद्रों पर बच्चों के पढ़ने के लिए डेस्क, बेंच, प्रसाधन समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# श्रवण क्षेत्र धाम के पर्यटन विकास कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

## पौराणिक महत्व को ध्यान में रखते हुए बेहतर पर्यटन सुविधाओं का होगा विकास

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अंबेडकरनगर ।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने श्रवण क्षेत्र धाम के पर्यटन विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वहां पर स्थापित की जा रही भगवान श्री राम जी की मूर्ति एवं पार्क से संबंधित कार्यों में अधिक से अधिक मानव संसाधन एवं मशीनरी लगाकर तेजी से कराने तथा समस्त कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया।



दौरान जिलाधिकारी ने श्रवण क्षेत्र धाम की पौराणिक महत्व को ध्यान में रखते हुए यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर पर्यटन सुविधाएं प्रदान करने हेतु वहां पर किए जा रहे पार्क एवं पर्यटन विकास के अन्य कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मूर्ति के फिनिशिंग कार्य को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने मूर्ति के पास विकसित किया जा रहे पार्क के कार्यों को भी तेजी से कराने तथा पार्क में आगंतुकों के बैठने हेतु आकर्षक बेंच एवं प्रकाश हेतु आकर्षक स्ट्रीट लाइट आदि लगाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रवण क्षेत्र धाम को उसकी पौराणिक मान्यताओं के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुसार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए एवं स्थानीय रोजगार का सृजन करते हुए वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के सपने को साकार रूप दिया जा रहा है।

इस दौरान जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी कटेहरी अनुपम सिंह तथा अन्य अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# समाजसेवी बरकत अली ने लावारिस मानव कंकाल का किया अंतिम संस्कार



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** अंबेडकरनगर को शाम लगभग 4:00 बजे शारदा नहर पुल के नीचे गांव के लोगों ने देखा कि एक मानव कंकाल पड़ा हुआ है गांव वालों ने प्रधान प्रतिनिधि अजय प्रताप वर्मा को सूचना दिया अजय प्रताप वर्मा ने कोतवाली अकबरपुर को सूचना दिया मौके पर कोतवाली स्टाफ ने पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पहचान हेतु पोस्टमार्टम हाउस में 72 घंटे के लिए रखवाया था पहचान न होने के कारण कांस्टेबल अजय कुमार गुप्ता ने समाजसेवी बरकत अली से लावारिस मानव कंकाल का अंतिम संस्कार करने का अनुरोध किया समाजसेवी बरकत अली कांस्टेबल अजय कुमार गुप्ता ने लावारिस मानव कंकाल का अंतिम संस्कार किया।

**उपलब्धि** वाटर मेट्रो के बाद अब अयोध्या में हॉट एयर बैलून का शुभारंभ,अब 250 फीट की ऊंचाई से निहारिये अयोध्या

# सैलानी अब आसमान से निहार सकेंगे अलौकिक अयोध्या का अद्भुत नजारा

» आसमान से दिखेगा रामलला का भव्य मंदिर, हनुमानगढ़ी और सरयू का खूबसूरत तट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** वाटर मेट्रो बोट के बाद अयोध्या में अब हॉट एयर बैलून की शुरुआत हुई है। सीएम योगी की मंशा पर अयोध्या में शुरू की गई यह सेवा पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बन गयी है।

इस बैलून में बैठने के बाद सैलानी 250 फीट की ऊंचाई से अयोध्या का भव्य नजारा देख सकेंगे। नया घाट हैलीपैड पर बुधवार को इसका शुभारंभ हुआ है। अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके हैं की अयोध्या को इस लिहाज से सजाया जाए कि जिससे यहां एक बार पहुंचने वाला श्रद्धालु बार-बार आने का प्रयास करे। इस दिशा में चल रहे कार्यों के तहत अब यहां एयर हॉट बैलून की शुरुआत की गई है। अयोध्या विकास प्राधिकरण और पुष्पक एडवेंचर की मदद से शुरू हुए इस कार्य से निश्चित ही पर्यटन की दिशा में अयोध्या को बड़ा मुकाम हासिल होगा।


हॉट एयर बैलून का शुभारंभ करते अधिकारीगण व विधायक वेद प्रकाश गुप्ता

**युवा पर्यटक होंगे आकर्षित**

अयोध्या में एडवेन्चर स्पोर्टस के माध्यम से पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने व युवा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हॉट एयर बैलून का शुभारंभ सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मण्डलायुक्त गौरव दयाल व अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पाण्डेय ने किया। यह अनूठी पहल अयोध्या को एक रोमांचक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने एवं पर्यटकों को सरयू नदी के मनोरम दृश्यों के साथ अयोध्या की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक सुंदरता का अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा।

**10 मिनट की राइड, 999 रुपये है किराया**

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने बताया कि हॉट एयर बैलून एक एडवेंचर है। इसमें 10 मिनट की राइड होगी।

ऊपर से रामलला का मंदिर, कनक भवन व सरयू का अद्भुत नजारा देखने के लिए 999 रुपये प्रति व्यक्ति खर्च करने पड़ेंगे। इसमें एक साथ चार लोग ही बैठ सकेंगे, जिसमें एक पायलट भी होगा।

**आने वाले दिनों में कई प्रोजेक्ट धरातल पर उतरेंगे: मंडलायुक्त**

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अयोध्या को पर्यटन की दृष्टि से मजबूत करने का काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के तहत अयोध्या में विभिन्न पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत हॉट एयर बैलून शुरू कराया गया है। यह हवा के रुख के हिसाब से चलता है। आने वाले दिनों में ऐसे कई प्रोजेक्ट अयोध्या में धरातल पर दिखाई पड़ने लगेंगे।

## संपादकीय

# साजिश के सूत्र

संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़कने के मामले में गहरी साजिश में संकेत मिल रहे हैं। फिलहाल संभल में हुई हिंसा मामले की गहन जांच जारी है। इस बीच पुलिस के हाथ ऐसे सबूत लगे जिसने जांच की दिशा को ही बदलकर रख दिया है। दरअसल, बीते दिन पुलिस को घटनास्थल से पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के कारतूस का खोखा और यूएसए मेड कारतूस का खोखा मिला था। ऐसे में आज खुफिया विभाग और पुलिस की टीमों ने बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया। हिंसा वाले इलाके को सील करके एसआईटी और खुफिया विभाग की टीमें सुबह से मेटल डिटेक्टर से जांच कर रही हैं। फिलहाल, संभल के हिंसा वाले इलाके में एएसपी श्रीशचंद्र और सीओ अनुज चौधरी के नेतृत्व में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। संभावना है कि ऐसे और भी कई सबूत मिल सकते हैं जो जांच में बेहद अहम साबित हो सकते हैं। नगर पालिका कर्मचारियों के साथ खुफिया विभाग की टीम और पुलिस की टीमें नालियों में भी जांच कर रही हैं। गौरतलब हो कि पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के 9 एमएम के कारतूस का खोखा बरामद होने से पुलिस की जांच में नया एंगल जुड़ गया है। भारत में सिविलियन के इस्तेमाल के लिए 9 एमएम हथियार का यूज नहीं होता है। भारत में केवल पैरामिलिट्री आर्मी और पुलिस फोर्स को ही 9 एमएम पिस्टल मिलती है। आपको बता दें कि यूपी के संभल जिले में 24 नवंबर को स्थानीय कोर्ट के आदेश पर शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी थी जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए थे। घायलों में पुलिस वाले भी शामिल थे। फिलहाल, पुलिस ने हिंसा मामले में ढाई हजार से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें से अधिकांश अज्ञात हैं। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, उनमें समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद जिया उर रहमान बर्क और संभल के विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल भी शामिल हैं। उधर, संभल हिंसा मामले में घटनास्थल से पाकिस्तानी गोलियां बरामद होने के बाद एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि 24 नवंबर को हुई घटना को लेकर फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस दौरान जमीन में दबे हुए कुछ खोखे बरामद हुए हैं। एसपी ने कहा कि घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम और नगर निगम को एक फायर किया हुआ पीओएफ 9 एमएम 68–26, एक एफएन स्टार केस मिला है जिस पर स्ट्राइकर पिन का निशान है। एक मेड इन यूएसए 12 एमएम बोर का कारतूस मिला है। इनमें से कोई भी बोर पुलिस का नहीं है। कुल 6 फायर किए हुए कारतूस मिले हैं। यह जांच और तलाशी जारी रहेगी। यह एक संवेदनशील मामला है। हम घटना के फुटेज में दिखाई देने वाले व्यक्तियों की पहचान कर रहे हैं। संभल में समय–समय पर एनआईए की छापामारी होती रही है। अब जिस तरह से पुलिस ने पाकिस्तानी और यूएसए कारतूस बरामद किए तब से इस आशंका से भी इंकार नही किया जा सकता कि संभल हिंसा का क्या कोई कनेक्शन पाकिस्तान या यूएसए से जुड़ा है। अब संभल में एनआईए की एंट्री हो जाएगी। बेशक हिंसा के बाद संभल में धीरे–धीरे महौल शांति की ओर बढ़ रहा है मगर इस बीच पाकिस्तानी और यूएसए कारतूस मिले है इसके बाद संभल पुलिस प्रशासन फूल एक्शन में नजर आ रहा है ताकि कोई देश विरोधी गतिविधियां इसका फायदा ना उठा सके। संभल हिंसा के बाद सियासत तेज जरूर है, लेकिन इस दौरान पाकिस्तान और यूएसए के सर्ज ऑपरेशन के दौरान मिले कारतूसों पर बात कब होगी। बेशक विपक्ष या सत्ता पक्ष के नेता एक दूसरे पर कानून व्यवस्था को लेकर हमलावर है। लेकिन पाकिस्तान और यूएसए के कारतूस मिलने के बाद इस पर अभी तक कोई कुछ बोलता नही नजर आ रहा है। यदि यह कारतूस पाकिस्तान और यूएसए से यहां आए हैं तो सवाल यह उठता कि इन्हें कौन लाया और क्या हिंसा में पाकिस्तानी साजिश रही, यह देश की हिफाजत के लिए गंभीर मुद्दा है।

## कटाक्ष — हसन जैदी




# आधुनिक विकास व गंगा के अस्तित्व पर मंडराता संकट


कुमार कृष्णन

भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी गंगा जो भारत और बांग्लादेश में कुल मिलाकर 2510 किमी की दूरी तय करती हुई उत्तराखंड में हिमालय से लेकर बंगाल की खाड़ी के सुंदरवन तक विशाल भू भाग को सींचती है, देश की प्राकृतिक संपदा ही नहीं, जन जन की भावनात्मक आस्था का आधार भी है। 2071 किमी तक भारत तथा उसके बाद बांग्लादेश में अपनी लंबी यात्रा करते हुए यह सहायक नदियों के साथ दस लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के अति विशाल उपजाऊ मैदान की रचना करती है। सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण गंगा का यह मैदान अपनी घनी जनसंख्या के कारण भी जाना जाता है। 100 फीट (31 मीटर) की अधिकतम गहराई वाली यह नदी भारत में पवित्र मानी जाती है तथा इसकी उपासना माँ और देवी के रूप में की जाती है। भारतीय पुराण और साहित्य में अपने सौंदर्य और महत्व के कारण बार-बार आदर के साथ वंदित गंगा नदी के प्रति विदेशी साहित्य में भी प्रशंसा और भावुकतापूर्ण वर्णन किए गए हैं।

वैज्ञानिक मानते हैं कि इस नदी के जल में बैक्टीरियोफेज नामक विषाणु होते हैं जो जीवाणुओं व अन्य हानिकारक सूक्ष्म जीवों को जीवित नहीं रहने देते हैं। गंगा की इस असीमित शुद्धिकरण क्षमता और सामाजिक श्रद्धा के बावजूद इसका प्रदूषण रोका नहीं जा सका है। आलम यह है कि इसे रोकने में सरकारी तंत्र का रवैया भी सुस्त है। तभी तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए कहा है कि महाकुंभ मेले में करोड़ों लोग आते हैं, अगर सीवेज के मल-जल को गंगा में गिरने से नहीं रोका गया तो लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होगा। गंगा बेसिन का लगभग 79 फीसदी क्षेत्र भारत में है। बेसिन में 11 राज्य शामिल हैं, जैसे उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और दिल्ली। गंगा बेसिन से जुड़े सवालों को लेकर गंगा मुक्ति आंदोलन की ओर से बिहार के मुजफ्फरपुर के चंद्रशेखर भवन, मिठनपुरा में गंगा बेसिन : समस्याएं एवं समाधान" विषयक राष्ट्रीय विमर्श में जुटे देश के आठ राज्यों और नेपाल के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर गंगा के सवाल पर देशव्यापी अभियान चलाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय विमर्श के केन्द्र में नदियों का गाद से पेट भरना, प्रदूषण (औद्योगिक और नगरीय कचरा) पानी की कमी, बालू उठाव और खनन, नदी की जैव विविधता, ग्लेशियर का पिघलना, जलवायु संकट, कार्बन उत्सर्जन, पारिस्थितिकी असंतुलन, औद्योगिक क्रांति से पनपे विकास की विनाशकारी अवधारणा और जल जंगल जमीन पर जीने वाले समुदाय का अधिकार रहे। कार्यक्रम में ऑन लाइन जुड़कर आईआईटी कानपुर के प्रो. डॉ. राजीव सिन्हा, बीबीसी के पत्रकार रहे राम दत्त त्रिपाठी, पूर्व सांसद एवं चौथी दुनिया के संपादक संतोष भारतीय, बिहार सरकार में अपर मुख्य सचिव रहे व्यास जी एवं विजय प्रकाश, उत्तराखंड के नदी कर्मी सुरेश भाई सहित तमाम लोगों की चिंता इस बात को लेकर रही कि आखिर विनाश का खेल कब तक जारी रहेगा। उत्तराखंड के सुरेश भाई का कहना था कि मध्य हिमालय में स्थित गौमुख ग्लेशियर में हो रहे बदलाव को समझना बहुत जरूरी है। समय रहते यदि इसके चारों ओर के पर्यावरण संरक्षण और संयमित विकास पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में बहुत बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उत्तराखंड में गंगा के उद्गम आपदा और जलवायु परिवर्तन के चलते बुरी तरह प्रभावित हैं। इस भयानक स्थिति के बाद भी गंगा की एक महत्वपूर्ण धारा भागीरथी के उद्गम से ही गंगा की निर्मलता को लेकर एनजीटी ने बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। दूसरी बात है कि भागीरथी के उद्गम में लाखों देवदार के पेड़ों पर संकट की तलवार लटक रही है। यहां चौड़ी सड़क बनाने के लिए घने देवदार के जंगल को काटने की तैयारी चल रही है। इस विषय को तो राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा बनाया जाना ही चाहिए और एक बार फिर देशवासी उद्गम से लेकर देश में जहां-जहां से गंगा बह रही है उन तमाम राज्यों से हो रहे प्रदूषण, अतिक्रमण, शोषण के खिलाफ एक बार फिर से नदी बचाओ अभियान की तर्ज पर एकत्रित होकर आवाज बुलंद करना चाहिए।

पूर्व सांसद अली अनवर का कहना था कि गंगा का सवाल धार्मिक मामला नहीं है, जिसका राजनीतिक दोहन किया जा रहा है, बल्कि यह सांस्कृतिक मामला है। धार्मिक भावनाओं का शोषण करने के लिए राजनीतिक दल के लोग तरह-तरह की बातें करते हैं। नमामि गंगे योजना के नाम पर पिछले 10 साल से लूट मची है। यह योजना एक तरह से फेल है। पैसे भ्रष्टाचारियों व ठेकेदारों की जेब में जा रहे हैं। यकीनन यह सब गंगा को मारने की योजना है। विकास का विद्रूप चेहरा जो सभ्यता और संस्कृति की पावन धारा में सड़ांध पैदा करने से बाज़ नहीं आता। इस विकास का लक्ष्य गंगा की पवित्रता और अविरलता सुनिश्चित करना नहीं है बल्कि इसकी निगाहें गंगा सफाई के लिए आवंटित बजट की बंदरबांट पर ही ज्यादा टिकी है। गंगा एक संस्कृति का नाम हैं इसलिए गंगा की लड़ाई संस्कृति बचाने की लड़ाई हैं। गंगा मुक्ति आंदोलन के संस्थापक अनिल प्रकाश कहते हैं कि गंगा की हत्यारी आधुनिक विकास की नीति हैं। दिल्ली के पत्रकार प्रसून लतांत कहते हैं कि योजनाएं जब तक जनता की अपेक्षा के प्रतिकूल होगी तो यही होगा। गंगा या नदी घाटी की सभ्यता को बचाने के प्रयास तभी सार्थक होंगे जब गंगा पर आश्रित समुदाय से विमर्श कर योजनाएं बने। मधुपुर झारखंड के पर्यावरणविद सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम की चिंता बांधों को लेकर है, उनके अनुसार अमेरिका के केनंसी वैली के तर्ज पर कोलकाता बंदरगाह को साफ़ करने के लिए दामोदर को बांधा गया, तत्पश्चात फरक्का बराज बनाया गया। फरक्का बराज का विरोध उस वक्त इंजीनियर कपिल भट्टाचार्य ने किया था। गंगा मुक्ति आंदोलन के प्रणेता अनिल प्रकाश ने गंगा समेत अन्य नदियों को दोहन से बचाने के लिए बड़े आंदोलन का आह्वान किया साथ ही कहा कि जब दूसरे देश में बांध तोड़े जा रहे हैं, तब वहीं आज भारत में विश्व बैंक से कर्ज लेकर बांध पर बांध बनने को हरी झंडी दी जा रही है। इसके मूल में राजनेता, नौकरशाही और ठेकेदारों का गठजोड़ है। सारा खेल कमीशन का है। इसके कारण पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार में लिप्त है। क्या कारण है कि बांधों के सवाल पर सरकारी कमेटी में शामिल विशेषज्ञों की राय को नजर अंदाज किया जा रहा है।

कार्यक्रम में राजस्थान महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, भागलपुर, कहलगांव एवं नेपाल के दर्जनों ऐसे लोग शामिल हुए जो पर्यावरण, नदी, जल-जंगल-जमीन को लेकर काम कर रहे हैं। इस मौके पर वीरेंद्र क्रांति वीर, हेमलता महस्के, अखिलेश कुमार, कृष्ण कुमार माढ़ी, आदित्य सुमन, गणेश, राजा राम सहनी, चंदेश्वर राम, बागमती संघर्ष मोर्चा से नवल किशोर सिंह, ठाकुर देवेंद्र, डॉ. संतोष सारंग, जगरनाथ पासवान, राम एकबाल राय, अरविंद, कृष्णा प्रसाद, डॉ. नवीन झा, श्याम नारायण यादव, राजीव, शाहिद कमाल ने शिरकत की। साथ ही फैसला लिया गया कि 22 फरवरी 2025 को गंगा मुक्ति आंदोलन के वर्षगांठ पर कागजी टोला कहलगांव, भागलपुर में पुनः देश भर से परिवर्तनवादी जुटेंगे और आगे की योजना बनाएंगे। गंगा मुक्ति आंदोलन ने कई मुद्दों के साथ बिहार की नदियों में फ्री फिशिंग एक्ट बनाने के आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है। 1990 में बिहार सरकार ने पारंपरिक मछुआरों को नदी में निःशुल्क मछली पकड़ने का अधिकार दिया था जिसे छल और फरेब से अब शिथिल किया जा रहा है। बिहार में अभी स्पेशल जमीन सर्वे भी चल रहा है। नदियों की जमीन का सीमांकन (चौहद्दी) और रकबा निर्धारित करने को लेकर अभियान चलाने की बात कही गयी। इसके साथ ही संकल्प लिया गया कि गंगा की अविरलता और निर्मलता बहाली के लिए, गाद के स्वाभाविक निदान के लिए फरक्का बराज को खोलने सहित सभी बांध बराज तटबंध को खत्म कर नदियों की प्राकृतिक अवस्था बहाल करने और किसी भी प्रकार का प्रकृति के साथ छेड़छाड़ न करने के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

**(लेखक के अपने विचार है)**

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# चूना और जायके की क्या है जुगलबंदी ?


कुमकुम श्रीवास्तव

मोगैंबो जब छोटा बच्चा था, तब वह छोटी-छोटी बातों से ही खुश हो जाया करता था। मसलन दिवाली के समय होने वाली पुताई के लिए चूने या कलई को पहले पानी भरे ड्रम में डाल कर तैयार किया जाता था। उस प्रक्रिया में चूना जैसे ही पानी में घुलने लगता था वह जोर जोर से खदबदाने लगता था। उसकी खौलती छींटे दूर तक उछलने लगती थीं। यह देख कर छोटा मोगैंबो ताली बजा कर खुश होता था। हालांकि घर के बड़े बुज़ुर्ग उसको ड्रम से दूर रहने की सलाह देते थे। जबकि उसका बस चलता तो वह पास से जाकर देखता, भले अंजाम जो होता, उसकी कैफ़ियत 'फ़िकर नॉट' वाली हमेशा होती थी। उसके घर में पान बहुतायत में खाया जाता था। हरदम मोगैंबो को यह सुनाई पड़ता था कि आज चूने से मुंह कट गया, अब किसी भी चीज़ का स्वाद नहीं आयेगा। लेकिन यह कभी नहीं समझ आया कि स्वाद क्यों नहीं आ रहा है। चूना और जायके की क्या जुगलबंदी है ?

दीपावली की पूजा के बाद उसके घर में पूरी रात ताश का जमघट होता था। सामने वाले अंकल टेढ़े होकर दीवाल से पीठ टिकाये, पंद्रह मिनट में एक दो तीन करके पत्ते सरकाते थे। कोई भी बंदा अपनी जगह से डोलता नहीं था। सुबह कमरे का रंग रोगन अपनी जगह से उठ कर उनके ब्रांड न्यू स्वैटर में अपनी मजबूत छाप छोड़ देता था। उसकी पकड़ ज़िंदगी के साथ और ज़िंदगी के बाद वाली होती थी। यह देख कर मोगैंबो बहुत खुश होता था। इस बात पर अपनी अम्मा से घुड़की भी खाता था। काहे से उनकी नई डिस्टेंपर वाली दीवार जो खराब हो जाती थी। मोगैंबो अब बड़ा हो रहा था। ख़ास बात ये थी कि वह अपने को चालाक, चतुर, चंट और दूसरों को चूना लगाने वाला समझता था। इस सिलसिले में वह अपने घर वालों को भी नहीं बख़्शता था। साम, दाम, दण्ड भेद करके उनके ऊपर भी किसी ना किसी बहाने चूने की एक कूची फेर ही देता था। उसके शरीर की दो सौ छः के साथ में बत्तीस एक्स्ट्रा में भी आये दिन की टूट फूट होती ही रहती थी। उनकी मरम्मत के नाम पर घर वालों का तन मन धन सब न्यौछावर हो जाता था। इससे सब आजिज आ चुके थे, लेकिन उसके कान पर जूं तक नहीं रेंगती थी। वह ख़ुश ही रहता था। मोगैंबो थे तो तोला माशा रत्ती, लेकिन कारनामे उनके बड़े हाईवोल्टेज वाले थे। एक दिन इतर फुलेल लगा कर कुबरिया बेला मोगैंबो भाई अपने अड्डे निकल लिए। वहां पर आठ दस पहले ही से मौजूदगी दर्ज कराये थे। पिनक में आपस में एक खाते पीते घर के 'बरख़ुरदार' को हवा में उठाने की होड़ सी लग गई। चिल्लमचिल्ली में इनको कुछ ज़्यादा ही जोश चढ़ गया, आव देखा ना ताव एक झटके में उसको उठा लिया। जब तक बैलेंस संभलता तब तक धूम धड़ाका हो चुका था। मतलब मोगैंबो के ऊपर 'बरख़ुरदार' गिर चुके थे। इनका सारस जैसा एक पैर, नब्बे डिग्री का शेप अख़्तियार कर चुका था। यानी अति भयंकर दुर्घटना पल भर में घट चुकी थी।

किसी तरह उनको लाद कर वहीं कहीं से पैर में टेम्परेरी खपच्ची लगा कर पट्टी कर दी गई। चूने वाला प्लास्टर कहा कि बाद में लगेगा। घर में पूरी रात बेचारे तक़लीफ की वजह से हलाकम्प मचाये रहे। दूसरे दिन की सुबह से पहले कुछ भी नहीं हो सकता था। ख़ैर राम राम करके रात कटी, अच्छी बात ये हुई कि उनकी चांडाल चौकड़ी तड़के ही हाज़िर हो गई। रात भर की जगी अम्मा तो उन पर हाथ धो कर फ़ालेन हो गईं। मोटका दोस्त तो मार खाते खाते बचा। सबके दिमागों का बूंद भर निचोड़ ये निकला कि मोगैंबो को सरकारी मेहमान बना कर आवभगत कराई जाये। वहां मुफ़्त में इलाज होता है ऐसी ग़फ़लत में सब जने थे।

हास्य-व्यंग्य

चार पांच लोगों ने मिल उनको तिपहिया वाहन यानी टेम्पू में उनको डाला और अस्पताल की तरफ़ कूच कर दिया। इस सारे काम में उनकी हालत बद से बद्तर हो गई, सारे पनस्तर ढीले हो गये थे। वहां पहुंचने के बाद स्ट्रेचर की ढुंढाई शुरू हुई। कई लोगों से पूछने पर उसका पता ठिकाना मालूम हुआ। जल्दी से अम्मा उस टीन के जंग लगे, जिसमें चादर तक नहीं बिछी थी, उस स्ट्रेचर को बमुश्किल खींच लाईं, क्योंकि वह कोई प्रोफेशनल तो थी नहीं। गाड़ी से मोगैंबो को निकालने में काफ़ी जद्दोजहद करनी पड़ी। अस्पताल की तरफ़ से कोई भी मदद नहीं मिली। एक सिरे को अम्मा और दूसरे सिरे को एक दोस्त खींच रहा था। वहां के आपातकालीन विभाग में दीवाल के सहारे उनको रख दिया गया। मगर वहां के डाक्टर ने एक तिरछी नजर डाली और अन्य कार्य में व्यस्त हो गया। ध्यान दिलाने के लिये तगड़ी पैरवी वैसे भी नहीं थी। लगभग आठ घंटे का समय व्यतीत होने के बाद भी अस्पताल से उसे कोई राहत नहीं मिली थी। उसके शरीर में केवल इनटेक था, एक्ज़िट के लिए हाल फ़िलहाल कोई सुविधा मुहैया नहीं कराई गई थी। यहां दिक्कत ये हुई कि मोगैंबो के सारे दोस्त अपनी थकान उतारने के लिए समोसे और चाय उदरस्थ कर रहे थे। इधर मोगैंबो लेटा लेटा कुढ़ रहा था, सब के सब चूना तो उसी को लगा रहे थे। मरता क्या ना करता वाली कैफ़ियत थी उसकी। रात तक उसको एक बेड और उपचार, अम्मा की चिरिया बिनती की बदौलत दिया गया।

दूसरे दिन डाक्टरों की जांच पड़ताल के बाद पता चला कि आने वाले बीफै के दिन ऑपरेशन किया जायेगा, पैर में झौउआ भर के लोहा भी पड़ेगा। नियत दिन, नियत समय पूरा कुनबा मय पूड़ी सब्ज़ी वहां पहुंच गया। मोगैंबो ऐसे तैयार कराये गये जैसे बकरा हलाल करने से पहले पूजा जाता है। वह तो पहले ही इस कवायद में अधमरे हो चुके थे। राम राम करके शुभ घड़ी आई और उनको ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया। यहां भी उनको अम्मा और तीमारदारों ने खींचा। सुबह आठ बजे से शाम के पांच बजने वाले थे। कोई ख़बर नहीं आई कि क्या हुआ ? सर्जरी हुई की नहीं ? अचानक से देखा कि एक तीमारदार उनको खींचते हुए ला रहा है। पता चला कि आज उनका ऑपरेशन ही नहीं हुआ। पांच बज चुके थे, समय खत्म हो चुका था। कुछ सर्जरी डाक्टर्स कर भी चुके थे। लेकिन मेरा नंबर कब आयेगा के इंतजार में बिचरऊ उस टीन के स्ट्रेचर पर पड़े थे और अंत में बैरंग वापस कर दिये गये। यहां पर एक बात बताना बेहद जरूरी है कि इन जगहों में भी मुफ़्त में कुछ नहीं होता है। एकमुश्त ख़ासी रक़म जमा करवा ली गई थी। यहां भुनगा भी हिलाना हो, तो कम से कम सौ लोगों की लाइन में लगना पड़ता है। सब लोग सिर पकड़ कर बैठ गये कि अब क्या होगा ? वहां के डाक्टरों के अनुसार अगली डेट कब मिलेगी कोई भरोसा नहीं है। **(लेखक के अपने विचार है)**

## कविता


जया पाठक श्रीनिवासन

### प्रजातंत्र

कई देवताओं के होते हैं
दो से अधिक हाथ
स्वभाविक है
कार्य कुशलता
बढ़ जाती होगी
किन्तु एक से
अधिक सर होना
नहीं समझ आता
एक ही देह को
नियंत्रित करने के लिए
चार चार दिमाग !
ज़रूर होती होगी उनमे भी
देह पर वर्चस्व
के लिए जटिल होड़
कैसे तब
चुनती होगी बेचारी देह
उनमें अपने लिए
योग्य नायक
क्या देवताओं की देह
झेल पाती होगी
प्रजातंत्र की विडम्बना ?

# अमेरिका का भारत विरोधी गुप्त एजेंडा


रामस्वरूप रावतसरे

हाल ही में भारत के बड़े कारोबारी समूह अडानी ग्रुप को ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) ने निशाना बनाया। इसके निशाने पर अडानी ही नहीं, भारत की अर्थव्यवस्था है। ओसीसीआरपी अमेरिका से भारी फंडिंग लेता है। वही अमेरिकी एजेंसियाँ उसे पैसा देती हैं जो भारत विरोधी कामों में लिप्त रही हैं। यह सारा खुलासा एक फ्रांसीसी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट के अनुसार ओसीसीआरपी को 2007 में स्थापित किया गया था। यह दावा करता है कि विश्व के 6 महाद्वीपों में पत्रकारों का एक नेटवर्क है जो इस अपराध और भ्रष्टाचार की रिपोर्टिंग में एक्सपर्ट हैं। ओसीसीआरपी का दावा है कि वह पूरी तरह स्वतंत्र संस्थान है लेकिन अब फ्रांसीसी अखबार मीडियापार्ट ने खुलासा किया है कि यह अमेरिका के विदेश विभाग और एजेंसी यूएसएआईडी से पैसा लेते हैं।

मीडियापार्ट ने 2 दिसम्बर, 2024 को इस संबंध में एक खोजी रिपोर्ट प्रकाशित की है। 'द हिडेन लिंक्स बिटवीन जायंट ऑफ़ इनवेस्टिगेटिव जर्नलिज्म एंड यूएस गवर्मेंट' शीर्षक से प्रकाशित रिपोर्ट में मीडियापार्ट ने बताया है कि कैसे ओसीसीआरपी पर अमेरिका की सरकार का बड़ा प्रभाव है। मीडियापार्ट के अनुसार जहाँ ओसीसीआरपी खुद को पूरी तरह से स्वतंत्र बताता है, इसके मैनेजमेंट ने अमेरिका पर पूरी तरह से निर्भर कर दिया है। यह जानकारी इस जाँच में पता चली है। मीडियापार्ट ने बताया है कि ओसीसीआरपी का गठन ही अमेरिकी सरकार के पैसे से हुआ था। मीडियापार्ट की रिपोर्ट के अनुसार, अभी भी ओसीसीआरपी की फंडिंग का लगभग 50 प्रतिशत से अधिक अमेरिकी एजेंसियाँ देती हैं। यह एजेंसियाँ ओसीसीआरपी में अपने लोगों को नियुक्त करती हैं। ड्रियू सुलिवान इनमें से एक हैं। मीडियापार्ट ने यह भी बताया कि ओसीसीआरपी जहाँ अमेरिकी एजेंसियों से फंडिंग लेने की बात स्वीकारती है, वहीं यह नहीं बताती कि इसको कितनी फंडिंग मिलती है। मीडियापार्ट ने यह भी बताया कि ओसीसीआरपी अपने लेखों में भी कभी यह जानकारी नहीं दी कि उन्हें अमेरिका से फंडिंग मिलती है। यूएसएआईडी का ओसीसीआरपी में दखल कितना अधिक है, इसका अंदाजा यूएसएआईडी के एक अधिकारी की एक बात से लगाया जा सकता है। यूएसएआईडी के यूरोप और यूरेशिया के सीनियर एडवाइजर माइक हेनिंग ने ओसीसीआरपी को यूएसएआईडी की सबसे बड़ी उपलब्धि में से एक बताया था। ओसीसीआरपी ने अपने रिकॉर्ड से भी यह बात हटा दी है कि अमेरिकी सरकार ने उसकी स्थापना में क्या रोल निभाया था। इस रिपोर्ट में केवल यूनाइटेड नेशन द्वारा पैसे दिए जाने का उल्लेख किया है। ड्रयू सुलिवन ने दावा किया है कि यूनाइटेड नेशंस से मिला पैसा असल में ओसीसीआरपी को मिला पहला फंड था। ओसीसीआरपी को स्थापना के बाद से अब तक अमेरिकी सरकार से कम से कम 47 मिलियन डॉलर, यूरोपियन देशों (ब्रिटेन, स्वीडन, डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, स्लोवाकिया और फ्रांस) से 14 मिलियन डॉलर तथा यूरोपियन यूनियन से 1.1 मिलियन डॉलर मिल चुके हैं। यह धनराशि ओसीसीआरपी ने अपनी वेबसाइट पर नहीं बताई है। मीडियापार्ट के अनुसार, ओसीसीआरपी ने एक और प्रोजेक्ट को भी चलाया है जिसके अंतर्गत यह उन रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्रवाई करता है जिनकी इसने जाँच की है। दिलचस्प बात यह है कि तथाकथित 'स्वतंत्र संगठन' अमेरिकी सरकार की कभी आलोचना नहीं करता है। इसकी अधिकांश रिपोर्ट रूस, माल्टा, साइप्रस और वेनेजुएला जैसे देशों के बारे में खूब एक्टिविज्म करता है। मीडियापार्ट ने खुलासा किया है कि अमेरिका के विदेश विभाग ने वेनेजुएला के भ्रष्टाचार को उजागर करने और उसका मुकाबला करने के मिशन के लिए ओसीसीआरपी को 173,324 डॉलर भी दिए है। वेनेजुएला पर अमेरिका ने सैंक्शन लाद रखे हैं। मीडियापार्ट ने कहा, 'एक पत्रकार संगठन द्वारा अमेरिका की पहल पर और उससे पैसे लेकर ऐसी गतिविधियों का नेतृत्व करना, यहाँ तक कि एक उचित कारण के लिए भी महत्वपूर्ण नैतिक प्रश्न उठाता है।'

ओएसएफ ने संगठन की क्रॉस-बॉर्डर रिपोर्टिंग को 'मजबूत' करने और प्रभाव बढ़ाने के लिए संगठित ओसीसीआरपी को 8,00,000 (6.61 करोड़) का अनुदान भी दिया। 'पत्रकारों के नेटवर्क' ने अब तक दो हिट लेख प्रकाशित किए हैं, एक अगस्त 2023 में और दूसरा मई 2024 में। अडानी समूह और मॉरीशस स्थित फंड '360 वन' द्वारा ओसीसीआरपी के इन दावों को खारिज कर दिया गया। यहाँ तक कि भारत के सर्वाच्च न्यायालय ने भी फैसला सुनाया था कि ओसीसीआरपी की रिपोर्ट का इस्तेमाल सेबी द्वारा चल रही जाँच पर संदेह जताने के लिए नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिना किसी सत्यापन के किसी संगठन की रिपोर्ट पर सबूत के तौर पर भरोसा नहीं किया जा सकता। मीडियापार्ट के खुलासे ऐसे समय में हुए हैं जब गौतम अडानी को रिश्वतखोरी के कथित आरोपों को लेकर अमेरिका में परेशान किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिस यूएसएआईडी से ओसीसीआरपी पैसा लेता है, वह कई देशों में सरकारें बदलने के लिए ज़म्मिदार रहा है।जानकारों का कहना है कि यूएसएआईडी हाल ही में बांग्लादेश भी सत्ता परिवर्तन के खेल में शामिल था। यूएसएआईडी ने यहाँ ऐसी एजेंसियों को मदद दी थी जो शेख हसीना की सत्ता को अस्थिर करने के लिए लगी हुई थीं। बांग्लादेश में यह योजना अमेरिका ने 2019 से ही चालू कर दी थी। यूएसएआईडी ने यहाँ आईआरआई नाम की एक संस्था को पैसा दिया था। आईआरआई ने इसके लिए एक कार्यक्रम चलाया और यह जनवरी 2021 तक चला। आईआरआई ने कहा इस कायक्रम का उद्देश्य बांग्लादेश के भीतर उन लोगों को आवाज देना है, जो हसीना की दमनकारी सत्ता के विरुद्ध खड़े हो सकें। आईआरआई ने अपने इस कार्यक्रम में एलजीबीटी, बिहारी और बाकी समुदायों के लोगों के समूहों को समर्थन दिया। इसके तहत 77 'एक्टिविस्ट' को ट्रेनिंग भी दी गई। **(लेखक के अपने विचार है)**

# अम्बेडकर की नजर में भारत का आर्थिक दृष्टिकोण


डॉ. नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी

आज हमारा देश भारत पूरे विश्व में आर्थिक दृष्टि से एक सशक्त राष्ट्र बनकर उभर रहा है। वैश्विक स्तर पर कार्य कर रहे वित्तीय एवं निवेश संस्थान भारत की आर्थिक प्रगति की मुक्त कंठ से सराहना कर रहे हैं। भारत आज विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है और सकल घरेलू उत्पाद के मामले में विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है । संभवतः आगामी दो वर्षों में ही जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर भारत आज अग्रसर है। भारत आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश भी बन चुका है एवं भारत का शेयर बाजार भी आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा पूंजी बाजार बन चुका है। भारत ने 1947 में जब स्वतंत्रता प्राप्त की थी तब भारत की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय थी परन्तु 1991 के बाद भारत में आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में लागू किए सुधार कार्यक्रमों के बाद एवं विशेष रूप से 2014 के बाद से भारत की आर्थिक विकास दर में लगातार सुधार हो रहा है। डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर ने भी भारत द्वारा राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत के आर्थिक विकास का सपना देखा था एवं अर्थशास्त्र विषय पर उनकी अपनी अलग सोच थी।

यह देश का दुर्भाग्य था कि भारत की राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात उन्हें आर्थिक क्षेत्र में काम करने का मौका ही नहीं मिला अन्यथा आज भारत की आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत बन गई होती। बाबा साहेब को हम केवल भारत के संविधान निर्माता के रूप में ही जानते हैं परन्तु उन्होंने अपनी स्नातक एवं पीएचडी की पढ़ाई विश्व के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र विषय में की थी। अर्थशास्त्र उनका बचपन से ही पसंदीदा विषय रहा है। अर्थशास्त्र के विभिन्न विषयों पर उनके उल्लेखनीय शोध कार्य भी आज भी प्रासंगिक हैं। उक्त कारणों के चलते उनके सामाजिक कार्यों पर भी अर्थशास्त्र की छाप दिखाई देती थी। वे महिलाओं एवं दलितों को उद्यमी बनाने की बात करते थे तथा इस कार्य में तत्कालीन सरकार से इस संदर्भ में इन वर्गों की सहायता की अपील भी करते थे। उनका स्पष्ट मत था कि आर्थिक उत्थान के बिना कोई भी सामाजिक एवं राजनैतिक भागीदारी संभव नहीं होगी। बाबा साहेब ने जिन विषयों पर अपने शोध कार्य किए थे उनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं- भारतीय मुद्रा (रुपए) की बाजार मूल्य (विनिमय दर) की समस्या, महंगाई की समस्या, भारत का राष्ट्रीय लाभांश, ब्रिटिश भारत में प्रांतीय वित्त का विकास, प्राचीन भारतीय वाणिज्य, ईस्ट इंडिया कम्पनी का प्रशासन एवं वित्त, भूमिहीन मजदूरों की समस्या तथा भारतीय कृषि की समस्या। उक्त विषयों पर आपने केवल शोध कार्य ही सम्पन्न नहीं किया बल्कि इनसे सम्बंधित कई समस्याओं के व्यावहारिक एवं तार्किक हल भी सुझाए थे। अर्थशास्त्र के प्रसिद्ध प्राध्यापक अंबीराजन ने मद्रास विश्वविद्यालय में अपने अम्बेडकर स्मृति व्याख्यान में कहा था कि अम्बेडकर उन पहले भारतीयों में से एक थे, जिन्होंने अर्थशास्त्र में औपचारिक शिक्षा पाई और एक पेशेवर की तरह ज्ञान की इस शाखा का अध्ययन और उपयोग किया। भारतीय अर्थशास्त्र की परम्परा प्राचीन है। भारत में सदियों पहले 'अर्थशास्त्र', 'शुक्रनीति' और 'तिरुक्कुरल' जैसे ग्रंथ लिखे गए जबकि पश्चिम में अर्थशास्त्र का औपचारिक शिक्षण, 19वीं सदी के मध्य में प्रारम्भ हुआ। यह देश का दुर्भाग्य रहा कि तत्कालीन सरकारों ने बाबा साहेब की अर्थ के क्षेत्र में गहन समझ एवं अध्ययन का लाभ नहीं उठाया।

डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार ने उस खंडकाल में ही कई देशों में तेजी से पनप रहे पूंजीवाद के दोषों को पहचान लिया था तथा पूंजीवाद का पुरजोर विरोध करते हुए उन्होंने भारत में राष्ट्रीयत्व को प्राथमिकता देने का आह्वान किया था। बाद में, पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने भारत को 'एकात्म मानववाद' का सिद्धांत दिया। इस सिद्धांत के आर्थिक पक्ष को उभारते हुए पंडित दीनदयाल कहते थे कि सत्ता में रहने वाले दल की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि समाज में पंक्ति के सबसे पीछे खड़े व्यक्ति तक विभिन्न आर्थिक योजनाओं का लाभ पहुंचे, अन्यथा उस दल को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। बाद के खंडकाल में श्री दत्तोपंत जी ठेंगड़ी जी ने भी अर्थ को राष्ट्रीयत्व से जोड़ा था तथा इस संदर्भ में भारतीय नागरिकों में "स्व" के भाव को विकसित करने पर जोर दिया था। इसी प्रकार डॉ. अम्बेडकर के आर्थिक दर्शन में भी लगभग यही दृष्टि दिखाई देती हैं। बाबा साहेब भी आर्थिक एवं सामाजिक असमानता पैदा करने वाले पूंजीवाद के एकदम खिलाफ थे। 1923 में डॉ. अम्बेडकर ने लंदन स्कूल आफ इकोनोमिक्स से डीएससी (अर्थशास्त्र) की डिग्री प्राप्त की थी। आपने 1923 में ही वित्त आयोग की चर्चा करते हुए सुझाव दिया था कि वित्त आयोग का प्रतिवेदन प्रत्येक 5 वर्ष के अंतराल पर अवश्य आना चाहिए। साथ ही, लगभग इसी खंडकाल में आपने भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना का ब्लूप्रिंट तैयार करने में अपना योगदान दिया था। बाद में, भारतीय रिजर्व बैंक ने डॉक्टर साहेब के इस योगदान को स्वीकार करते हुए अपनी स्थापना के 81 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में डॉक्टर अम्बेडकर के नाम पर कुछ सिक्के जारी किए थे। बाबा साहेब ने कृषि क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते थे और कृषि क्षेत्र के विकास के हिमायती थे। उनका स्पष्ट मत था कि औद्योगिक क्रांति पर जोर देने के साथ साथ कृषि क्षेत्र को नजर अन्दाज नहीं किया जा सकता है। क्योंकि, देश की अधिकतम आबादी गांवों में निवास करती है एवं यह अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। और फिर उद्योग क्षेत्र के लिए कच्चा माल भी तो कृषि क्षेत्र ही प्रदान करता है। आधुनिक भारत की इमारत कृषि क्षेत्र के विकास पर ही खड़ी हो सकेगी। इन्हीं विचारों के दृष्टिगत उन्होंने कृषि क्षेत्र के पुनर्गठन के लिए क्रांतिकारी उपाय सुझाए थे। कृषि योग्य भूमि के राष्ट्रीयकरण की वकालत करते थे। **(लेखक के अपने विचार है)**

## एक नजर

### बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीना

**गाजीपुर।** सुहवल थाना अंतर्गत बुधवार की दोपहर चलती बाइक पर सवार बदमाशों ने कालूपुर त्रिमुहानी के पास टोयटो से घर जा रहे शिवबचन कुमार निवासी कालूपुर का एंड्रायड मोबाइल छीनकर फरार हो गया। इस कारण मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने लुटेरे का कुछ दूर तक पिछा भी किया, लेकिन वह तेज गति से सुहवल की ओर फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित युवक ने थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बहरहाल पुलिस इस घटना को छिनैती से इंकार कर रही है। उधर लोगों ने कहा कि थाना अंतर्गत इलाके में पुलिस का अपराधियों में तनिक भी खौफ नहीं रह गया है। ऐसे में लोग खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। लोगों ने कहा कि गश्त और पेट्रोलिंग के नाम पर पुलिस महज कोरम पूरा करने में जुटी है। लगातार अपराधियों के आतंक से इलाके के लोग सहमें हुए हैं।

### प्रधान व प्रिंसिपल के बीच मारपीट, लगाए आरोप

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के दोपहीं (अगरौली) ग्राम सभा में स्थित वाईबीएन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल व दोपहीं ग्राम प्रधान पति के बीच बुधवार की सुबह गाली-गलौज व मारपीट हुई है। इस दौरान विद्यालय में तोड़फोड़ भी किया गया है। इस मामले में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दिए हैं।वाईबीएन पब्लिक स्कूल दोपही की स्कूल बस बुधवार की सुबह करीब आठ बजे बच्चों को लेकर आ रही थी, स्कूल के बगल में स्थित ग्राम प्रधान के घर के सामने बस पहुंची तो वहां सड़क पर पिकअप खड़ी थी। उसी को हटाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। विद्यालय के प्रिंसिपल अनिल कुमार यादव ने थाने में दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान पति गणेश गुप्ता और उनके भाईयों ने हमारे स्कूल बस के ड्राइवर को मारपीट कर घायल कर दिया। इसकी शिकायती पत्र थाने में देकर वापस स्कूल आ रहे थे, तो अपने घर के समीप रास्ते पर मुझे भी मारे-पीटे और पुनः वे लोग विद्यालय परिसर में आकर केबिन में तोड़-फोड़ किया और अन्य लोगों से भी मारपीट की।

### मोटर दुर्घटना मामलों को करें चिन्हित

**देवरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत के भव्य सफलता हेतु जनपद न्यायाधीश देवरिया देवेंद्र सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण देवरिया में लम्बित मामलों का आपसी सुलह.समझौते के आधार पर निस्तारण हेतु पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार राय के अध्यक्षता में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी द्वारा प्री ट्रायल बैठक आहुत की गयी। बैठक में अधिक से अधिक मामलों में वादों को चिन्हाकन तथा निस्तारण हेतु वार्ता किया गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा जनपद के समस्त वादकारियों से अपील की गयी कि वे इस लोक अदालत में अन्य वादों के अलावा विशेषतः अपराधिक शमनीय वाद, 138 धारा पराक्रम लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, विद्युत एवं जल, पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस में वेतन एवं भत्ते सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद अन्य सिविल वादों किराया सुखाधिकार व्यायादेश विशिष्ट अनुतोष वाद, आदि के लम्बित मामले एवं प्री.लिटिगेशन विवादों का भी निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह समझौते के आधार पर करा कर इस लोक अदालत का लाभ उठावें।

### डॉ. प्रवेश बने राज्य विवि के मीडिया प्रभारी

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ के कुलसचिव ने डा. प्रवेश कुमार सिंह को विश्वविद्यालय का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। डा. सिंह को मीडिया प्रभारी बनाए जाने से विश्वविद्यालयी शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। डा. प्रवेश कुमार सिंह श्री दुर्गा जी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चण्डेश्वर में सहायक प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। साथ ही डा0 सिंह विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद के सचिव के रूप में भी अपना अहम योगदान दे रहे हैं। मंगलवार की देर शाम कुलसचिव विशेश्वर प्रसाद द्वारा जारी आदेश में डा0 सिंह को अग्रिम आदेशों तक विश्वविद्यालय का मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने के बाद लगातार इन्हें बधाईयां दी जा रही है और भरोसा जताया जा रहा है कि अब विश्वविद्यालय से जुड़े मीडिया के दायित्वों और प्रचार-प्रसार में तेजी आएगी। डा0 सिंह को मीडिया प्रभारी का दायित्व प्रदान करते हुए कुलपति प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय से जुड़ा मीडिया कार्य बेहद अहम है। कम समय में विवि की गतिविधियों को मीडिया तक पहुंचाने के लिए ही डा0 प्रवेश कुमार सिंह को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, जिसे वह सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की तरह ही ऊचांईयां प्रदान करेंगे। कुलपति सहित सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए डा0 प्रवेश कुमार सिंह ने कहा कि मुझे विश्वविद्यालय की गतिविधियों को तेज करने के लिए जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उस पर खरा उतरने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। बधाई देने वालों में डा0 राजेश, डा0 इंद्रजीत, डा0 पंकज सिंह, डा0 अतुल यादव, डा0 जेपी यादव, वीरेंद्र दुबे, डा0 सुजीत, प्रो0 गीता सिंह, प्रो0 जूही शुक्ला, प्रो0 बृजेश

# सड़क हादसे में पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की मौत

विश्ववार्ता संवाददाता




**आजमगढ़।** जनपद के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के अम्बारी इलाके के पांडेय का पूरा निवासी पीडब्लूडी कर्मचारी की रानी की सराय चेकपोस्ट के पास ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गयी। इस दुर्घटना में उनका भाई घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फूलपुर कोतवाली के अम्बारी पांडेय का पूरा निवासी सुनील पाण्डेय उम्र 35 वर्ष पुत्र स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय अपने भाई प्रदीप पाण्डेय के साथ मंगलवार की रात्रि में आजमगढ़ जा रहे थे। रानी की सराय चेक पोस्ट के पास किसी अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार सुनील पाण्डेय की मौत हो गयी। जबकि बाइक पर पीछे बैठा भाई प्रदीप पाण्डेय घायल हो गया। प्रदीप पाण्डेय को हल्की फुल्की चोटे आई हैं। सुनील पाण्डेय पीडब्लूडी में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी था। सुनील पाण्डेय की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। बता दें कि पिता ओमप्रकाश पाण्डेय का देहांत साल भर पहले हो गया था। पिता की मौत के बाद सुनील की मृतक आश्रित के रूप में पीडब्ल्यूडी में चतुर्थ श्रेणी पद नियुक्ति हुई थी। मृतक सुनील 5 भाइयो में सबसे बड़ा था। माता सुमन पाण्डेय रो-रोकर बेहोश हो जा रही हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फाइलेरिया के प्रति भ्रान्तियां दूर करने में सहयोग करें पीएसपी

**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर गरीब पट्टी से सम्बंधित फाइलेरिया मरीजों को बुधवार कोप्राथमिक विद्यालय गरीब पट्टी में पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सहयोग से एमएमडीपी प्रशिक्षण व किट वितरित किया गया। मरीजों को फाइलेरिया बीमारी, उससे बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सीएचओ द्वारा डेमो देकर फाइलेरिया प्रभावित अंगों की साफ - सफाई व्यायाम के माध्यम से हाथीपांव की सूजन को कम करने और फाइलेरिया रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरानजिला मलेरिया अधिकारी चंद्रप्रकाश मिश्रा ने कहा कि कहा कि पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सदस्य रोगी हितधारक मंच के सदस्य फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करें।

# हिंदू हितों की रक्षा के लिए भारी संख्या में उमड़े लोग

विश्ववार्ता संवाददाता

**देवरिया** : बुधवार, हिंदू रक्षा संघर्ष समिति देवरिया के तत्वाधान में शहर के टाउन हाल में बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में विशाल आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमे जनपद के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हिन्दू समाज के हजारों लोग सम्मिलित हुए । टाउन हॉल परिसर में प्रदर्शनकारियों ने विशाल जनसभा की उसके बाद हाथ में भगवा झंडा लिए तथा बांग्लादेश सरकार के खिलाफ और युनुस खान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक गई और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा । सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि बांग्लादेश के प्रारंभ का कारण हिंदुस्तान है अगर प्रारंभ का कारण हिंदुस्तान है तो वो बाध्य न करे कि उसके विनाश का कारण भी हिंदुस्तान बने । बांग्लादेश की गूंगी और बाहरी युनुस सरकार हिन्दुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार को मौन रूप से देख रही है । हिंदू परंपरा के प्रतीक मंदिरों को को नुकसान पहुंचाया जा रहा है । वहां की महिलाओं, बच्चों को यातनाएं दी जा रही हैं वहां की हिन्दू बेटियों और महिलाओं का शील हरण किया जा रहा है। यहां की इस सभा के माध्यम से देवरिया की जनता भारत के राष्ट्रपति से और संयुक्त महासभा से यह मांग करती है कि बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को तत्काल रोकने का प्रबंध करे अन्यथा यह आंदोलन बांग्लादेश के विनाश का कारण बनेगा ।

# विद्युत निजीकरण के विरोध में कम्युनिस्टों ने किया प्रदर्शन

विश्ववार्ता संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने विद्युत वितरण खण्ड कसया कार्यालय पर

विरोध प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता कसया को सौंपा।

बुधवार को माकपा कार्यकर्ताओं ने अधीक्षण अभियंता कसया को सौंपे ज्ञापन में बिजली विभाग के निजीकरण के फ़ैसले को वापसी की मांग की। पार्टी के जिलामंत्री कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव ने कहा कि दक्षिणांचल व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगमों को निजी हाथों में सौंप देने का फ़ैसला वापस लेने की मांग की। कहा कि इससे विद्युत मूल्य काफी बढ़ जाएगा और कर्मचारियों की छटनी भी होगी। ज्ञापन में निजीकरण



रोकने, बिजली बिल विधेयक 2022 वापस लेने, स्मार्ट मीटर लगाने, विद्युत मूल्य वृद्धि वापस लेने, जर्जर तार, पोल, ट्रांसफार्मर बदलने, गलत रीडिंग दे रहे मीटरों को बदलने, विभाग में रिक्त पदों को भरने, संविदा कर्मियों को नियमित करने, सरकार द्वारा बिजली विभाग में छः माह तक हड़ताल पर रोक के गैर जन तांत्रिक आदेश वापस लेने की मांग की। इस दौरान कैलाश गिरी, राजेन्द्र सिंह, जवाहर शर्मा, केदार सिंह, शंम्भू चौहान, महमूद अंसारी उपस्थित रहे।

## लपटों में चार रिहायशी झोपड़ी जलकर राख

**बलिया।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चक कलंदर (चकिया) गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में चार रिहायसी झोपड़िया सहित नगद व खाने-पीने के गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना हल्का लेखपाल को दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चक कलंदर (चकिया) गांव में बुधवार की दोपहर रामचंद्र गोंड पुत्र स्व. वस्जित गोंड के झोपडी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग विकराल रूप ले लिया तथा बगल के रामाश्रय खरवार पुत्र स्व. हरदेव राम तथा ममता देवी पत्नी मनोज राजभर के भी झोपडी को अपने चपेटे में ले लिया। घटना की जानकारी होते ही गांव के आसपास के लोग दौड़े हुए आए तथा आग को बुझाने का प्रयत्न करने लगे करीब 2 घंटे अथक प्रयास के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया।

# फर्जी दर्ज 37 नामों को निरस्त कर करोड़ो की भूमि केडीए ने वापस ली

**कानपुर।** नगर के ग्राम बारा सिरोही में स्थित कानपुर प्राधिकरण के स्वामित्व की कुल रकबा 7 बीघा 13 बिस्वा भूमि जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 58 करोड़ है। इस समस्त भूमि पर फर्जी, अवैध तरीके से 37 निजी काष्तकारों के नाम दर्ज है। इन अवैध नामों को खारिज कर के केडीए का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जायगा। नगर के ग्राम-बारासिरोही के अन्तर्गत कानपुर विकास प्राधिकरण की भूमि पर फर्जी, अवैध तरीके से खतौनी में निजी काश्तकारों का नाम होने पर विषेष कार्याधिकारी, जोन-2 ने गहनतापूर्वक जांच करायी थी।

जाँच के बाद उपरोक्त केडीए के स्वामित्व की भूमि में फर्जी, अवैध तरीके से दर्ज 37 निजी काश्तकार के नाम को खारिज कर केडीए का नाम खतौनी में दर्ज करने की प्रक्रिया प्रस्तावित कर दी गयी है। इसके लिए केडीए के भूमि बैंक की विशेष टीम गठित कर उसे कार्यवाही हेतु सचेत किया गया है।

प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी ने यह भी बताया है कि प्राधिकरण की स्वामित्व की अन्य आराजियों की भी नियमानुसार जांच करायी जा रही है, ताकि ऐसी फर्जी दर्ज भूमि को चिन्हांकित करते हुए केडीए के भूमि बैंक में बढ़ोत्तरी की जा सकें।

## तेज रफ्तार बस ने किशोरी को कुचला, मौत

**कानपुर।** बिल्हौर थानाक्षेत्र में बुधवार को पिता के साथ मेला देखने जा रही किशोरी को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। हादसे में किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। चौबेपुर थानाक्षेत्र के तातियागंज गांव निवासी धीरज की 13 वर्षीय पुत्री आरूषि कक्षा तीन की छात्रा थी। आरुषि अपने पिता के साथ बाइक से किशुनपुर गांव में आयोजित हो रहे महावीरन मेला देखने गई थी। देर रात मेला देखकर आते समय अभी वह अमिलिया गांव पहुंचे थे कि तभी सामने रोड क्रास करते समय तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि किशोरी बाइक से गिरकर बस के पहिये के नीचे आ गई। इस दौरान बस चालक भागने के चक्कर में किशोरी को कुचलता हुआ निकल गया।

# बांग्लादेश के हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हुआ जन-जागरण

विश्ववार्ता संवाददाता

**कुशीनगर।** हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति कुशीनगर के तत्वावधान में आज बुधवार को बांग्लादेशी हिन्दूओं के सम्मान व पक्ष में कसया नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्वैचारिक संगठनों ने 5 दिसम्बर को जिला केन्द्र रविन्द्रनगर धूस के बुद्धा पार्क में होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन हेतुकसया नगर में में सूचना पत्रक बांटकर व्यावसायिक लोगों को जागरूक किया तथा धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए निवेदन किया।

जागरूकता रैली को नेतृत्व कर रहे बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के गणित विभाग के अध्यक्ष एवं सह विभाग संघचालक डा चन्द्रशेखर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बांग्लादेश के



हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर पूरी दुनियां का ध्यान आकृष्ट करने के लिए भारत के हिन्दुओं द्वारा देश के सभी मुख्यालयों पर वृहद् धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कुशीनगर जिले द्वारा 5 दिसम्बर 24 को जिला मुख्यालय के बुद्धा पार्क में 11 बजे से होना सुनिश्चित हुआ है। इसी निमित्त कसया नगर में जन जागरण यात्रा निकाली गई। हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के स्वयंसेवकों द्वारा अधिवक्ताओं, व्यापारियों एवं समाज के सभी संवेदनशील नागरिकों को पत्रक के माध्यम से अवगत कराया गया। इस जन जागरण अभियान में सुरेश प्रसाद गुप्ता, जिला कार्यवाह देवेन्द्र, जिला प्रचारक प्रवीण, डा लक्ष्मण श्रीवास्तव, मंटू मद्धेशिया, अवधेश कुशवाहा, माधवेंद्र सिंह, सिद्धार्थ मणि इत्यादि सम्मिलित रहे।

## संसद में गूंजी रेवती स्टेशन बहाली की मांग

बलिया। रेवती रेलवे स्टेशन बहाली की मांग बुधवार कसे संसद में गूंजी। इसके बाद आंदोलकारियों के चेहरे पर आशा की किरण जगी है। सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने बुधवार को संसद में कहा कि रेवती रेलवे स्टेशन को हॉल्ट कर प्लेटफार्म की पटरी उखाड़ ली गई। इसके चलते एक व्यक्ति मर चुका है और तीन लोग घायल हो चुके हैं।

उन्होंने स्टेशन बहाल करने की मांग की। साथ ही मंगलवार के दिन प्रदर्शन के दौरान आरपीएफ से नोंक-झोंक के मामले में आरपीएफ के कांस्टेबल रामजीत चौधरी ने रेवती थाने में महावीर तिवारी के विरुद्ध धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। इसी क्रम में बुधवार को 6वें दिन तबीयत खराब होने के कारण ओमप्रकाश उर्फ मुन्नु कुंवर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अब 12वें दिन यानी बुधवार से भूख हड़ताल में सीताराम बैठे हैं।

# बाइक सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली

विश्ववार्ता संवाददाता

**गाजीपुर।** सुहवल थाना अंतर्गत सुहवल-नगसर मार्ग पर बीते देर रात को पेट्रोल पंप से पहले एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने तिलक समारोह से अपने दोस्त के साथ घर लौट रहे बाइक पर सवार श्रीकेश सिंह कुश्वाहा-32 निवासी बडौरा को गोली मार दी। इसके कारण युवक खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। उधर बदमाश खुद को पकड़े जाने की डर से बाइक को मौके पर छोड़ पैदल हवा में कई राउंड फायर करते हुए भाग गए। इस घटना की जानकारी घायल ने परिजनों को दी तो उनमें कोहराम मच गया। इसके बाद परिजनों ने गोली मारने की सूचना थाने को दी। पुलिस प्रशासन में हडकंम्प मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोली से घायल युवक को किसी तरह जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालात गंभीर देख चिकित्सक वाराणसी रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन घायल को वाहन से वाराणसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसकी हालात अभी भी गंभीर बनी हुई है। इस घटना के मामले में घायल के पिता गंगा प्रसाद ने तीन अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने हत्या के प्रयास आदि के मामले में मुकदमा दर्ज कर मौके से एक बाइक बरामद कर छानबीन में जुटने के साथ ही बदमाशों की तलाश में जुट गई। लेकिन बदमाशों का पुलिस कुछ पता नहीं लगा सकी।

# बांग्ला देश के हिन्दुओं के लिए बने अलग राष्ट्र

विश्ववार्ता संवाददाता



**आजमगढ़।** बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीडन के विरोध में बुधवार को शहर के कलेक्ट्रेट पर विभिन्न हिन्दू संगठनों की ओर से विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद जितेन्द्रानंद सरस्वती ने बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए अलग राष्ट्र बनाए जाने की मांग की। आजमगढ़ के कलेक्ट्रेट क्षेत्र में बुधवार को लगभग एक बजे हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के तत्वावधान में विभिन्न हिन्दू संगठनों ने बांग्लादेश में हिंदू मठ मंदिरों पर हमले, तोडफ़ोड़ व महिलाओं व बच्चियों संग दुष्कर्म, दुकानों में लूटपाट जैसी घटनाओं के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में हिंदू नेताओं, इस्कान प्रतिनिधियों, श्री श्री 1008 श्री दुर्गा जी सेवा ट्रस्ट तथा अन्य मठ मंदिरों से आए धर्माचार्यों ने बांग्लादेश में हिंदू धर्मावलंबियों पर अत्याचारों को मुखरता से उठाया। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि इतिहास ने देखा है कि हिंदुओं पर इस देश व विश्व में कितना अत्याचार हुआ। जो लोग पूछते हैं कि कैसे हिंदू मठ, मंदिर तोड़े गए और साजिश के तहत हिंदुओं का नरसंहार हुआ था। बांग्लादेश को देखकर कह सकते हैं कि ऐसे ही हमेशा हिन्दुओं पर अत्याचार हुआ था। चाहे कश्मीर में हिंदुओं का सफाया हो या अन्य स्थान पर, एक बार फिर वही दोहराया जा रहा है। आज समय आ गया है कि हमें पूरे विश्व में 129 देशों में बसे हिंदुओं को दिखाना होगा कि आज भारत में कैसे गांव-गांव में हिंदू एकजुट है और सभी जाति, मत से ऊपर उठकर एकजुटता का परिचय दे रहे हैं। अब भारत की सरकार ही समय तय करे कि कब व कैसे बांग्ला देश पर क्या कार्रवाई करनी है। धरना प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को नामित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के गोरखपुर क्षेत्र के अध्यक्ष सहजानंद राय, भाजपा जिलाध्यक्ष आजमगढ़ श्रीकृष्ण पाल, भाजपा

# बांग्ला देश के पीएम पर दबाव बनाकर रोकें अत्याचार : प्रवीण

विश्ववार्ता संवाददाता

» कहा- अपनी सरकार में धरना-प्रदर्शन का नाटक क्यों कर रही भाजपा

**आजमगढ़।** बांग्ला देश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि देश में 2014 से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। भाजपाई इसे दुनिया की सबसे मजबूत सरकार बताते हैं और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी की सरकार होने का दावा करते हैं। इसके बावजूद पड़ोसी देश जो हमारा मित्र देश था, अगर वहां दंगे हो रहे हैं तो निश्चित तौर पर यह दुखद है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में दक्षिणपंथ हावी हो रहा है, जो आपसी सौहार्द में बिखराव के साथ पूरी दुनिया के लिए निराशाजनक है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा के लोग आंदोलन करके किसको संदेश देना चाह रहे हैं। सरकार उनकी है, तमाम देशों में उनके एक फोन पर युद्ध रुक जाते हैं तो बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पर दबाव बनाएं और उनसे बोलें कि वहां हिंदुओं पर अत्याचार क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्ला देश में हो रही घटनाएं बहुत ही दुखद व निंदनीय है तथा किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के रहते ऐसा नहीं होना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि भारत में भाजपा की सरकार समाज में जहर घोलने का काम कर रही है। सनातन यात्रा निकाल रहे हैं, सनातन की परिभाषा भी इन्हें ठीक से पता नहीं है। सनातन को बदनाम करने का काम यह पार्टी कर रही है।

# डीएम ने विटामिन ए कार्यक्रम का किया शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

**देवरिया,** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बुधवार को न्यू पीएचसी सोमनाथ में आयोजित 'विटामिन ए संपूर्ण' कार्यक्रम के बूथ का उद्घाटन कर इस विशेष अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में एक साथ इस अभियान का शुभारंभ किया गया।

जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी ने भी बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाया, जिससे इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण का विशेष ध्यान रखा जाए। यह अभियान स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस विभाग के सहयोग से 3 जनवरी तक चलाया जा रहा है, जिसमें नौ माह से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण के साथ विटामिन ए की खुराक



» 427 सत्रों के माध्यम से बच्चों को मिलेगा पोषण

» बच्चों के स्वास्थ्य का पूरा रखें ध्यान : जिलाधिकारी

दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि माताओं को बाल्य रोगों से बचाव के लिए स्तनपान और ऊपरी आहार के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सके।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेश झा ने कहा कि बाल 'विटामिन ए संपूर्ण' कार्यक्रम में नियमित टीकाकरण सत्र और वीएचएनडी सत्र में 4 लाख 5 हजार बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रत्येक बुधवार और शनिवार को 427 सत्र लगाए जाएंगे। 427 एएनएम के माध्यम से टीकाकरण सत्रों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विटामिन-ए बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। बताया कि नौ माह से 12 माह और 16 माह से 24 माह के बच्चों को नियमित टीकाकरण सत्र में खसरा के प्रथम और दूसरे टीके के साथ विटामिन-ए का घोल पिलाया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिन्हा, एसीएमओ डॉ. अजय शाही, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. आरपी यादव, डीपीएम पूनम, एमओआईसी डॉ. गरिमा, डब्ल्यूएचओ परामर्शदाता डॉ. श्रेठा, परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल सहित आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गायघाट के पास बलिया-बैरिया मार्ग पर बीती रात बारात से लौट रहे दो सगे भाइयों की बाइक खड़े ट्रक से टकराने व अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक भाई की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए तथा घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के बिगहीं गांव निवासी विजय कुमार वर्मा व नंद कुमार वर्मा पुत्रगण स्व० बृज बिहारी वर्मा बारात में बाइक से बैरिया गए थे। सोमवार की रात बारात से वापस लौटते समय हल्दी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गायघाट के पास खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण रोड पर दोनों भाई गंभीर रूप से घायल होकर गिर गए। तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से विजय कुमार वर्मा-59 की मौके पर मृत्यु हो गई।

**उठाई मांग** संयुक्त किसान मोर्चा यूपी के पदाधिकारियों ने इस फैसले को बताया जन विरोधी, कहा कि बिजली आम जन की जरूरत

# बिजली के निजीकरण का फैसला वापस ले सरकार

विश्ववार्ता संवाददाता

**गाज़ीपुर।** संयुक्त किसान मोर्चा यूपी ने उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण को जन विरोधी और कार्पोरेट्स का मुनाफा बढ़ाने वाला बताते हुए प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर धरना/प्रदर्शन कर इसका विरोध जताया। इस आह्वान के तहत बुधवार को गाज़ीपुर जिला मुख्यालय स्थित सरजू पांडे पार्क में सभा आयोजित कर ज्ञापन सौंपा गया।

सभा को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा यूपी के कोर कमेटी सदस्य सह अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि पावर कार्पोरेशन के घाटे के कारण निजीकरण की दलीलें बेबुनियाद और जनता के आंख में धूल झोंकने वाली है, यह कदम अदानी, अंबानी और टोरेंटो जैसी कंपनियों के पक्ष में है। सरकार इसके लिए पिछले कई सालों से प्रयास कर रही थी, जो संयुक किसान मोर्चा और बिजली कर्मचारियों मजदूरों के कड़े विरोध के चलते सफल नहीं हो पाई। अब ट्रिपल पी के बहाने प्रथम चरण में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगमों को पूंजीपतियों को सौंपकर बिजली निजीकरण के काम को चालाकी से आगे बढ़ा रही है। जबकि ऐतिहासिक किसान आंदोलन के समय मोदी सरकार ने अन्य मांगों के साथ बिजली निजीकरण बिल को संयुक्त किसान मोर्चा से सलाह किए बगैर आगे न बढ़ाने के लिखित समझौते से मोदी सरकार मुकर गई है। साथ ही भाजपा की योगी सरकार सभी उपभोक्ताओं को 300 यूनिट फ्री और सिंचाई हेतु बिना शर्त फ्री बिजली देने के चुनावी वायदे से तो पीछे हट गई है। उल्टा स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य करते हुए अब निजीकरण का फैसला ले लिया है। यह किसानों मजदूरों के साथ डबल इंजन सरकार का बड़ा हमला है।

श्री कुशवाहा ने आगे कहा कि जहां तक बिजली के बकाया का प्रश्न है तो 2023 -24 तक एक लाख 10 हजार करोड़ का बकाया बताया जा रहा है, जबकि बिजली बिलों का बकाया 1 लाख 15825 करोड़ रुपये हैं। जिसका बड़ा हिस्सा सरकारी दफ्तरों, इंडस्ट्रीज, पुलिस विभाग आदि पर है। अगर इसे वसूल कर लिया जाए तो भी 5825 करोड़ फायदे में रहेंगे बिजली निगम। यहां यह भी संसद में बउल्लेखनीय है कि विद्युत नियामक आयोग के अनुसार पहले से ही 34 हजार करोड़ रुपये उपभोक्ताओं का निगमों पर निकलता है, जो उपभोक्ताओं को नहीं दिया जा रहा है। एक और तथ्य है कि हाल ही में 55 हजार करोड़ रूपये बिजली आधुनिकीकरण के लिए सरकार द्वारा खर्च किया जा रहा है।

सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुभव दास ने कहा कि आजादी के बाद संसद में बिजली कानून पेश करते हुए बिजली मंत्री के रूप में डॉक्टर आंबेडकर ने कहा था कि बिजली सामाजिक जरूरत है। इसे सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा बिना लाभ हानि के सभी को मुहैया करानी होगी। अब मोदी योगी सरकारें बिजली के निजीकरण पर आमादा है।

गौरतलब है कि वर्ष 2000 में भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा जब विद्युत बोर्डों का विघटन किया गया था। तब उत्तर प्रदेश में 77 हजार करोड़ का घाटा था।यह 24 वर्षों में बढ़कर एक लाख 24 हजार करोड़ रुपये हो गया है। इससे स्पष्ट है कि घाटे के लिए सरकार की नीतियां और नौकरशाही जिम्मेदार है। सभा को मनरेगा मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबिका प्रसाद श्रमिक ने संबोधित किया और मांग किया कि मनरेगा को खेती से जोड़ा जाए।

सभा में योगी सरकार द्वारा बिजली विभाग में छह महीने तक हड़ताल पर रोक की निंदा करते हुए किसानों मजदूरों, बिजली कर्मचारियों अधिकारियों और आम जनता से एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान किया गया। राज्यपाल को संबोधित सात सूत्री ज्ञापन में निजीकरण रोकने, बिजली के संविदा कर्मियों को नियमित करने,300 यूनिट फ्री बिजली देने व फर्जी बकाया बिजली बिल माफ करने आदि की मांग की गई।

सभा को किसान सभा के जिला अध्यक्ष नसीरुद्दीन, किसान महासभा के जिला सचिव सत्येन्द्र प्रजापति, किसान सभा जिला मंत्री योगेंद्र यादव आदि ने संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता अम्बिका प्रसाद श्रमिक और संचालन किसान महासभा के राज्य सहसचिव शशिकांत कुशवाहा ने किया।

## रबी फसल की बुआई के वक्त बाजार से खाद-बीज गायब-बसंत कुमार सिंह

**बलिया।** रबी फसल की बुआई का समय सबाब पर है। लेकिन बाजार से खाद-बीज गायब है। यह बातें अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला संयोजक बसंत कुमार सिंह उर्फ मुन्नी सिंह ने कही। उन्होंने किसानों की परेशानी को देखते हुए बुधवार को चांदुपाकड़ में बैठक के दौरान बताई। आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार दावा कर रही है कि कहीं भी खाद्य-बीज की कमी नहीं है। जबकि सारे केंद्रों व बाजार से खाद-बीज गायब है। किसानों के बीच हाहाकार मचा हुआ है। किसान परेशान हैं। इस पर किसान नेता ने कहा कि सरकार की मंशा है कि खेती को चौपट कर दिया जाए, खाद्य-बीज इतना महंगा कर दिया जाए जिससे खेती से किसानों का मोहभंग हो जाए।

## एक नजर

### आधा दर्जन लोगो ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुसीयरा गांव निवासी धनी लाल, रामनंदन, तीर्थ, कृष्ण कान्ति, मुन्ना ने बुधवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है की पशुपालन विभाग कुँआ आदि योजनाओं के कर्ज को माफ कराने के नाम पर संतनगर थाना क्षेत्र के रामपुर बोदा गांव निवासी एक व्यक्ति धनी लाल से 91 हजार रूपये व रामनंदन से 60 हजार रूपये,भुवर से 45 हजार रूपये तीर्थ से 70 हजार रूपये कृष्ण कांति से 50 हजार रूपये व अन्य लोगो से कर्ज माफ कराने के नाम पर लाखों रूपये लेकर फरार हो गया। सभी लोगो के नाम से तहसील से कर्ज के बकाया धनराशि को जमा करने के लिए आरसी जारी होने के बाद सभी लोगो में हड़कंप मच गया। आरसी जारी होने के बाद अमीन द्वारा आरसी का बकाया जमा करने के लिएदबाव बनाया जा रहा है। लोगो ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए पैसा लेकर भागने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है जिससे कर्ज माफ हो सके।

### विधायक ने खेती का किया निरीक्षण

**हलिया (मिर्जापुर)।** कृषि विभाग हलिया द्वारा एनएफएसएम प्रदर्शनी द्वारा किसान भगवत मौर्य द्वारा गरेर गांव कराई गई चने, मसूर, अरहर आदि की खेती का निरीक्षण किया और फसलों को देखा। किसान द्वारा असंचित क्षेत्र में कराई गई प्रदर्शनी की खेती देखकर विधायक ने प्रशनता जाहिर की। किसान से प्रदर्शनी के खेती के संबंध में जानकारी ली। जिस पर किसान ने बताया कि विद्युत पोल न होने के कारण फसल कि सिंचाई नहीं हो पा रही है जिससे फसल अच्छी नहीं हो पा रही है। जिस पर विधायक ने उपखण्ड अधिकारी से वार्ता करने के आश्वासन दिया है। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक सुधीर श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी नरेंद्र कानापुरिया, ग्राम प्रधान भटवारी सीएम फेलो गौरव सिंह,राजेश मौर्य, लालजी मौर्य आदि मौजूद रहे।

### बाइक विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैधा गांव निवासी सराफत अली ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोटिल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है और मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दिए गये तहरीर में आरोप लगाया है कि बाइक के विवाद को लेकर मंगलवार को गांव निवासी हैदर अली कुए पर सबबल लेकर आ गया और गाली गलौज देते हुए मुझे मारने लगे। जिससे सिर फट गया जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोटिल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है और मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

### जहरीले कीड़े के काटने से भैंस की मौत

**सक्तेशगढ़ (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के मटिहानी गांव मेंजहरीला जंतुके काटनेसे भैंस की मौत हो गई। पशुपालक अनुदेवी नेबतायाकि रोज की भांति शाम को पशुबाड़े में भैंस को बांधा था। सुबह बाड़े सेभैंस बाहर निकालतेसमय अचानक मुंह सेझाग निकलनेलगा और देखतेही भैंस की तत्काल मौत हो गई जिसकी सूचना लेखपाल व ग्राम प्रधान संतोष कुमार मौर्यएडवोकेट को दिया गया। मौके पर प्रधान पहुंच कर हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

### जिलाधिकारी ने की ई फाइलिंग प्रगति की समीक्षा

**हरदोई।** कलक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जनपद में ई फाइलिंग की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में ई फाइलिंग की प्रगति में तेजी लायी जाये। सभी अधिकारी व कर्मचारी अधिक से अधिक फाइलों को ई फाइलिंग के माध्यम से प्रचालित करें। ई फाइलिंग से अपरिचित अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया जाये। जिलाधिकारी ने स्वयं अपनी डीएससी लगाकर एक फ़ाइल चलायी। तकनीकी प्रकिया में डीआईओ एनआईसी द्वारा सहयोग किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में बीए की छात्रा घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में स्थित उज्जवला सिंह डिग्री कॉलेज के समीप बीए की छात्रा को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसको नज़दीकी स्वास्थ केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के धरमदासपुर गांव निवासी कामता प्रसाद की 18 वर्षीय पुत्र महिमा कोतवाली क्षेत्र में स्थित उज्ज्वला सिंह डिग्री कॉलेज की फर्स्ट ईयर की छात्रा है। आज सुबह स्कूल पढ़ने आई थी जब वह स्कूल के समीप पहुंची तभी बाइक सवार ने उसको टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए हरदो स्वास्थ केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी 108 एंबुलेंस के ईएमटी मोहर्रम अली व पायलट अभिषेक के साथ जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

### बाइक भिड़ंत में युवक घायल

**फतेहपुर।** थरियांव थाने के समीप दो बाइकों की भिड़ंत हो गई जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बैरमपुर गांव निवासी राम प्रकाश का 24 वर्षीय पुत्र कृष्ण बाबू सब्जी बेचने का काम करता है। आज सुबह वह बाइक पर सवार होकर खागा सब्जी मंडी से सब्जी खरीदने गया था। सब्जी खरीद कर बाइक से वापस लौट रहा था। जब उसकी बाइक थरियांव थाने के समीप पहुंची तभी दूसरी बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई, जिसमें कृष्ण बाबू गम्भीर रूप से घायल हो गया, घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए थरियांव स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी 108 एंबुलेंस के ईएमटी अरुण कुमार व पायलट सौरभ के साथ जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### हादसे में महिला घायल, कराया भर्ती

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के गाजीपुर रोड अंदौली पुलिया के समीप अपने घर की छत से सीढ़ियों के रास्ते नीचे गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाजीपुर रोड अंदौली पुलिया के समीप निवासी रामदास गुप्ता की 38 वर्षीय पत्नी सीमा गुप्ता आज सुबह अपने घर की छत पर थी। तभी उसका संतुलन बिगड़ा और वह सीढ़ियों के रास्ते नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

### गर्भवती महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरोत्तमपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन माह की गर्भवती महिला की मौत हो गई। वहीं मृतका के भाई ने पति व सास पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार नरोत्तमपुर गांव निवासी पद्युम्न नारायण की 23 वर्षीय पत्नी शीलू की मंगलवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई विजय पाल सिंह निवासी बरैचा थाना खखरेरू ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी तीन वर्ष पूर्व की थी। शादी के बाद से ही सास व पति आए दिन उसे दहेज के लिए मारते-पीटते थे। उसने बताया कि कुछ दिन पूर्व जीजा ने पचास हजार रूपए मांगे थे। कुछ दिन बाद देने के लिए कहा था लेकिन जीजा को सबर न हुआ और मंगलवार की शाम उसकी गर्भवती बहन को मारापीटा।

### छप्पर में लगी आग की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करसवां में मंगलवार की देर रात घर के बाहर छप्पर के नीचे सो रहे 70 वर्षीय वृद्ध की अचानक आग लग जाने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करसवां गांव निवासी स्व0 फगुना का पुत्र जगतपाल अपने घर के बाहर छप्पर के नीचे सो रहा था। तभी अचानक छप्पर में आग लग जाने से चपेट में आ गया जब तक गांव वाले कुछ समझ पाते तब तक उसकी जलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# आटो और ट्रक की भीषण भिड़ंत, तीन ने तोड़ा दम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरदोई।** सांडी थाना क्षेत्र में ट्रक और ई रिक्शा की भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में ई रिक्शा चालक समेत दो की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक ने बाद में दम तोड़ दिया। वहीं हादसे में तीन लोग घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

हादसा सांडी थाना क्षेत्र में कटरा-बिल्हौर मार्ग पर लक्ष्मणपुरवा के पास हुआ। सांडी थाना क्षेत्र के चौधरियापुर गांव निवासी प्रमोद की पुत्री वैष्णो देवी की फर्रूखाबाद के पट्टिया गांव में ससुराल है। परिवारीजनों ने बताया कि वैष्णो देवी की ननद प्रियंका की शादी गुरुवार को है। बुधवार को मानीमऊ निवासी 19 वर्षीय गुफरान का प्रमोद ने ई-रिक्शा बुक कराया था। ई-रिक्शा से प्रमोद की पत्नी 45 वर्षीय सुधा 14 वर्षीय पुत्री महिमा और 12 वर्षीय पुत्र देव और उनके भाई महेश पाल की 45 वर्षीय पत्नी सुधा व पुत्र 15 वर्षीय शोभित फर्रूखाबाद जा रहे थे। सांडी-हरपालपुर मार्ग पर बखरिया गांव के मोड़ के पास खाली ड्रम लेकर आ रहे ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसके बाद चालक ने ट्रक रोकने के बजाय भगाने का प्रयास किया। जिससे ई-रिक्शा ट्रक में फंसकर करीब 100 मीटर दूरी तक घिसटता चला गया। हादसे में चालक गुफरान और महिला सुधा और उसकी बेटी महिमा की मौत हो गई। बाकी अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया।



# सीडीओ ने सफाई कर्मी को किया निलम्बित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**टोडरपुर हरदोई।** बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी द्वारा ब्लाक सभागार में मनरेगा, एनआरएलएम एवं प्रधानमंत्री आवास तथा पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति देखी गयी तथा मनरेगान्तर्गत पिस्तिया में गूल निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश सहायक अभियंता संजीव दीक्षित को दिये गये। निरीक्षण के समय बीडीओ मानवेन्द्र शर्मा अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आरआरसी सेन्टर सिकन्दपुर बाजार ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर मजरा चन्द्रपुर में निर्माणाधीन आर.आर.सी.सेन्टर का निरीक्षण किया गया। आरआरसी सेन्टर पर वांशिग यूनिट एवं वर्मी कम्पोस्ट से निकलने वाली स्लेरी हेतु पिट का निर्माण संतोषजनक न पाये जाने पर संबंधित कन्सलटेन्ट इन्जीनियर प्रद्युन्न सिंह का उत्तरदायित्व निर्धारित करने तथा तत्काल निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।ग्राम चन्द्रपुर की महिलाएं श्रीमती शान्ती देवी, छोटी बिटिया,रोशनी नजरू एवं विलकीस आदि कई ग्रामवासियों द्वारा एक स्वर में ग्राम चन्द्रपुर मे ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्य न कराये जाने एवं नाली निर्माण न होने के कारण गलियों में पानी भरा होने की शिकायत की गयी।गांव में नालियों की न तो सफाई करायी गयी है और न ही नाली निर्माण कराया गया है,जबकि उक्त ग्राम एसएलडब्लूएम के अन्तर्गत चयनित है।पटल सहायक सदाकत खान का कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर वेतन रोकने के निर्देश दिये गए हैं।

### समिति ने दिव्यांगों को बांटे कंबल-फल

फतेहपुर। उर्मिला सामाजिक जन कल्याण सेवा समिति ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन ग्राम पंचायत बड़ागांव विकास खण्ड बहुआ में किया। समिति ने विकलांगों को कंबल वितरण व फल वितरण व माल्यार्पण कर स्वागत किया।

विश्व दिव्यांग दिवस की गोष्ठी का आयोजन ग्राम पंचायत बड़ागांव में किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उर्मिला सामाजिक जन कल्याण सेवा समिति के सचिव अनुज कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया व संस्था द्वारा चलाई जा रही ट्रेनिंग सेंटर के बारे में दिव्यांगो और महिलाओं को जानकारी दी गई। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर मनोज, रुद्र, अनुराधा देवी, अर्चना, नगीना, अरुणा, अनीता, सुरेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण विद्यालयों मे आयोजित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरदोई** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया है कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश में शैक्षिक गुणवत्ता की स्थिति के आकलन हेतु एनसीईआरटी,नयी दिल्ली द्वारा जनपद के 125 परिषदीय, सहायता प्राप्त तथा मान्यता प्राप्त प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 3, 6 व 9 के सैम्पल बच्चों का परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण आयोजित किया गया।

सर्वे के सुचारू आयोजन हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सीबीएससी द्वारा ऑब्जर्बर नामित किये गये।डायट प्रशिक्षुओं द्वारा फील्ड इन्वेस्टिगेटर के रूप में इन विद्यालयों में सर्वे का संचालन किया गया।जनपद स्तर पर डायट तथा जिला परियोजना कार्यालय में कन्ट्रोल स्थापित किये गये जिनमें विद्यालयों से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का निराकरण कराया गया।विभागीय निर्देशानुसार प्राचार्य डायट एवं समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी,एआरपी द्वारा सर्वे का अनुश्रवण किया गया।इसके अलावा संवि०वि० हरदलमऊ,सण्डीला, रामज्ञान आदर्श शिक्षा निकेतन,बेगमगंज, सण्डीला, कस्तूरबा गांधी थेरेसा स्कूल सण्डीला,नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आदि स्कूलों का सर्वे किया गया।




### ट्रेन से कटकर प्रेमी-प्रेमिका ने दी जान

मिर्जापुर। जिले के चुनार थाना क्षेत्र के जमुई रेलवे लाइन पर बुधवार को ट्रेन से कटकर प्रेमी-प्रेमिका ने जान दे दी। सूचना पर पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के रैपुरिया निवासी राजकुमार (25) युवती सपना (16) से प्रेम करता था। अप्रैल माह में लड़की के परिजनों ने युवक पर पुत्री को बहला कर भाग ले जाने का आरोप लगाया था। दोनों शादी करना चाहते थे, पर परिवार के लोग राजी नहीं थे। बुधवार की भोर में दोनों जमुई रेलवे लाइन के पास पहुंचकर पहले विषाक्त पदार्थ का सेवन किया और ट्रेन से कटकर जान दे दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी। चुनार थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि अप्रैल माह में लड़की के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था।

# ग्राम प्रधान के एनओसी नही दिए जाने से पेयजल आपूर्ति बाधित

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय बाजार में हर घर नल जल परियोजना के तहत लगाई गई पानी की टोटी से तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है जिससे पेयजल आपूर्ति के लिए लगाई गई टोटी शोपीस साबित हो रही है। हर घर नल जल योजना का कार्य करा रही कार्यदाई संस्था एनसीपी के कर्मचारियों ने बताया की हलिया बाजार की पेयजल आपूर्ति ग्राम प्रधान द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने से पानी का हिसाब वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से हलिया बाजार की आपूर्ति रोक दिया गया है। पेयजल आपूर्ति टोटी में नही आने से ग्रामीण घरों के बाहर लगाई गई टोटियो के बाहर पानी आने का इंतजार कर रहे है। हर घर नल जल योजना के तहत बाजार में लोगो के कनेक्शन कर टोटी लगा दिया गया है और आपूर्ति शुरू किया गया था लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा कार्यदाई संस्था को एनओसी नही दिए जाने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गयी है। इस संबंध में ग्रामीण अधिवक्ता श्याम लाल जायसवाल, रविंद्र प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गयी है। इस संबंध में कार्यदाई संस्था एनसीसी के भोला मिश्रा ने बताया है कि ग्राम प्रधान द्वारा एनओसी नही दिए जाने से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से आपूर्ति बंद कर दिया गया है। ग्राम प्रधान की एनओसी मिलने पर आपूर्ति शुरू कर दिया जायेगा।

इस संबंध में ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ ने बताया कि ग्राम प्रधान पर दबाव बनाने के लिए उपभोक्ताओ के कनेक्शन के टोटी की पेयजल आपूर्ति बाधित कर दिया गया है।

# गोष्ठी मेला में नहीं पहुंचे किसान सफाईकर्मियों से भरी कुर्सियां

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड परिसर में बुधवार को आयोजित रबी किसान गोष्ठी कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा प्रचार प्रसार नही कराने से रबी किसान गोष्ठी कार्यक्रम में नही पंहुचे। किसान विकास खंड के सफाईकर्मियों व आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को कुर्सियो पर बैठाकर गोष्ठी का खानापूर्ति करते हुए धन खारिज कर गोष्ठी संपन्न कराई गयी। रबी किसान गोष्ठी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल ने बताया गया कि आज के परिवेश में गेहूँ के अलावा मोटे अनाज यथा- रागी, सांवा, कोदो, बाजरा, ज्वार आदि का प्रयोग भी अपने जीवन में करना चाहिए। जिससे जीवन स्वस्थ रहता है। किसानों को ज्वार, बाजरा, सांवा कोदो, रागी की खेती में वृद्धि करें जिससे उनकी आमदनी दूनी हो सके। कृषि कल्याण मंत्रालय भारत सरकार से आये डा0 एस0एन0 सिंह द्वारा उपस्थित कृषकों को रबी में बोयी जाने वाली फसलों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उनमें लगने वाले कीटों के उपचार के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। डा0 सुधीर श्रीवास्तव, जनपद सलाहकार द्वारा उपस्थित कृषकों जैविक खेती व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी कि कैसे वह प्राकृतिकध्जैविक खेती अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन लालजी मौर्य ने किया। आयोजित रबी गोष्ठी में कृषि, पशुपालन व अन्य विभागों द्वारा अपने स्टाल नहीं लगाये गये।

### शाहरुख कांग्रेस के जिला सोशल मीडिया प्रभारी

फतेहपुर। जिले में कांग्रेस पार्टी के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में काफी दिनों से सक्रिय कार्यकर्ता शाहरुख खान को जिले का सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे ने बताया कि खान पिछले काफी अरसे से पार्टी के लिए ईमानदारी के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कार्य कर रहे हैं। उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान, शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा, वरिष्ठ नेता महेश द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी, हिदायतुल्ला खान उर्फ सईद चच्चा, राजन तिवारी, रामनरेश महराज, शहर महासचिव शोभा दुबे, पुत्तन मिश्र, सहाब अली, ब्लॉक अध्यक्ष अकरम काले, कमल मिश्रा, हाजी वकील खान, आदि लोगों ने बधाई दी।

# सचिव के घर हुई चोरी का सामान बरामद, चोर गए जेल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरादोई।** जेल माधौगज हरदोई थाना क्षेत्र की साधन सहकारी समिति रुदामऊ व निजामपुर के सचिव के घर से चोरी में पुलिस ने एलईडी टीवी,मोबाइल सहितअन्य समान को बरामद कर आरोपियों को जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम टेड़िया निवासी उपेंद्र कुमार पुत्र देवेंद्र प्रताप द्विवेदी ने 27 नवम्बर को दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसके कमरे में रखा एक इंडेक्स, एक मिक्सी तथा समिति में लगने के लिए रखी दो टीवी एलइडी 108 इंच, दो मोबाइल, चार्जर, बैग में रखी चेक बुक, पासबुक तथा अन्य कागजात चोरी हो गए थे। थानाध्यक्ष के के यादव ने बताया कि चोरी के मामले की जांच में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए नितिन गुप्ता पुत्र मनोज निवासी महोलिया शिवपारथाना कोतवाली देहात, अजय शुक्ला पुत्र रामू शुक्ला व सूरज शुक्ला पुत्र राम शंकर शुक्ला निवासीगण ग्राम बेलहा थाना टड़यिावां के कब्जे से दो एलईडी,चार मोबाइल, एक मिक्सी व एक इंडक्शन बरामद किया। नितिन गुप्ता कोतवाली देहात में दो मुकदमे व अजय शुक्ला पर कोतवाली शहर में एक मुकदमा दर्ज है। थानाध्यक्ष के साथ टीम में एस आई अविनाश कुमार,आरक्षी राहुल,आरक्षी शिवम व आरक्षी निसार शामिल रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के बुदवन ओवर ब्रिज के समीप डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के छीमी पुरइन गांव निवासी रामराज पाल का 22 वर्षीय पुत्र लवलेश कुमार बाइक पर बच्चों को सवार कर स्कूल छोड़कर वापस घर लौट रहा था। जब उसकी बाइक बुदवन ओवर ब्रिज के समीप पहुंची तभी डीसीएम ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक लवलेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दी गई।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

# शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं किसान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**खागा, फतेहपुर।** ऐरायां ब्लाक परिसर में आयोजित किसान गोष्ठी व कृषि निवेश मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनुज प्रताप ने की। उहोंने कृषि में हो रहे सुधार और योजनाओं की जानकारी दी। बीडीओ अशोक सिंह ने भी किसानों को योजनाओं के बारे में बताया। कृषि विभाग के एडीओ कृषि देवदार मिश्रा ने किसानों को संबोधित करते हुए कृषि उत्पादन में आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक तरीकों के महत्व को रेखांकित किया। विशेषज्ञों ने बताया कि पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीक अपनाने से किसानों की उपज में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

विशेषज्ञों ने बताया कि उन्नत बीज, जैविक खाद और आधुनिक सिंचाई प्रणालियों का उपयोग खेती की उत्पादकता बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही, किसानों को फसल चक्र (क्रॉप रोटेशन) और मिश्रित खेती के फायदों की जानकारी दी गई। उदाहरण के तौर पर, गन्ने और दलहनी फसलों को साथ उगाने से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और फसल उत्पादन में भी बढ़ोतरी होती है। गोष्ठी में किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, और किसान क्रेडिट कार्ड के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना और खेती में आने वाले जोखिमों को कम करना है।

इसके अलावा, किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी और ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर आदि तकनीकों के लिए सरकारी सहायता की भी जानकारी दी गई। किसानों को बताया कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी लागत कम कर सकते हैं और उत्पादन बढ़ा सकते हैं। निवेश मेले में विभिन्न कृषि उपकरणों और मशीनरी का प्रदर्शन किया गया। ट्रैक्टर, पावर टिलर, हार्वेस्टर, और अन्य उपकरणों को किसानों को दिखाया गया। इनके प्रदर्शन के दौरान विशेषज्ञों ने इनका उपयोग और फायदे समझाए।

किसानों को यह जानकारी दी गई कि किस प्रकार आधुनिक उपकरण खेती को आसान और अधिक लाभकारी बना सकते हैं। किसानों ने इसे बहुत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल उनकी जानकारी में वृद्धि करते हैं, बल्कि उन्हें खेती के प्रति एक नई दृष्टि और उत्साह भी प्रदान करते हैं।

### पत्नी से झगड़ खाया जहरीला पदार्थ

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव में आज सुबह पत्नी से झगड़ा कर पति ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव निवासी मानसिंह का 30 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार का अपनी 28 वर्षीय पत्नी अंजू देवी से विवाद हो गया। पत्नी की बात से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई तुरंत सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दिया। एंबुलेंस ने अरुण कुमार को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# सरकार की वादाखिलाफी पर कम्युनिस्टों का प्रदर्शन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) व संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न घटक किसान संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई।

बुधवार को कम्युनिस्ट पार्टी व संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न घटक किसान संगठन कलेक्ट्रेट पहुंचे और आमजन सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर मांग किया कि बिजली निजीकरण की कोशिश को तत्काल रोका जाए, स्मार्ट मीटर लगाना बंद किया जाए, ट्यूबवेलों को 18 घंटे बिजली निःशुल्क दी जाए, संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए, ठोका प्रथा पर रोक लगाई जाए, जर्जर तार, खंभे, ट्रांसफार्मर बदले जाएं, आवारा जानवरों एवं बंदरों के आतंक पर रोक लगाई जाए, डीएपी की किल्लत व कालाबाजारी खत्म की जाए, धान खरीद केन्द्रों पर घटतौली, कटौती, बिचौलियों व भ्रष्टाचार को खत्म किया जाए, 60 वर्ष के ऊपर सभी किसानों व खेत मजदूरों को प्रतिमाह छह हजार रूपए पेंशन दी जाए, मनरेगा में दो सौ दिन का काम और छह सौ रूपए प्रतिदिन मजदूरी की जाए, औद्योगिक मजदूरों को छब्बीस हजार रूपये प्रतिमाह न्यूनतम वेतन दिया जाए, दलितों, अल्पसंख्यकों व महिलाओं पर हो रहे हमलों पर रोक लगाई जाए, जनता को बांटने वाली व देश विरोधी साम्प्रदायिकता एवं साम्प्रदायिक भाषणों पर रोक लगाई जाए।

**विश्व एड्स दिवस** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देने के लिए गोष्ठी का आयोजन

# पहले एड्स से बचाव की दी जानकारी, फिर बच्चों को पिलाई विटामिन ए की दवा

**विश्ववार्ता संवादाता**

**हरदोई** बुधवार को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों की जानकारी जन सामान्य तक पहुँचाने के उद्देश्य से एक संवेदीकरण गोष्ठी का आयोजन जिला क्षय केन्द्र परिसर में किया गया। जिसमें अपर जिला जज/सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय भूपेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में एड्स संवेदीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एसएस०इन्स्टीट्यूट,लखनऊ रोड हरदोई के छात्राओं एवं सर्वोदय आश्रम स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी,चिकित्सक गण एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित हुये।प्रत्येक एच०आई०वी०/एड्स रोगी की गोपनीयता बनाये रखते हुये सामान्य व्यवहार का आचरण अपनाना चाहिये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० रोहतास कुमार ने जनपद के समस्त सामु/प्रा.स्वा.केन्द्रों पर नाको के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही एचआईवी किटों से एचआईवी/एड्स की जाँच के विषय में बताया। ग्रामीण अंचलो में कार्यक्रम की गतिविधियों के सन्दर्भ में अपने विचार व्यक्त किये। एवं रोग के लक्षण व उपचार व उसके प्रति संवेदनशील रहने की जानकारी दी तथा टीबी के बलगम धनात्मक रोगियों की एचआईवी की जाँच कराने की अनिवार्यता के बारे में बताया।इस मौके पर डॉक्टर अखिलेश बाजपेयी, जिला क्षय रोग अधिकारी ने इस रोग को फैलने के कारण तथा इसके उपचार के बारे में बताया कि हम सभी को इस कार्यक्रम में योगदान करके समाज व जनपद को क्षय रोग से ग्रसित व्यक्तियों तक पहुँच कर उन्हें एड्स मुक्त करने का प्रयास करना है। टी०बी० मरीजों को एचआईवी का खतरा ज्यादा रहता है, इस कारण समस्त टीबी रोगियों की एचआईवी जाँच अनिवार्य रूप से कराई जाती है। सर्वोदय आश्रम से वन्दना बाजेपयी द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। इस अवसर पर दीक्षा पाण्डेय,प्रतीक राठौर, एस०एस० इंस्टीट्यूट, वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था के गौरव यादव,सर्वोदय आश्रम से अजीत, धर्मेन्द सहित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के कर्मचारी उपस्थित रहे।।




हरदोई नौ से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का कार्यक्रम विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.रोहताश कुमार ने जिला महिला अस्पताल में बच्चों को दवा पिलाकर किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि चार दिसम्बर से शुरू हुआ अभियान तीन जनवरी 2025 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि विटामिन ए की दवा पिलाने का कार्यक्रम साल में दो बार इसलिए चलाया जाता है क्योंकि विटामिन ए की दवा बच्चों को कुपोषण, रतौंधी,अंधे पन सहित अन्य बीमारियों से तो बचाती है बल्कि प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाती है।

विटामिन ए सूक्ष्म पोषक तत्व है इसकी कमी से आंख संबंधी बीमारियां होती हैं। अधिक गंभीर स्थिति में बच्चों में अंधापन भी हो सकता है। कुपोषण के कारण प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और बच्चा निमोनिया, डायरिया सहित कई अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो सकता है।

## एक नजर

### कोच रमाकांत आचरेकर के स्मृति समारोह में मिले सचिन-कांबली



**मुंबई।** कोच रमाकांत आचरेकर की स्मृति समारोह में सचिन तेंदुलकर अपने दोस्त विनोद कांबली से मिलते नजर आए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में सचिन खुद से जाकर कांबली से हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर एक बार में कांबली यह समझ नहीं पाते हैं कि आखिर किसने अचानक से उनसे हाथ मिलाया है। इसके बाद कांबली, सचिन का हाथ नहीं छोड़ते हैं। समारोह में कांबली, सचिन का हाथ कस कर थाम लेते हैं। फिर एंकर आता है और कांबली को हाथ छोड़ने को लेकर समझाता है। आखिर में फिर सचिन उनसे दूर हो जाते हैं। यहां कांबली के चेहरे पर निराशा नजर आती है। कांबली का 4 महीने पहले एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे चल नहीं पा रहे थे। वीडियो में कांबली एक बाइक के पास खड़े रहते हैं। फिर कुछ देर में लड़खड़ाने लगते हैं। एक व्यक्ति आगे बढ़कर सहारा देता है। 52 वर्षीय कांबली हार्ट संबंधी समस्याओं के अलावा डिप्रेशन से जूझ रहे हैं। वे दवाएं ले रहे हैं। उन्हें रेगुलर हॉस्पिटल जाना पड़ रहा है। कांबली को साल 2013 में दिल का दौरा भी पड़ चुका है। कांबली ने भारत के लिए 17 टेस्ट और 104 वनडे मैच खेले हैं। उन्होंने वनडे क्रिकेट में 2477 रन बनाए, जिसमें 2 शतक और 14 अर्धशतक शामिल है। टेस्ट में 4 शतक के साथ उनके 1084 रन हैं। वे भारत के लिए 1993 से 2000 तक खेले। वे घरेलू क्रिकेट में आखिरी बार साल 2004 में नजर आए। कांबली ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 9665 रन बनाए। इसमें उनका हाईएस्ट स्कोर 262 रन है।

### मंगलश्री प्रोडक्शन्स और कामाख्या स्टूडियोज की पहली फिल्म अलबेली का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** प्रोडक्शन हाउस कामाख्या स्टुडियोज़ अपनी पहली फिल्म अलबेली लेकर आ रहे हैं। फिल्म 'अलबेली' का ट्रेलर यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। कामाख्या स्टुडियोज़ ने मंगलश्री प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्माण उमेश गिरी और संजय कुमार ने किया है। फिल्म को सत्येंद्र चौहान ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में मुख्य किरदार अनुजा निभा रही हैं। फिल्म अलबेली की पटकथा राजस्थान के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म अलबेली का ट्रेलर कामाख्या स्टुडियोज़ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म के ट्रेलर को देखने के लिए अभी से चैनल को सबस्क्राइब करने की होड़ है। फिल्म अलबेली का ट्रेलर सब बहुत पसंद कर रहे हैं और अपनी राय कमेंट बॉक्स पर दे रहे हैं।

### सोहम शाह ने 'तुम्बाड' के लिये कान्स जाने की वजह बतायी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार सोहम शाह ने बताया कि फिल्म तुम्बाड के निर्माण के वक्त वीएफएक्स कंपनी को अपने विज़न पर यकीन दिलाने के लिये उनकी टीम कान्स गयी। तुम्बाड को पर्दे पर लाने की अपनी जर्नी के बारे में बात करते हुए सोहम शाह ने बताया, मेरे दिमाग में तुम्बाड की जो तस्वीर थी, वो इतनी साफ थी कि मुझे पता था यदि मैंने इसे छोड़ दिया, तो शायद ऐसा प्रोजेक्ट मुझे दोबारा कभी नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया फिल्म बनाते समय सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक सही वीएफएक्स टीम ढूंढना था। हम एक स्वीडिश कंपनी के साथ काम कर रहे थे, लेकिन देरी की वजह से उन्होंने हमारी विश्वसनीयता पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। उनका भरोसा जीतने के लिए, हम अपनी टीम के साथ कान्स गए जिससे वीएफएक्स कंपनी को अपने विज़न पर यकीन दिला सकें हमने फिल्म को जल्दी खत्म करने की जल्दबाजी नहीं की। हमने कोई शॉर्टकट नहीं लिया। जहां जरूरी लगा, वहां रीशूट किया, वक्त लिया और यह ध्यान रखा कि फाइनल प्रोडक्ट परफेक्ट हो। फिल्म तुम्बाड का निर्देशन राही अनिल बर्वे ने किया था और इसे सोहम शाह, आनंद एल. राय, मुकेश शाह और अमिता शाह ने प्रोड्यूस किया। कहानी तुम्बाड नाम के गांव की है, जहां एक प्राचीन और भयानक राक्षस एक खंडहर हो चुके किले में छुपे अनमोल खजाने की रक्षा करता है। तुम्बाड 2, सात मार्च 2025 को रिलीज़ होगी।

# वैभव ने लगाए छह छक्के

**अन्डर 19 एशिया कप : आईपीएल में 1.1 करोड़ में बिके थे, भारत ने यूएई को 10 विकेट से हराया**

एजेंसी

**शारजाह।** भारत ने अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 10 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। शारजाह के मैदान पर यूएई ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम 44 ओवर में 137 रन ही बना सकी। भारत की ओर से युद्धजीत गुहा ने 3 विकेट लिए।

जवाब में भारत ने बिना विकेट खोए 16.1 ओवर में 143 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ओपनर वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए। वैभव ने 46 बॉल पर 76 और आयुष ने 51 बॉल पर 67 रन बनाए। वैभव ने अपनी पारी में 6 छक्के और 3 चौके लगाए। वैभव को पिछले आईपीएल ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था। 13 साल के वैभव सूर्यवंशी पहले दो मैच में फ्लॉप रहे थे। इस मैच में उन्होंने अपनी पहली ही बॉल पर सिक्स लगाया। वैभव ने 32 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 46 बॉल पर नाबाद 76 रन बनाए। पारी में 6 छक्के और 3 चौके भी लगाए। उन्होंने ओपनर आयुष म्हात्रे के साथ मिलकर 97 बॉल में 143 रन जोड़े। वैभव ने छक्का लगाकर भारत को मैच जिताया। आयुष म्हात्रे ने अपनी 67 रन की पारी में 4 चौके और 4 छक्के लगाए।



उन्होंने 38 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। आयुष ने 51 बॉल का सामना किया और 131.37 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। यूएई की पूरी टीम 137 रन पर सिमट गई। मेजबान टीम 44 ओवर ही खेल पाई। यूएई की ओर से मुहम्मद रेयान ने सबसे ज्यादा 35 रन की पारी खेली जबकि ओपनर अक्षत राय 26 रन बनाकर आउट हुए।

भारतीय टीम की ओर से युद्धजीत गुहा ने 3 विकेट झटके, जबकि चेतन शर्मा और हार्दिक राज ने 2-2 विकेट लिए। केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला। 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान ने 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपए था। इसके साथ ही वे आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए हैं। बिहार के खिलाड़ी का आईपीएल में इस सीजन से डेब्यू होगा। वैभव ने अंडर-19 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाया था। उन्होंने फर्स्ट क्लास में 12 साल की उम्र में डेब्यू किया था। भारतीय टीम ने 2 नवंबर को खेले गए मुकाबले में जापान को 211 रन से हराया। शारजाह में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट पर 339 रन बनाए। जवाब में जापान 50 ओवर में 8 विकेट पर 128 रन ही बना पाई। भारतीय कप्तान मोहम्मद अमान ने 116 बॉल पर नाबाद 122 रन की पारी खेली।

## इंडियन सेलेक्टर्स ने शमी की फिटनेस रिपोर्ट मांगी

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय सेलेक्टर्स ने मोहम्मद शमी की फिटनेस रिपोर्ट नेशनल क्रिकेट अकादमी के फिजियो नितिन पटेल से मांगी है। शमी फिलहाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की तरफ से खेल रहे हैं। उनकी फिटनेस पर नजर रखने के लिए बंगाल के मैच के दौरान पटेल टीम के साथ ही है।

बीसीसीआई के सूत्रों ने को बताया कि मोहम्मद शमी की फिटनेस की रिपोर्ट सिलेक्शन कमेटी ने मांगी है। रिपोर्ट के आधार पर ही शमी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भेजना है या नहीं, इस पर फैसला लिया जाएगा। मध्यप्रदेश और बंगाल के खिलाफ रणजी मैच में शमी की फिटनेस देखने के लिए एक चयनकर्ता के साथ नितिन पटेल भी मौजूद थे। उस समय फिटनेस रिपोर्ट में कहा गया था कि शमी को थोड़े और घरेलू मैच खेलने की जरूरत है। जिसके बाद शमी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की टीम में शामिल किया गया। बंगाल टीम अब 6 मैच खेल चुकी है और शमी ने इनमें 23.3 ओवर गेंदबाजी की।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान भी शमी की फिटनेस पर नजर रखने के लिए सिलेक्शन कमेटी के मेंबर और फिजियो अवेलेबल थे। फिजियो जल्द ही अपनी रिपोर्ट बीसीसीआई को सौंपेंगे। जिसके बाद टीम मैनेजमेंट और



सिलेक्शन कमेटी शमी को ऑस्ट्रेलिया भेजने पर फैसला लेगी। शमी ने करीब एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी मैच से मैदान पर वापसी की। उन्होंने 13 से 16 नवंबर तक मध्य प्रदेश के खिलाफ इंदौर में रणजी मैच खेला। शमी ने मैच की पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 3 विकेट लिए। जिसकी मदद से बंगाल ने एमपी को उन्हीं के होमग्राउंड पर हराया था। 34 साल के शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल खेला था। इसके बाद उन्होंने कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला। इसी साल जनवरी में इंग्लैंड में उन्होंने एंकल की सर्जरी कराई। पिछले कई महीने से शमी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कैंप में थे। जिसके बाद उन्होंने अक्टूबर में प्रोफेशनल क्रिकेट से वापसी कर ली।

## एक लाख जीतने की उम्मीद लेकर केबीसी 16 पहुंचे थे मिंटू सरकार

एजेंसी

मुंबई। पश्चिम बंगाल के रायगंज निवासी मिंटू सरकार अपनी गिरवी ज़मीन वापस पाने के लिए एक लाख जीतने की उम्मीद के साथ कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी)16 में पहुंचे। इस सप्ताह सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर, महानायक अमिताभ बच्चन की मेज़बानी वाले शो कौन बनेगा करोड़पति 16 में दर्शक पश्चिम बंगाल के रायगंज निवासी एक विनम्र और मेहनती व्यक्ति मिंटू सरकार को हॉटसीट पर देखेंगे। मिंटू की ज़िंदगी दृढ़संकल्प की यात्रा रही है, जो अपार चुनौतियों और उम्मीद दोनों से भरी हुई है। एक छोटी सी किराना और चाय की दुकान के मालिक, मिंटू ने कई मुश्किलों का सामना किया है। उनकी कहानी तब और भी मार्मिक हो गई जब उन्होंने पिछले साल अपने सामने आई कठिनाइयों को साझा किया। जनवरी 2024 में, मिंटू ने अपने पिता को खो दिया, जो सेहत संबंधी कई समस्याओं से पीड़ित थे। उनकी बीमारी के दौरान, परिवार को इलाज के खर्चों को कवर करने के लिए अपनी पुश्तैनी ज़मीन गिरवी रखनी पड़ी। यह ज़मीन, जो मिंटू और उसके परिवार के लिए बेहद भावनात्मक महत्व रखती थी, उसके पिता की विरासत की आखिरी निशानी थी। अब, वह एक सरल लेकिन ज़रूरी लक्ष्य के साथ केबीसी में आए हैं, उन्हें अपने पिता की ज़मीन वापस पाने और अपने परिवार की विरासत को सलामत रखने के लिए एक लाख रुपये की ज़रूरत है। जबकि मिंटू गिरवी ज़मीन वापस पाने के लिए एक लाख जीतने की उम्मीद के साथ शो में आए थे, लेकिन उनका दृढ़ संकल्प और बुद्धिमत्ता उन्हें 50 लाख रुपये के सवाल तक ले जाती है, जिसे वह शुक्रवार के एपिसोड में हल करने की कोशिश करते हुए दिखेंगे। शो के दौरान अमिताभ बच्चन और मिंटू ने सम्मानित भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और डिप्लोमेट, विजया लक्ष्मी पंडित से जुड़े एक प्रेरणादायक किस्से को



साझा किया। अमिताभ बच्चन ने उनके बचपन की एक कहानी सुनाते हुए कहा, "एक दिन, जब विजया लक्ष्मी पंडित बच्ची थी, वह खेल रही थी और एक पेड़ के नीचे बैठी थी, तभी एक सांप आ गया। सांप कुछ देर रुका और फिर चला गया। सभी ने कहा कि यह तो आपके लिए बहुत शुभ है, किसी वरदान की तरह।" अमिताभ ने बताया कि कि ज़िंदगी में कैसे सबसे असामान्य घटनाओं को भी आशीर्वाद के रूप में देखा जा सकता है। कौन बनेगा करोड़पति 16, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर प्रसारित होता है।

## सेंसेक्स 110 अंक चढ़कर 80,956 पर बंद

**मुंबई।** सेंसेक्स आज यानी 4 दिसंबर को 110 अंक की बढ़त के साथ 80,956 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 10 अंक की बढ़त रही, ये 24,467 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स 30 शेयरों में से 15 में गिरावट और 15 में gh तेजी देखने को मिली है।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में गिरावट और 20 में तेजी देखने को मिली है। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स में पीएसयू बैंकिंग और रियल्टी में 2% से ज्यादा की तेजी रही। एचडीएफसी लाइफ 2.59% की बढ़त के साथ निफ्टी का टॉप गेनर रहा। वही एयरटेल 2.33% की गिरावट के साथ टॉप लूजर रहा। एशियाई बाजार में कोरिया के कोस्पी में 1.44% और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.42% की गिरावट रही। वहीं जापान के निक्केई में 0.07% में की बढ़त रही। एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 3 दिसंबर को 3,664 करोड़ के शेयर खरीदे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 250 करोड़ के शेयर बेचे। 3 दिसंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.17% गिरकर 44,705 पर बंद हुआ। एसएडंपी 500 0.04% चढ़कर 6,049 पर और नैस्डैक 0.40% की तेजी के साथ 19,480 पर बंद हुआ। बेहतर तिमाही नतीजे आने के बाद आज ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के शेयर में 15.25 रुपए (3.04%) की तेजी देखने को मिली है। इसका शेयर आज 517.10 रुपए पर बंद हुआ।

## अब एयरपोर्ट के ऑपरेशंस व यात्रियों के अनुभव में ला देगा परिवर्तन

● डब्लूएआईएसएल ने एडब्लूएस द्वारा पॉवर्ड अत्याधुनिक डिजिटल ट्विन-पॉवर्ड इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट ऑपरेशंस कमांड सेंटर (एपीओसी) लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** एमेज़ॉन.कॉम कंपनी, एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ने आज घोषणा की कि उद्योगों में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सेवाओं में अग्रणी, डब्लूएआईएसएल लिमिटेड ने एविएशन पर केंद्रित रहते हुए विश्व के मुख्य क्लाउड पर डिजिटल ट्विन-पॉवर्ड इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट ऑपरेशंस कमांड सेंटर (एपीओसी) का विकास कर लिया है।

डब्लूएआईएसएल ने इस समाधान का विकास एडब्लूएस पर किया ताकि डिजिटल ट्विन (एयरपोर्ट के फिज़िकल ऑब्जेक्ट्स, सिस्टम और प्रक्रियाओं के वर्चुअल प्रतिनिधि), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), वीडियो एवं डेटा एनालिटिक्स, और कंप्यूटर विज़न की मदद से एयरपोर्ट्स की ऑपरेशनल एफिशियंसी और ग्राहक अनुभवों में सुधार किया जा सके। डब्लूएआईएसएल अगले कुछ हफ्तों में भारत के एक बड़े एयरपोर्ट पर इस समाधान की शुरुआत करने वाला है, तथा 2025 से इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च कर दिया जाएगा।भारत में एयरपोर्ट पर भारी भीड़ से एयरलाईन की समयबद्ध परफॉर्मेंस पर असर पड़ रहा है। 2024 की पहली छमाही में 80 मिलियन यात्रियों ने हवाई यात्रा की। यह सॉल्यूशन केंद्रीय नर्वस सिस्टम की तरह काम करेगा, जो रियल टाईम मॉनिटरिंग, तालमेल, और एयरपोर्ट के ऑपरेशंस का प्रबंधन करेगा। इसके द्वारा यात्रियों, वाहनों और हवाई जहाजों के लिए चेक-इन, सुरक्षा और ट्रैफिक कंट्रोल सहित विभिन्न गतिविधियों को संभाला जाएगा। डब्लूएआईएसएल लिमिटेड के प्रेसिडेंट एवं सीईओ, ऋषि मेहता ने कहा, ''डब्लूएआईएसएल में हम पूरी दुनिया के एयरपोर्ट्स के लिए नए मानक स्थापित करना चाहते हैं। हम केवल इनोवेट नहीं करते हैं, बल्कि हम, जो कुछ भी संभव है, उसमें परिवर्तन लाते हैं। डिजिटल युग में परिवर्तनकारी प्रभाव केवल टेक्नोलॉजी द्वारा नहीं, बल्कि जटिल ऑपरेशनल चुनौतियों को हल करने के लिए इसके साहसी एवं सामरिक उपयोग द्वारा उत्पन्न होता है। डब्लूएआईएसएल का डिजिटल ट्विन-पॉवर्ड इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट ऑपरेशंस कमांड सेंटर इसी में अग्रणी है। यह एविएशन में ऑपरेशनल एफिशियंसी और डिजिटल परिवर्तन लाने के लिए टेक्नोलॉजी द्वारा समर्थ बनाता है।'' उन्होंने आगे कहा, ''एडब्लूएस जैसे औद्योगिक नेतृत्वकर्ताओं द्वारा हमारा उद्देश्य एयरपोर्ट्स को ज्यादा स्मार्ट, सुरक्षित और सुगम बनाना है, ताकि यात्रियों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके।''पंकज गुप्ता, लीडर - पब्लिक सेक्टर, एडब्लूएस इंडिया एवं साउथ एशिया ने कहा, ''एयर ट्रैवल उद्योग मजबूत वापसी कर रहा है। डब्लूएआईएसएल जैसी कंपनियाँ क्लाउड, एनालिटिक्स, और एआई टेक्नोलॉजी की मदद से एयरपोर्ट ऑपरेटर्स को यात्रियों की बढ़ती हुई मांग को ज्यादा प्रभावी तरीके से पूरा करने में समर्थ बना रही हैं।'' उन्होंने आगे कहा, ''एयरपोर्ट का डेटा बहुत विशाल होता है। डब्लूएआईएसएल ने एक ऐसा समाधान विकसित किया है, जो दृढ़ता, विस्तार, सुरक्षा, और कम लेटेंसी के लिए एडब्लूएस की मदद लेकर डेटा का विश्लेषण करना और उसका प्रभावी उपयोग करना आसान बना देता है। एडब्लूएस रीज़न उच्च उपलब्धता और कम लेटेंसी पर सुरक्षित, कंप्लायंट और स्केलेबल क्लाउड वातावरण सुनिश्चित करते हैं, जो एविएशन उद्योग के नियमों के अनुरूप है। डिजिटल ट्विन पॉवर्ड एपीओसी सॉल्यूशन द्वारा पीक ट्रैवल अवधियों के दौरान उपलब्ध संसाधनों में वर्कलोड का वितरण करने के लिए एमेज़ॉन ईकेएस का उपयोग भी किया जाता है। उदाहरण के लिए, उड़ानों को बदले जाने का कारण बनने वाले गंभीर मौसम के दौरान एमेज़ॉन एकेएस द्वारा रिबुकिंग सिस्टम और कस्टमर सर्विस एप्लीकेशंस को ज्यादा प्रोसेसिंग पॉवर आवंटित की जा सकती है।

## रूसी एक्ट्रेस कामिला बेलयात्स्काया का निधन



रशियन एक्ट्रेस कामिला बेलयात्स्काया का हाल ही में निधन हो गया है। 24 साल की एक्ट्रेस छुट्टियां मनाने थाईलैंड गई थीं, जहां योगा करते हुए वो हादसे का शिकार हो गईं। कामिला अपने बॉयफ्रेंड के साथ थाईलैंड के कोई सामुई द्वीप में समय बिताने गई थीं। मेट्रो की रिपोर्ट्स में घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीद के हवाले से बताया जा रहा है कि कामिला चट्टानों में बैठकर योगा कर रही थीं। वो ध्यान लगा रही थीं कि तभी अचानक वो तेज रफ्तार में आ रहीं लहरों की चपेट में आ गईं। आसपास के लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिशें कीं, लेकिन बहाव तेज होने पर उन्हें बचाया नहीं जा सका। मौत के बाद कामिला के साथ हुई दर्दनाक घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कामिला योगा मैट में बैठी हुई हैं। कुछ देर बाद वीडियो में देखा जा सकता है कि वो तेज लहरों से बचने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन बहाव में वो बह जाती हैं। कामिला काफी देर तक लहरों से स्ट्रगल करती हैं लेकिन फिर डूब जाती हैं।

## 25 साल बाद मुंबई लौटीं ममता कुलकर्णी



शाहरुख खान और सलमान खान की फिल्म 'करण अर्जुन' की अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने 25 साल बाद भारत लौटने पर अपनी भावनाओं को साझा किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह अपनी भारत वापसी पर भावुक और अभिभूत नजर आईं। ममता कुलकर्णी ने वीडियो में कहा कि वह 25 साल बाद भारत लौटी हैं और मुंबई पहुंचने पर उन्हें अपनी पुरानी यादें ताजा हो गई हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी फ्लाइट भारत के ऊपर से गुजर रही थी, तो वह अपनी मातृभूमि को देख कर बेहद भावुक हो गईं। मुंबई एयरपोर्ट पर उतरते वक्त वह आंसू नहीं रोक पाई और गहरे भावनात्मक क्षण का अनुभव किया। बता दें कि फिल्म के अलावा ममता निजी जिंदगी की वजह से भी सुर्खियों में रही हैं। 12 अप्रैल 2016 को ठाणे पुलिस ने दो वाहनों में से पुलिस ने दो-तीन किलो एपेड्रीन पाउडर बरामद किया, जो कि नशे की दवाइयों की श्रेणी में आता है। इस मामले में आरोपी मयूर और सागर को गिरफ्तार किया गया था और दवाइयों की कीमत लगभग 80 लाख रुपये थी। दोनों के पास फर्जी पहचान पत्र भी थे। जांच के दौरान पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि ममता कुलकर्णी समेत सात लोगों को वांछित घोषित किया गया। पुलिस का आरोप था कि ममता कुलकर्णी ने जनवरी 2016 में केन्या में एक बैठक में शामिल होकर आरोपी विक्की गोस्वामी और अन्य के साथ इसको लेकर चर्चा की थी। हालांकि, ममता कुलकर्णी ने अपने वकील माधव थोराट के जरिए दायर याचिका में कहा कि उनके खिलाफ आरोप केवल एक सह-आरोपी के बयान पर आधारित हैं और इसके खिलाफ ठोस सबूत नहीं हैं। अंत में, अदालत ने आरोपों और साक्ष्यों की समीक्षा करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं है।

## राज कपूर की पोती से लोग ऐसी उम्मीद कैसे कर सकते हैं : करीना

फिल्म चमेली करीना कपूर की पॉपुलर फिल्मों में से एक है। एक्ट्रेस ने करियर के पीक पर फिल्म चमेली में काम किया था। इस फिल्म में करीना ने सेक्स वर्कर की भूमिका निभाई थी। एक्ट्रेस ने फिल्म में इंटीमेट सीन्स दिए बिना अपने किरदार को निभाया था। फिल्म की रिलीज के बाद करीना ने एक इंटरव्यू में अपने रोल को फिल्म प्यासा में वहीदा रहमान के रोल के साथ कंपेयर किया था। करीना ने बताया कि कुछ लोगों का कहना था कि फिल्म चमेली में सेक्स अपील की कमी थी। करीना कपूर ने बातचीत में कहा था कि 'जब इंडस्ट्री के लोग चमेली फिल्म को देख रहे थे, तो वो कह रहे थे कि अरे चमेली में इंटीमेट सीन्स मिसिंग थे। वो यह नहीं समझते कि प्यासा फिल्म में वहीदा जी ने भी इंटीमेट सीन्स नहीं किए थे। मुझे दुख है कि लोग राज कपूर की पोती से ऐसे सीन्स करने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं।' करीना कपूर ने इंटरव्यू के दौरान मल्लिका शेरावत को भी खूब सुनाई थी।



## मां के साथ किराए के घर में रहते थे शाहिद



शाहिद कपूर ने हाल ही में अपने मिडिल क्लास दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि पंकज कपूर और नीलिमा अजीम के बेटे होने के बावजूद वह अभी भी फिल्म इंडस्ट्री में खुद को आउटसाइडर फील करते हैं। एक्टर ने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा जब वह तीन साल के थे तब उनके पैरेंट्स का तलाक हो गया था। पैरेंट्स के अलग होने के बाद वह अपनी मां के साथ रहने लगे थे, उनकी मां ने अकेले उनकी परवरिश की। शाहिद ने कहा कि उनके अपने पिता के साथ भी अच्छे रिलेशन हैं। लेकिन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने के लिए उन्होंने कभी अपने पिता की कोई हेल्प या एडवाइस नहीं ली। शाहिद कपूर ने बातचीत के दौरान अपने बचपन से जुड़ा किस्सा शेयर किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने पिता को जानता था और हमारे बीच अच्छा रिलेशन था, लेकिन मैं अपनी मां के साथ तब से था जब मैं तीन साल का था। मुझे याद है जब ईशान का जन्म हुआ, मैं 14 साल का था, और मां ने एक्टिंग करना छोड़ दिया था क्योंकि उन्हें ईशान की देखभाल करनी थी।

## 1 मई, 2025 को रिलीज होगी अजय देवगन की फिल्म रेड 2




बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म रेड 2, 1 मई, 2025 को रिलीज होगी। अजय देवगन इन दिनों अपनी फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में है। इसी बीच अजय देवगन ने अपनी आने वाली फिल्म 'रेड 2 की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर रेड 2 की अपडेट शेयर की है। अजय ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि आईआरएस अमय पटनायक का अगला मिशन मई 2025 से शुरू होगा। रेड 2,1 मई 2025 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

फिल्म रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। फिल्म को गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है और यह पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा निर्मित है। रेड 2 में अजय देवगन के अलावा रितेश देशमुख, वाणी कपूर और रजत कपूर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म वर्ष 2018 में प्रदर्शित अजय देवगन की सुपरहिट फिल्म रेड की सीक्वल है।

## एक नजर

### दक्षिण कोरिया में छह घंटे बाद 'मार्शल लॉ' हटाया

**सोल।** दक्षिण कोरिया में 'आपातकालीन मार्शल लॉ लागू करने के लगभग छह घंटे बाद राष्ट्रपति यून सुक योल ने बुधवार को इस प्रावधान को हटाने की घोषणा की। कोरियाई राष्ट्रपति ने इसे समाप्त करने के लिए सर्वसम्मति से पारित संसदीय प्रस्ताव का अनुपालन किया। गौरतलब है कि श्री योल की कैबिनेट ने मंगलवार देर रात मार्शल लॉ लागू करने के उनके फैसले को मंजूरी दे दी थी, और बुधवार को दक्षिण कोरियाई समयानुसार सुबह 4.30 बजे इसे लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। ।

### इजरायली हिरासत में 47 फिलिस्तीनियों की हुई मौत

**यरूशलम।** फिलिस्तीन में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने कहा है कि संघर्ष की शुरूआत से अब तक इजरायली हिरासत में 47 फिलिस्तीनी कैदियों की मौत हो चुकी है। संगठन ने मंगलवार को 'एक्स पर लिखा, "हम उन रिपोर्टों से चिंतित हैं कि इजरायली हिरासत में 31 और 35 वर्ष की आयु के दो और फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है, जिससे सात अक्टूबर 2023 से इजरायली हिरासत में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 47 हो गई है।

### नेटुम्बो नंदी नामीबिया की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं

**विंडहोक।** नामीबिया की उपराष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी –नदैतवा ने देश का राष्ट्रपति चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है।वह नामीबिया की पहली महिला राष्ट्रपति बन गई हैं और पूरे अफ्रीकी महाद्वीप में दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो नामीबिया में महिलाओं के लिए राजनीतिक भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। नामीबिया के चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी है। नामीबिया के सत्तारूढ़ दक्षिण–पश्चिम अफ्रीका की पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन पार्टी की सुश्री नदैतवा 27 नवंबर के चुनाव में 57.3 प्रतिशत वोट हासिल करके विजयी रहीं।

### जेल में बंद ईरान की नोबेल विजेता मोहम्मदी रिहा

**तेहरान।** जेल में बंद ईरान की नोबेल विजेता महिला अधिकार कार्यकर्ता और पत्रकार नरगिस मोहम्मदी को 3 हफ्ते के लिए जमानत पर रिहा किया गया है। नरगिस नवंबर 2021 से जेल में बंद हैं। उन्हें ईरान की सरकार ने मृत्युदंड और हिजाब के खिलाफ अभियान चलाने के लिए गिरफ्तार किया था। रगिस को 2023 में महिलाओं की आजादी और उनके हक की आवाज उठाने के लिए नोबेल का पीस प्राइज दिया गया था।

### पप्पू के प्रवक्ता ने की थी वीडियो बनाकर भेजने की डील

**पटना।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को मिल रही धमकी में लगातार नये–नये खुलासे हो रहे हैं। पूर्णिया पुलिस ने अपने खुलासे में पहले पप्पू के समर्थक रामबाबू को गिरफ्तार कर यह जानकारी दी कि दो लाख की डीलिंग हुई थी। इस डील के तहत यह कहा गया था कि तुम लॉरेन्स बिश्नोई के नाम पर धमकी वाला वीडियो भेजोगे तो तुम्हें दो लाख रुपये मिलेंगे। हालांकि पप्पू ने पूर्णिया एसपी के प्रेस वार्ता के बाद सोशल मीडिया पर लाइव आकर न सिर्फ इस बात का खंडन किया बल्कि सरकार पर गंभीर आरोप भी लगाये। पप्पू यादव ने कहा कि सरकार और पुलिस मुझे मरवा देना चाहती है। अब पूर्णिया एसपी ने पप्पू यादव के प्रवक्ता राजेश के नाम को चिन्हित किया है। इसको लेकर पुलिस का दावा है कि आरोपी रामबाबू को कॉल करने के लिए राजेश यादव ने ही ट्रेनिंग दी थी।

# बच्चों के स्मार्टफोन प्रयोग के लिए माता पिता के नियंत्रण की वकालत

## अत्यधिक और अनियमित स्मार्टफोन का इस्तेमाल बच्चों और उनके माता–पिता के बीच रिश्तों पर डाल रहा प्रतिकूल प्रभाव


**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय बच्चे माता-पिता की तुलना में स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग के नकारात्मक प्रभावों के बारे में अधिक जागरूक होने के बावजूद अधिकांश बच्चे 'स्मार्टफोन उपयोग' के लिए 'माता-पिता के नियंत्रण' की वकालत की है। जैसे-जैसे स्मार्टफोन हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बनता जा रहा है, सभी आयु समूहों में, विशेष रूप से बच्चों में स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग के बारे में चिंताएँ बढ़ रही हैं। मानवीय रिश्तों, खास तौर पर माता-पिता और बच्चों के बीच स्मार्टफोन के अत्यधिक इस्तेमाल के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए, साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के सहयोग से स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने अपने स्विच ऑफ शोध अध्ययन के छठे संस्करण के निष्कर्षों को जारी किया है।

'माता-पिता-बच्चे के रिश्तों पर स्मार्टफोन का प्रभाव शीर्षक वाले इस अध्ययन में इस बात पर जोर दिया गया है कि कैसे अत्यधिक और अनियमित स्मार्टफोन का इस्तेमाल बच्चों और उनके माता-पिता के बीच के रिश्तों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।छह साल पहले शुरू किए गए वीवो के स्विच ऑफ अभियान में स्मार्टफोन के जिम्मेदाराना इस्तेमाल की वकालत की गई है, जिसमें परिवारों को वास्तविक जीवन के रिश्तों को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। यह पहल भारत में सफलता के एक दशक का जश्न मनाते हुए गहरे मानवीय संबंधोंको बढ़ावा देने की वीवो की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अध्ययन में चिंताजनक जानकारी सामने आई है, जो माता-पिता और बच्चों के लिए अपने बेवजह स्मार्टफोन इस्तेमाल पर विचार करने की तत्काल आवश्यकता को उजागर करती है। अध्ययन के अनुसार, माता-पिता और बच्चे दोनों एक-दूसरे के साथ घनिष्ठ संबंध चाहते हैं, लेकिन कोई भी समूह अपनी अत्यधिक और उद्देश्यहीन स्मार्टफोन की आदतों पर लगाम लगाने को तैयार नहीं है। औसतन, माता-पिता अपने स्मार्टफ़ोन पर प्रतिदिन पाँच घंटे से ज़्यादा समय बिताते हैं, जबकि बच्चे चार घंटे से ज़्यादा समय बिताते हैं। उल्लेखनीय रूप से 73 प्रतिशत माता-पिता और 69 प्रतिशत बच्चे स्पष्ट रूप से स्मार्टफ़ोन के उपयोग को उनके बीच संघर्ष के स्रोत के रूप में पहचानते हैं।

66 प्रतिशत बच्चों ने कहा कि अगर उनके सभी दोस्त भी सोशल मीडिया छोड़ दें, तो वे भी सोशल मीडिया छोड़ देंगे, जो उनके सोशल मीडिया व्यवहार पर सामूहिक कार्रवाई की समस्या के शक्तिशाली प्रभाव को रेखांकित करता है। अध्ययन से यह भी पता चलता है कि लगभग दो-तिहाई माता-पिता और बच्चे अपने स्मार्टफ़ोन का उपयोग सार्थक सामाजिक क्षणों जैसे कि सैर-सपाटा, छुट्टियां या उत्सव के दौरान भी करते हैं। जबकि दोनों समूह अत्यधिक स्मार्टफ़ोन उपयोग के नकारात्मक प्रभाव को स्वीकार करते हैं, बच्चे अपने माता-पिता की तुलना में इसके प्रतिकूल प्रभावों के बारे में अधिक जागरूक लगते हैं। चिंताजनक रूप से, 3 में से 1 बच्चे की इच्छा है कि कुछ सबसे लोकप्रिय सोशल मीडिया ऐप का आविष्कार कभी न हुआ होता।

### स्पेन में स्मार्टफोन पर मिलेगी तम्बाकू जैसी चेतावनी



**मैड्रिड।** स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है तम्बाकू जैसी चेतावनी स्पेन स्मार्टफोन पर भी देगा। स्पेन की सरकार को एक्सपर्ट्स की एक कमेटी ने स्मार्टफोन के इस्तेमाल से जुड़ी सलाह दी हैं। इनमें देश में स्मार्टफोन बेचने वाली कंपनियों को फोन पर स्वास्थ्य से जुड़े खतरों को लेबल करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में देश के अंदर डॉक्टर्स से मरीजों के इलाज के दौरान उनके स्क्रीनटाइम को पूछने की सलाह भी दी है। स्पेन बच्चों के स्मार्टफोन के इस्तेमाल को कंट्रोल करने के लिए कानून बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके मसौदे के लिए एक 50 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। स्मार्टफोन के इस्तेमाल से जुड़े कानून के लिए बनाई गई कमेटी ने 13 साल तक के बच्चों के लिए डिजिटल डिवाइस के इस्तेमाल को नियंत्रित करने की सलाह दी है।

# उपराष्ट्रपति ने विपक्ष व मंत्री को आड़े हाथ लिया

## धनखड़ बोले–किसानों के मुद्दे का विपक्ष कर रहा है राजनीतिकरण, किसान संकट में हैं और वे आन्दोलन कर रहे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** किसानों के आंदोलन को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को मोदी सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह को खरी-खरी सुनाई तो वही विपक्ष को भी आड़े हाथ लिया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान (आईसीआर) जैसी प्रमुख संस्था की मौजूदगी के बावजूद किसान संकट में है और वे आन्दोलन कर रहे हैं। यह स्थिति देश के लिए अच्छी नहीं है। किसानों को हल्के में लेने सरकार को भारी पड़ेगा।

विपक्ष ने मांग की कि किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग पूरी की जानी चाहिए और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। विपक्ष के अपनी मांग पर कायम रहने के बावजूद धनखड़ ने कहा कि विपक्ष केवल मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है और नाटक कर रहा है। मगरमच्छ के आंसुओं से किसानों का हित नहीं पूरा होगा। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र की शुरुआत के बाद से नियम 267 के तहत दायर कोई भी नोटिस किसानों के मुद्दों से संबंधित नहीं है।

राज्यसभा के सभापति और उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने बुधवार को किसान विरोध का मुद्दा उठाने की विपक्ष की मांग पर आपत्ति जताई और दावा किया कि वे इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने इस मांग को मगरमच्छ के आंसू करार दिया, जिससे विपक्षी नेताओं का एक वर्ग सदन से बाहर चला गया। सदन की बैठक शुरू होते ही धनखड़ ने कहा कि वह तमिलनाडु में चक्रवात, किसानों, अडानी समूह के खिलाफ आरोपों और उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा जैसे मुद्दों को उठाने के लिए चर्चा के लिए नोटिस स्वीकार नहीं कर सकते।

विपक्ष ने मांग की कि किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग पूरी की जानी चाहिए और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। विपक्ष के अपनी मांग पर कायम रहने के बावजूद धनखड़ ने कहा कि विपक्ष केवल मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है और नाटक कर रहा है।

मगरमच्छ के आंसुओं से किसानों का हित नहीं पूरा होगा। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र की शुरुआत के बाद से नियम 267 के तहत दायर कोई भी नोटिस किसानों के मुद्दों से संबंधित नहीं है। इसके बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के विधायक नारेबाजी करते हुए सदन के वेल के पास जमा हो गए। कांग्रेस सदस्यों ने मंगलवार को धनखड़ की टिप्पणियों का हवाला देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूछा कि क्या किसानों से कोई वादा किया गया था और इसे पूरा क्यों नहीं किया गया।



### आप विधायक बाल्यान जमानत मिलने के बाद फिर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान को जमानत मिलते ही दिल्ली पुलिस ने बुधवार को फिर गिरफ्तार कर लिया। उन्हें मकोका मामले में गिरफ्तार किया गया है। उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बाल्यान को राउज एवेन्यू कोर्ट से क्राइम ब्रांच ऑफिस ले जाया जा रहा है।

बुधवार को ही उन्हें जबरन वसूली मामले में जमानत मिली थी। दरअसल, 30 नवंबर को क्राइम ब्रांच ने नरेश बाल्यान को 2023 के जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया था। इसी दिन भाजपा ने बाल्यान का एक ऑडियो क्लिप जारी किया था। भाजपा का कहना है कि नरेश का संबंध गैंगस्टर से है और वह वसूली गैंग चलाते हैं। वो हवाला के जरिए पैसों का लेनदेन करते हैं। बाल्यान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स में अमित के पोस्ट को रिट्वीट किया।

### छुट्टी पर गए सैनिक को आतंकियों ने गोली मारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा के त्राल इलाके में बुधवार शाम आतंकियों ने छुट्टी पर आए सैनिक पर गोलियां चलाईं, जो उसके पैरे में लगीं। सैनिक देलहीर मुश्ताक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका घर त्राल के सोफीगुंड में है। इस घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी करके आतंकवादियों को सर्च कर रही है।

### जांच कर रहे पैनल को रिपोर्ट पेश करने का और समय

**इंफाल।** केंद्र सरकार ने बुधवार को मणिपुर हिंसा की जांच कर रहे पैनल को उनकी रिपोर्ट पेश करने का समय 6 महीने और बढ़ा दिया। अब 3 सदस्य वाले पैनल को 20 मई 2025 तक अपनी रिपोर्ट देनी है।

# लोकसभा में बैठने की व्यवस्था से सांसद नाखुश

## सपा ने नई संसद में बैठने की नई व्यवस्था को लेकर कांग्रेस को ठहराया जिम्मेदार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में सीटिंग अरेंजमेंट पर बुधवार को कई सांसदों ने हंगामा किया। ज्यादातर सांसद कांग्रेस पार्टी से नाराज हैं। सपा ने नई संसद में बैठक की नई व्यवस्था को लेकर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया।

बैठने की नई व्यवस्था से पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, पार्टी सांसद डिंपल यादव और अवधेश प्रसाद आठवें ब्लॉक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ आगे की सीटों पर बैठते थे। नई व्यवस्था में अखिलेश यादव को कांग्रेस नेताओं से दूर छठवें ब्लॉक की पहली पंक्ति में जगह दी गई है। इसी पंक्ति में टीएमसी सांसद सुदीप बंधोपाध्याय को भी बैठाया गया है।

बताया जाता है कि कांग्रेस से जुड़े नेताओं ने माना है कि नई व्यवस्था को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस को ही जिम्मेदार ठहराया है। बताया गया कि जब 3 दिसंबर को अखिलेश यादव लोकसभा पहुंचे तो उन्हें तंज भरे लहजे में कहा- 'थैंक्यू कांग्रेस'. इसके बाद देखा गया कि केसी वेणुगोपाल अखिलेश यादव के पास पहुंचे और उन्होंने इशारा किया कि अखिलेश यादव उनकी जगह राहुल गांधी के बगल में बैठ सकते हैं। यादव ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। एक वरिष्ठ पत्रकार ने इस पूरे मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के मुताबिक, 3 दिसंबर को टीडीपी सांसद मंगूता रेड्डी ने अपने सीटिंग अरेंजमेंट को लेकर नाराजगी जताई. कहा कि नई व्यवस्था के तहत उन्हें आठवीं पंक्ति में सीट दी गई है, वो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पास पहुंच गए। बिरला ने कहा कि कोई भी सदस्य संसद की कामकाजी व्यवस्था पर सवाल नहीं उठाएगा। अगर उन्हें किसी बात से दिक्कत है तो वो या तो लोकसभा अध्यक्ष के चैंबर में आएं या फिर अपनी शिकायत संसदीय कामकाज को देखने वाले मंत्रालय तक पहुंचाएं।



लोकसभा के सीटिंग अरेंजमेंट की बात करें तो यहां आठवें ब्लॉक का महत्व बहुत ज्यादा है। यह ब्लॉक लोकसभा अध्यक्ष के चैंबर की बाईं तरफ पहले नंबर पर पड़ता है। इसी ब्लॉक में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बैठते हैं, जहां से उनका सामना सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होता है और ट्रेजरी बेंचों वाले केंद्रीय मंत्री भी उनके सामने रहते हैं। इसी ब्लॉक में राहुल गांधी के साथ कांग्रेस पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल और डीएमके सांसद टी आर बालू बैठते हैं।

### दरगाह की सुरक्षा के लिए एटीएस के कमांडो तैनात

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स पर दरगाह शरीफ और आसपास की सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखने के उद्देश्य से अजमेर दरगाह थाना पुलिस की मौजूदगी में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के कमांडो दल ने दरगाह का बारीकी से निरीक्षण करके सुरक्षा इंतजामों को देखा और सुरक्षा उपायों पर मंथन किया ।

ख्वाजा साहब के सालाना उर्स का झंडा 28 दिसम्बर को चढ़ेगा और रजब का चांद दिखाई देने पर 31 दिसम्बर अथवा एक जनवरी 2025 से विधिवत उर्स की शुरुआत होगी। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियां काफी सतर्क हैं। दरगाह थाना पुलिस के साथ एटीएस कमांडो दल ने दरगाह के सभी प्रवेशद्वार और परिसर के भीतरी हिस्सों का निरीक्षण किया।

# दिसंबर के अंत तक रेलगाड़ियों में हजार जनरल कोच जोड़े जाएंगे

» 1,300 स्टेशनों का किया जा रहा पुनर्निर्माण

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रेलगाडियों में अब जनरल डिब्बों की कमी नहीं होगी। जनरल डिब्बों की कमी के कारण यात्रियों को खासी परेशानी होती थी। इस समस्य से निजात पाने के लिए रेलवे इस साल के अंत तक ट्रेनों में हजार सामानन्य डिब्बे जोड़े जाएंगे। यह जानकारी बुधवार को लोकसभा में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। ट्रेनों में जनरल कोच की कमी के कारण काफी यात्री यात्रा नहीं कर पाते हैं। ये समस्या सालों से चलती आ रही है। अब सरकार इस समस्या से निपटने की तैयारी कर रही है।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि रेलवे अपने बेड़े में एसी1, एसी2 या एसी3 के बजाय जनरल डिब्बे वाले कोच बढ़ाने पर अधिक ध्यान दे रहा है और दिसंबर के अंत तक ऐसे 1,000 कोच विभिन्न ट्रेनों में जोड़े जाएंगे।

रेल मंत्री ने संसद में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि जनरल कोच बढ़ाने पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। एसी1, एसी2 या एसी3 बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दिसंबर के अंत तक रेलवे नेटवर्क में 1,000 जनरल कोच जोड़े जाएंगे और 10,000 जनरल कोच के उत्पादन के लिए विशेष कदम उठाया गया है।

# आरबीआई ने ₹5000 तक बढ़ाई यूपीआई लाइट वॉलेट की लिमिट

» छोटी राशि के डिजिटल भुगतान के लिए दी सुविधा

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को यूपीआई लाइट वॉलेट लिमिट को 5000 रुपये और प्रति लेन-देन की लिमिट 1000 रुपये तक बढ़ा दिया। इसका मकसद मोबाइल फोन के माध्यम से तत्काल भुगतान की प्रणाली को और अधिक बढ़ावा देना है।

केंद्रीय बैंक ने यूपीआई लाइट वॉलेट लिमिट को 5000 रुपये और प्रति लेन-देन की लिमिट 1000 रुपये तक बढ़ा दिया है। इसका मकसद मोबाइल फोन के जरिए तत्काल भुगतान की प्रणाली को और अधिक बढ़ावा देना है। यूपीआई लाइट से पैसे का लेन-देन ऑफलाइन होते हैं। यानी इन लेन-देन में अतिरिक्त सुरक्षा प्रमाण की जरूरत नहीं होती और लेन-देन की जानकारी रियल टाइम में नहीं भेजी जाती। अब तक ऑफलाइन लेन-देन की सीमा 500 रुपये थी व एक भुगतान उपकरण पर कुल ऑफलाइन लेन-देन की सीमा दो हजार रुपये थी। आरबीआई ने बुधवार को ऑफलाइन ढांचे में संशोधन किया, ताकि छोटी राशि के डिजिटल भुगतान को ऑफलाइन मोड में सुगम बनाया जा सके। आरबीआई ने कहा यूपीआई लाइट के लिए बढ़ी लिमिट हजार रुपये प्रति लेन-देन होगी और कुल लिमिट 5000 रुपये होगी।

### रेणुका जी डैम का निर्माण शीघ्र, मिलेगा लाभ

**नाहन।** दिल्ली की प्यास बुझाने के मकसद से हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला के श्री रेणुकाजी में गिरि नदी में प्रस्तावित रेणुका की बांध का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीदें परवान चढ़नी शुरू हो गई हैं। पर्यावरण मंत्रालय की ओर से फोरेस्ट क्लीयरेंस को लेकर जो आपत्तियां लगाई गई थी, उन आपत्तियों को एचपीपीसीएल ने लगभग क्लीयर कर दिया है। इतना ही नहीं कार्पोरेशन की ओर से इसकी रिपोर्ट बनाकर पर्यावरण मंत्रालय को भी भेज दी गई है। सीडब्ल्यूसी की ओर से डिजाइन कंसलटेंसी जल्द ही बांध निर्माण को लेकर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कसलटेंट को नियुक्ति की जाएगी। कंसलटेंट के नियुक्त होते ही अंतिम डिजाइन पर मुहर लगने के बाद पहले फेज के निर्माण के लिए ग्लोबल टेंडर आमंत्रित होंगे।

# सरकारी नौकरियों में लद्दाख के लोगों को 50 फीसद आरक्षण

» लेह–कारगिल लोकसभा सीट पर फैसला जनगणना के बाद वांगचुक कर चुके आंदोलन

**एजेंसी**

**लेह।** लद्दाख की सरकारी नौकरियों के लिए लद्दाख के लोगों को 50 फीसद आरक्षण देने के लिए केंद्र सरकार राजी हो गई है। लद्दाख से निर्दलीय सांसद हनीफा जन ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। हनीफा जन ने कहा, ''केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिसमें आरक्षण को लेकर फैसला लिया गया। इस फैसले की डिटेल्स अगली मीटिंग में फाइनल होगी, जो 15 जनवरी को होगी। गृह मंत्रालय ने कहा कि लेह और कारगिल की अलग-अलग लोकसभा सीट पर फैसला जनगणना के बाद किया जाएगा।''

दरअसल, 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया था, जिसमें से एक लद्दाख था। इसके बाद 2 संगठन- केडीए और एलएपी ने लद्दाख के लोगों के लिए ऑटोनॉमी की मांग की। स्थानीय लोगों के लिए नौकरी में आरक्षण और लेह-कारगिल के लिए एक-एक संसदीय सीट की मांग के लिए कई आंदोलन हुए। लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने और लद्दाख में संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की भी मांग रखी गई।

# 117 करोड़ की साइबर ठगी पर सीबीआई का छापा

## धोखाधड़ी वाले लेनदेन में शामिल 3,295 भारतीय बैंक खातों की पहचान की गई

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 117 करोड़ रुपये से जुड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर-सक्षम वित्तीय धोखाधड़ी की चल रही जांच के सिलसिले में बुधवार को दिल्ली और आसपास के इलाकों में 10 स्थानों पर तलाशी ली। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि अज्ञात संगठित साइबर अपराधी और संदिग्ध विदेशी कलाकार पूरे भारत में व्यवस्थित वित्तीय धोखाधड़ी में लगे थे।

सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि अब तक की जांच से पता चला है कि विदेशों से काम करने वाले धोखेबाज भारत में पीड़ितों को निशाना बनाने के लिए वेबसाइट, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। वे अंशकालिक नौकरी घोटालों, कार्य-आधारित धोखाधड़ी और प्रारंभिक निवेश पर उच्च रिटर्न के वादे के माध्यम से व्यक्तियों को लुभाते हैं। पीड़ितों द्वारा जमा की गई धनराशि को उनके मूल को अस्पष्ट करने के लिए 'खच्चर खातों' के नेटवर्क के माध्यम से तुरंत स्थानांतरित कर दिया जाता है।




इन फंडों को अंततः एटीएम के माध्यम से विदेशों में निकाल लिया जाता है या फिनटेक प्लेटफॉर्म जैसे 'पीवाईपीएल' पर वॉलेट टॉप-अप के लिए उपयोग किया जाता है, जिसे अंतरराष्ट्रीय भुगतान नेटवर्क द्वारा सुविधा प्रदान की जाती है, जिसे अक्सर पीओएस लेनदेन के रूप में छिपाया जाता है। 1 जनवरी, 2023 से 17 अक्टूबर, 2023 के बीच राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज 3,903 शिकायतों के विश्लेषण से पता चला कि जालसाजों ने लगभग 117 करोड़ रुपये की हेराफेरी की। ये धनराशि मुख्य रूप से दुबई और अन्य संयुक्त अरब अमीरात स्थानों से निकाली गई थी।

### ट्रम्प के राष्ट्रपति बनते ही देश छोड़ेंगे फाउंडर

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद की शपथ बाद लिंक्डइन के को-फाउंडर रीड हॉफमैन अमेरिका छोड़ सकते हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक हॉफमैन को डर है कि राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना सकते हैं। दरअसल राष्ट्रपति चुनाव के दौरान हॉफमैन ने कमला हैरिस का समर्थन किया था। उन्होंने प्रचार के लिए कमला की डेमोक्रेटिक पार्टी को 10 मिलियन डॉलर की मदद दी थी।

हॉफमैन ने यहां तक कह दिया था कि वे चाहते थे कि जब ट्रम्प की हत्या की कोशिश हुई तो उन्हें मर जाना चाहिए था। ट्रम्प के खिलाफ न्यूयॉर्क मैगजीन की लेखिका ई. जीन कैरोल ने 2019 में मानहानि का मुकदमा दायर किया था। इस केस में भी हॉफमैन ने ट्रम्प के खिलाफ कैरोल की आर्थिक मदद की थी।

**खुलासा** सर्वे रिपोर्ट में कहा गया कि नवंबर में परीक्षण के दौरान हरिद्वार में गंगा का पानी बी श्रेणी का पाया गया

# पीने लायक नहीं रह गया है हरिद्वार का गंगाजल

**एजेंसी**

**देहरादून।** देश में पेयजल का मुददा एक ज्वलंत समस्या बन गई तो वहीं हरिद्वार में गंगाजल पीने लायक की नहीं रह गया है। हरिद्वार से श्रद्धालु गंगानदी से पानी बोतलों और केन में भरकर इसलिए लाते है कि वह शुद्ध है और इसका उपयोग वर्षों तक धार्मिक कार्यों में किया जा सके परन्तु अब गंगाजल शुद्ध नहीं रहा। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि गंगाजल अब पीने लायक नहीं रह गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो बैक्टीरिया गंगा जल को शुद्ध बनाते थे उनकी संख्या कम होती जा रही है।

उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हरिद्वार में गंगा नदी का पानी बी श्रेणी में पाया गया है। पीने के लिए ये पानी सुरक्षित नहीं माना जा सकता है। हालांकि इस पानी का उपयोग नहाने के लिए किया जा सकता है। गौरतलब है कि उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हर महीने हरिद्वार के आसपास करीब आठ स्थानों पर गंगा के पानी की जांच करता है। हाल ही में किए गए परीक्षण के दौरान नवंबर महीने के लिए गंगा नदी का पानी 'बी' श्रेणी का पाया गया। नदी के पानी को पाँच श्रेणियों में बांटा गया है, जिसमें 'ए' सबसे कम जहरीला है, जिसका मतलब है कि पानी को कीटाणुरहित करने के बाद पीने के स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

एएनआई से खास बातचीत में यूकेपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया, 'केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पानी की गुणवत्ता को पांच श्रेणियों में बांटा है। चार मापदंडों (पीएच, घुलित ऑक्सीजन, जैविक ऑक्सीजन और कुल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया) के आधार पर गंगा की गुणवत्ता 'बी' श्रेणी में पाई गई है। इसका मतलब है कि गंगा का पानी नहाने के लिए उपयुक्त है।' स्थानीय पुजारी उज्ज्वल पंडित ने भी जल प्रदूषण में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मानव मल के कारण गंगा जल की शुद्धता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा, केवल गंगाजल से स्नान करने से हमारे शरीर के रोग दूर हो जाते हैं। इससे कैंसर जैसी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। हमारा दावा है कि अगर आप अभी गंगाजल लें और 10 साल बाद इसकी जांच करें तो आपको इसमें कोई अशुद्धता नहीं मिलेगी। गंगाजल की शुद्धता के बारे में जो भी बात सामने आ रही है वह मानव मल के कारण है और हमें इसे बदलने की जरूरत है। इस बीच, भारत की नदी निकायों, विशेषकर दिल्ली में यमुना नदी में प्रदूषण पिछले कुछ वर्षों से गंभीर चिंता का कारण रहा है। एक दिसंबर को नदी की सतह पर जहरीले झाग की एक मोटी परत तैरती देखी गई, जिससे संभावित स्वास्थ्य जोखिम के बारे में चिंताएं बढ़ गईं।



### पेयजल संकट का मुद्दा उठा राज्यसभा में

भारतीय जनता पार्टी के डॉ. के. लक्ष्मण ने बुधवार को राज्यसभा में देश में पेयजल के संकट का मुद्दा उठाया और इसके समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की। डॉ. लक्ष्मण ने सदन में शून्यकाल के दौरान 'सभापति की अनुमति से उठाए गए मुद्दे' के अंतर्गत कहा कि देश में करोड़ों लोग पेयजल की आपूर्ति से दूर है। इससे उनके स्वास्थ्य को भी खतरा पैदा हो गया है। सरकार को इस पर तत्काल ध्यान देना चाहिए और जल संचयन की व्यवस्था करनी चाहिए। भाजपा के मदन राठौड़ ने मादक पदार्थों और युवा पीढ़ी पर उसके प्रभाव का मामला उठाया।

### नमामि गंगे परियोजना की जांच की मांग

समाजवादी पार्टी के सनातन पांडे ने बुधवार को गंगा नदी को स्वच्छ बनाने से संबंधित नमामि गंगे परियोजना के तहत समुचित कार्य न होने और गंगा सफाई से जुड़े पूरे मामले की जांच के लिये एक समिति बनाने की मांग की। पांडे ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान यह मामला उठाते हुये कहा कि इस परियोजना के शुरू हुये 10 वर्ष बीत गये हैं। यह परियोजना गंगा नदी की पवित्रता और स्वच्छता के सवाल को लेकर शुरू की गयी थी, लेकिन इतना समय बीत जाने के बावजूद भी गंगा नदी स्वच्छ और पवित्र नहीं हो सकी है।

### पूर्व मंत्री चटर्जी को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट में बधुवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी से जुड़े ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने चटर्जी को जमकर फटकार लगाई। चटर्जी के वकील मुकुल रोहतगी ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच से चटर्जी को जमानत देने की मांग की। मुकुल ने दलील देते हुए कहा- चटर्जी को छोड़कर इस मामले के सभी आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, एक हफ्ते पहले भी एक आरोपी को जमानत मिली थी। चटर्जी 2.5 साल से जेल में हैं।'

इस पर बेंच ने कहा- पार्थ चटर्जी को दूसरे आरोपियों के जैसे होने का दावा करने में थोड़ी शर्म आनी चाहिए, क्योंकि वे सभी इसके कारण ही आरोपी हैं। हर कोई मंत्री नहीं होता। पहली बात तो ये कि आप भ्रष्ट व्यक्ति हैं। आपके घर से करोड़ों रुपए बरामद हुए हैं।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **एसोसिएट एडिटर-** मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com